P-01:28 paga09_jhn.qxd 10/27/2025 7:18 PM Page 1

www.uttambharatnews.com
RNI No. DELHIN/2017/75336
email:-uttambharat05@gmail.com

कार्तिक शुक्ल पक्ष सप्तमी, विक्रम संवत् 2082


वर्ष: 09 अंक: 279
नई दिल्ली
मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025
मूल्य: 3.00 पृष्ठ: 12

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली व हरियाणा से प्रकाशित • चंडीगढ़ • उत्तर प्रदेश • मध्यप्रदेश • उत्तराखंड • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • छत्तीसगढ़ • जम्मू कश्मीर से प्रसारित




03 मदनलाल खुराना का योगदान दिल्ली के इतिहास ...
06 शिक्षित वर्ग में जातीय पूर्वाग्रह का स्थायित्व
एशिया जूनियर बैडमिंटन में भारत का... 12

## डिजिटल अरेस्ट लोगों के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक: राष्ट्रपति मुर्मू



शैलेन्द्र शर्मा

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** रराष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि प्रौद्योगिकी की वजह से पुलिस प्रणाली में काफी बदलाव आया है और डिजिटल अरेस्ट लोगों के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक बन गया है।

राष्ट्रपति भवन में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि लोगों, विशेष रूप से पिछड़े लोगों को पुलिस को समर्थन के एक स्रोत के रूप में देखना चाहिए और उससे डरना नहीं चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत विश्व में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और हमें अपनी आर्थिक प्रगति को बनाए रखने व तेज करने के लिए बड़े पैमाने पर सार्वजनिक और निजी निवेश की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, किसी भी राज्य या क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए कानून-व्यवस्था एक आवश्यक पूर्व-शर्त है। निवेश और विकास को बढ़ावा देने में प्रभावी पुलिसिंग आर्थिक प्रोत्साहन जितनी ही महत्वपूर्ण है।

**✔ मुर्मू ने कहा कि प्रौद्योगिकी ने पुलिसिंग के क्षेत्र को काफी हद तक बदल दिया है। उन्होंने कहा, लगभग 10 साल पहले, डिजिटल अरेस्ट शब्द को समझना असंभव होता। आज, यह लोगों के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक है। डिजिटल अरेस्ट का अर्थ भय, छल और धमकी का इस्तेमाल करके पीड़ितों से पैसे ऐंठना होता है।**

मुर्मू ने कहा कि युवा अधिकारियों के नेतृत्व में भविष्य के लिए तैयार पुलिस बल विकसित भारत के निर्माण में बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा।

मुर्मू ने कहा कि प्रौद्योगिकी ने पुलिसिंग के क्षेत्र को काफी हद तक बदल दिया है। उन्होंने कहा, लगभग 10 साल पहले, डिजिटल अरेस्ट शब्द को समझना असंभव होता। आज, यह लोगों के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक है। डिजिटल अरेस्ट का अर्थ भय, छल और धमकी का इस्तेमाल करके पीड़ितों से पैसे ऐंठना होता है।

मुर्मू ने यह भी कहा कि भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सबसे अधिक उपयोगकर्ता हैं और इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा, इसका असर पुलिस व्यवस्था पर भी पड़ेगा। आपको एआई समेत नई तकनीकों को अपनाने में उन लोगों से कई कदम आगे रहना होगा जो इन तकनीकों का गलत इरादे से इस्तेमाल करते हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी सरदार पटेल की 150वीं जयंती समारोह का नेतृत्व करेंगे

## यह समारोह 'भारत के लौह पुरुष' की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है


**उत्तम भारत संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को गुजरात के नर्मदा जिले के एकता नगर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह का नेतृत्व करेंगे, जहां देश के पहले गृह मंत्री की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी स्थापित है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में एक सांस्कृतिक महोत्सव तथा सुरक्षा बलों के अपने कौशल, अनुशासन और वीरता का प्रदर्शन करने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस परेड को शामिल किया गया है। यह समारोह भारत के लौह पुरुष की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

बयान में कहा गया है, राष्ट्रीय एकता दिवस भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता का प्रतीक है। इस वर्ष का समारोह कुछ ज्यादा ही खास है, क्योंकि यह सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित किया गया है।

इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने नागरिकों से 31 अक्टूबर को इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी में शामिल होने का आग्रह किया है, जो देशवासियों को स्वतंत्र भारत के निर्माण में पटेल द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है, जिसने एक आधुनिक राष्ट्र की नींव रखी।



बयान में कहा गया है कि मोदी सरकार राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने और उसे मजबूत करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए 2014 से 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाती आ रही है। पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नाडियाड में हुआ था।

इस वर्ष की राष्ट्रीय एकता दिवस परेड में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के साथ-साथ असम, त्रिपुरा, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, जम्मू कश्मीर, केरल, आंध्र प्रदेश और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की टुकड़ियां शामिल होंगी।

बयान में कहा गया है कि परेड में घुड़सवार और ऊंट सवार दस्ते, देशी नस्ल के श्वान को शामिल किया जाएगा तथा विभिन्न मार्शल आर्ट और निहत्थे युद्ध अभ्यास का प्रदर्शन किया जाएगा।

इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री को दिये जाने वाले गार्ड ऑफ ऑनर का नेतृत्व एक महिला अधिकारी करेंगी, जबकि सीआईएसएफ और सीआरपीएफ की महिला कर्मी मार्शल आर्ट और निहत्थे युद्ध अभ्यास का प्रदर्शन करेंगी, जो देश की बेटियों की ताकत और साहस को प्रदर्शित करेगा।

परेड में बीएसएफ के भारतीय नस्ल के श्वान का एक मार्चिंग दस्ता, गुजरात पुलिस का घुड़सवार दस्ता, असम पुलिस का मोटरसाइकिल डेयरडेविल शो, और बीएसएफ का ऊंट दस्ता और ऊंट-सवार बैंड भी शामिल होगा।

बयान के अनुसार, इसके अलावा, देशी नस्ल के श्वान रामपुर हाउंड और मुधोल हाउंड भी अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

श्वान दस्ते का नेतृत्व मुधोल नस्ल की रिया करेगी, जिसने हाल ही में आयोजित अखिल भारतीय पुलिस श्वान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

बयान में कहा गया है कि एनसीसी कैडेट और स्कूल बैंड, समारोह की भव्यता में चार चांद लगाएंगे।

बयान में कहा गया है कि एक अन्य विशेष आकर्षण भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण टीम का एयर शो होगा, जबकि विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियां विविधता में एकता के संदेश का प्रसार करेंगी।

परेड में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), गुजरात, जम्मू कश्मीर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, मणिपुर, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और पुडुचेरी की 10 झांकियां शामिल होंगी।

बयान में कहा गया है कि इस कार्यक्रम में सीआरपीएफ के पांच शौर्य चक्र विजेता और बीएसएफ के 16 वीरता पदक विजेता भी शामिल होंगे, जिन्होंने झारखंड में नक्सल रोधी अभियानों, जम्मू कश्मीर में आतंकवाद रोधी कार्रवाइयों और पश्चिमी सीमा पर ऑपरेशन सिंदूर में असाधारण साहस का परिचय दिया है।

संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में 900 कलाकार भारत की समृद्ध विविधता को प्रदर्शित करेंगे।

एकता नगर में 1 नवंबर से 15 नवंबर तक भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न राज्यों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम और खाद्य महोत्सव होंगे।

बयान में कहा गया है कि यह महोत्सव 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगा, जिसमें भारत के आदिवासी समुदायों की गौरवशाली संस्कृति और जीवटता को प्रदर्शित किया जाएगा।

## भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है छठ महापर्व: रेखा गुप्ता


**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली पहली बार छठ महापर्व को इतनी भव्यता और श्रद्धा के साथ मना रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने हर व्रती और श्रद्धालु के लिए सुगम, सुरक्षित और दिव्य वातावरण सुनिश्चित किया है।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को एक्स पोस्ट में कहा कि आज यमुना तट न केवल पूर्वांचल की आस्था से आलोकित है, बल्कि दिल्ली के बदलते स्वरूप का प्रतीक भी बना है। छठ का प्रसाद हमारी संस्कृति की सबसे सुंदर अभिव्यक्तियों में से एक है। डाला में जब माताएं-बहनें स्नेह से प्रसाद सजाती हैं तो वह क्षण भक्ति, संयम और समर्पण का जीवंत प्रतीक बन जाता है। छठ का प्रसाद सिर्फ अन्न नहीं, आस्था का अंश है जो हर घर में शांति, संतोष और मंगल का संदेश लेकर आता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने यमुना की स्वच्छता को आस्था और संकल्प का आंदोलन बनाया है। परंपरागत नालों को टैप कर गंदे पानी को सीधे नदी में जाने से रोका गया है। पुराने एसटीपी का पुनरुद्धार किया गया और नई अत्याधुनिक एसटीपी



परियोजनाएं तेजी से बन रही हैं। दशकों बाद दिल्ली को एक नया ड्रेनेज सिस्टम मिला है। यमुना हमारी पहचान है और उसकी स्वच्छता के लिए हम योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं।

## आवारा कुत्तों का मामला: न्यायालय ने राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को तलब किया



**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के अलावा अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को तीन नवंबर को अदालत में उपस्थित होकर यह बताने का निर्देश दिया कि आवारा कुत्तों के मामले में अनुपालन हलफनामा क्यों नहीं दाखिल किया गया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की तीन सदस्यीय विशेष पीठ ने कहा कि केवल दिल्ली नगर निगम और पश्चिम बंगाल तथा तेलंगाना राज्यों ने ही शीर्ष अदालत के 22 अगस्त के आदेश के अनुपालन में अपने हलफनामे दाखिल किए हैं। पीठ ने अनुपालन हलफनामा दाखिल न करने के लिए अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की आलोचना करते हुए कहा कि 22 अगस्त के हलफनामे में सब कुछ कहा गया था। पीठ आवारा कुत्तों से संबंधित एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी। उच्चतम न्यायालय ने 22 अगस्त को आवारा कुत्तों के मामले का दायरा दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से आगे बढ़ाते हुए निर्देश दिया था कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस मामले में पक्षकार बनाया जाए। शीर्ष अदालत ने 22 अगस्त के अपने आदेश में दिल्ली-एनसीआर में टीकाकरण किए गए आवारा कुत्तों को बाड़ों से बाहर छोड़ने पर रोक लगाने के अपने पहले के निर्देश को संशोधित किया था और कुत्तों को नसबंदी तथा कृमि-मुक्त करने के बाद छोड़ने का आदेश दिया था। उसने अपने पहले के आदेश को बहुत कठोर बताया था।

## मुख्यमंत्री धामी ने राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय, तपोवन में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया



**उत्तम भारत संवाददाता, देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय, तपोवन में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से पूरे देश में आयोजित हो रहा सांसद खेल महोत्सव, खेल प्रतिभाओं को गाँव से राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का बड़ा अभियान है। उत्तराखंड में खेल महोत्सव तीन अलग-अलग चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य फिट इंडिया-स्पोर्ट्स इंडिया-स्ट्रॉन्ग इंडिया के संदेश को गाँव-गाँव तक पहुंचाने के साथ ही स्थानीय, पारंपरिक और लोक खेलों को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत खेलों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है तथा वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। राज्य सरकार भी प्रदेश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। राज्य में आयोजित हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर इतिहास रचते हुए राज्य का गौरव बढ़ाने का कार्य किया। आज उत्तराखंड विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में भी देश के प्रमुख राज्यों में गिना जाने लगा है। स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान के अंतर्गत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी। इन अकादमियों में प्रत्येक वर्ष 920 विश्वस्तरीय एथलीट और 1000 अन्य खिलाड़ी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी में उत्तराखंड का प्रथम खेल विश्वविद्यालय एवं लोहाघाट में एक महिला स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश में खेलों के समग्र विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नई खेल नीति भी लागू की गई है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री खेल विकास निधि, मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना तथा खेल किट योजना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य के उभरते हुए युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड खेल रत्न पुरस्कार और हिमालय खेल रत्न पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों की योग्यता को भी सम्मानित किया जा रहा है। राजकीय सेवाओं में खिलाड़ियों के लिए 4 प्रतिशत खेल कोटे को पुनः लागू किया गया है, जिससे हमारे खिलाड़ियों के परिश्रम और कौशल को उचित अवसर और सम्मान मिल सके। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## स्थानीय कलाकारों को मिले अधिक मौका: योगी

**उत्तम भारत संवाददाता, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के उपरांत सोमवार को फिर जनता दर्शन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के कई जनपदों से आए हर पीड़ित से मुलाकात की, उनके पास पहुंचकर समस्या सुनी, फिर अफसरों को निर्देश दिया कि निश्चित समयावधि में उचित निस्तारण कराएं। पीड़ितों से फीडबैक भी लें।

इस दौरान लगभग 50 से अधिक पीड़ितों ने अपनी समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। फरियादियों से मिलने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आपकी सेवा ही सरकार की प्राथमिकता है।

जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि सरकारी जमीनों पर कब्जा किया गया है। इस पर सीएम योगी ने इसकी जांच कर तत्काल कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। वहीं एक पीड़ित ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल से एस्टिमेट बनवाने को कहा।



उन्होंने कहा कि धन के अभाव में किसी पीड़ित का इलाज अधूरा नहीं रहेगा। सरकार हर जरूरतमंद के इलाज की व्यवस्था के लिए खड़ी है।

जनता दर्शन में एक महिला कलाकार भी पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री से बताया कि वे लोकगीत कलाकार हैं। उन्हें सांस्कृतिक कार्यक्रम करना है। मंच दिला दीजिए। इस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल उन्हें कार्यक्रम दिलाने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर जनपद में लोक कलाओं को प्राथमिकता दे रही है।

हर जगह अनेक आयोजन भी कराए जाते हैं। इसमें पंजीकृत व अधिक से अधिक स्थानीय कलाकारों को मौका मिले।

इस दौरान पुलिस से जुड़े मामले भी आए। कई लोगों ने पारिवारिक मामले को लेकर भी मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी शिकायत रखी। पुलिस से जुड़े मामलों पर मुख्यमंत्री ने इसे दिखवाने और पीड़ितों की समस्या का समाधान कराने का निर्देश दिया।

दूसरी ओर, मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जन-जन की समृद्धि एवं खुशहाली हेतु प्रतिबद्ध सीएम योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जनपदों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ जनसमस्याओं के निराकरण हेतु निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री श्री साय ने पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष स्वर्गीय श्री बनवारी लाल अग्रवाल को दी श्रद्धांजलि

**उत्तम भारत संवाददाता, रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज कोरबा के अग्रसेन भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष स्वर्गीय श्री बनवारी लाल अग्रवाल की पगड़ी रस्म कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्वर्गीय अग्रवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय श्री बनवारी लाल अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा अग्रवाल एवं उनके परिवार के लोगों से भेंट कर उन्हें ढाढस बंधाया और अपनी गहरी संवेदना प्रकट की।

श्री साय ने कहा कि स्वर्गीय श्री बनवारी लाल अग्रवाल का जीवन जनसेवा और समर्पण का प्रतीक था। उन्होंने सदैव कोरबा जिले के विकास और जनता की भलाई के लिए कार्य किया। उनकी सादगी,



विनम्रता और सामाजिक संवेदनशीलता हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगी।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। सभी ने स्वर्गीय अग्रवाल के योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल, श्री महावीर अग्रवाल, श्री बजरंग लाल अग्रवाल, बिहारी लाल अग्रवाल, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण आदि मौजूद रहे।

P-02:28 paga09_jhn.qxd 10/27/2025 9:35 PM Page 1



# 31 अक्टूबर को आयोजित विशाल रैली/यूनिटी मार्च को लेकर डीएम ने की बैठक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, माई भारत के माध्यम से विकसित भारत पदयात्राएँ के आयोजन के संबंध में बैठक हुई संपन्न। 31 अक्टूबर 2025 को विशाल रैली/यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा, जो सेठ बी0एन0 पोद्दार इंटर कॉलेज के ग्राउंड से टैंक चौराहा होते हुए ब्रजरज उत्सव 2025 कार्यक्रम स्थल रेलवे ग्राउंड धौलीप्याऊ तक जाएगी। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जिला युवा अधिकारी अमित कुमार को निर्देश दिए कि सभी माननीय जनप्रतिनिधियों को आयोजन में सादर आमंत्रित किया जाए। एन0सी0सी, एन0एस0एस, स्काउट, प्रांतीय रक्षक दल, मंगल दल, स्कूल व कॉलेज के छात्र छात्राओं को रन फॉर यूनिटी/ यूनिटी मार्च में बुलाते हुए विशाल रैली का आयोजन किया जाए। उन्होंने मिशन शक्ति 5.0 के आयोजनों को भी उक्त कार्यक्रम के साथ जोड़ते हुए आयोजित कराने के निर्देश दिए। नगर निगम के माननीय पार्षदों को उक्त यूनिटी मार्च में जोड़ने के निर्देश दिए।

इस पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। इसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक, सभी मिलकर देश के इतिहास को याद करते हैं और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं। खासकर अमृत पीढ़ी यानी आज के युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

यह भारत सरकार और माई भारत की पहल है, जो लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती को समर्पित है। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। सरदार पटेल जी ने जिस तरह बिखरे हुए भारत को एक भारत बनाया, उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ाएगी। इस अभियान के जरिए युवाओं को एक भारत और आत्मनिर्भर भारत के आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल, कॉलेजों में अलग-अलग प्री-ईवेंट गतिविधियां, जैसे कि निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार पटेल जी के जीवन पर संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन करवाया जाएगा। इसके साथ ही युवाओं के बीच नशामुक्त भारत शपथ, संस्थानों में स्वदेशी मेलों का आयोजन, ÷गर्व से स्वदेशी÷ संकल्प भी दिलवाए जाएंगे। इस दौरान योग एवं हेल्थ शिविरों के साथ क्षेत्र में स्वच्छता अभियान का भी आयोजन होगा। पदयात्रा के दौरान सरदार पटेल जी की प्रतिमा/चित्र पर श्रद्धांजलि, आत्मनिर्भर भारत शपथ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रमाणपत्र वितरण होगा। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, जिला युवा अधिकारी अमित कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति, उपायुक्त उद्योग रामेंद्र कुमार, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# खंभे से टकराई बाइक चालक घायल, जिला अस्पताल रेफर



**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहाबाद।** चंदौसी रोड पर सुबह लगभग 8 बजे सामने एक बाइक सवार की बाइक अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसकी सूचना जैसे ही परिजनों को मिली परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और ई रिक्शा से शाहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। इस्तकार पुत्र मुख्तियार मोहल्ला कानून गोयन शाहाबाद उम्र 18 वर्ष। शाहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर ने गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रामपुर के लिए रेफर कर दिया।

# छठ पूजा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक उल्लास के साथ किया गया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस लाइन, जनपद रामपुर स्थित मंदिर परिसर में छठ पूजा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामपुर, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक, अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण, समस्त आर0टी0सी0 स्टाफ एवं समस्त रिक्रूट महिला आरक्षी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सभी श्रद्धालुओं द्वारा सूर्य देव एवं माता षष्ठी को अर्घ्य अर्पित कर आराधना की गई। पूजा स्थल को दीपों एवं पुष्पों से सजाया गया और संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। छठ महापर्व प्राचीन वैदिक काल से जुड़ा हुआ है। यह पर्व सूर्य उपासना का एकमात्र प्रमुख उत्सव है, जिसमें अस्ताचल और उदयाचल दोनों सूर्य की पूजा की जाती है।

माना जाता है कि छठ पूजा की परंपरा त्रेतायुग में भगवान श्रीराम और माता सीता द्वारा अयोध्या लौटने के बाद प्रारंभ हुई थी, जब माता सीता ने कार्तिक शुक्ल षष्ठी के दिन सूर्य देव की उपासना कर परिवार और समाज की समृद्धि की कामना की थी। छठ पर्व चार दिनों तक चलता है – नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और प्रातःकालीन अर्घ्य। इस पर्व में व्रती (उपवास करने वाले) व्यक्ति कठोर संयम, शुद्धता और आत्मसंयम का पालन करते हैं। सूर्य देव को अर्घ्य देने से जीवन में ऊर्जा, स्वास्थ्य, समृद्धि और सकारात्मकता का संचार होता है।

यह पर्व न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि पर्यावरण और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है।

**पुलिस परिवार में श्रद्धा और समरसता का भावः**

पुलिस लाइन परिसर में आयोजित छठ पूजा कार्यक्रम ने धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामूहिक एकता और सौहार्द का संदेश दिया।

पुलिस परिवार के सभी सदस्यों ने एक साथ सूर्य उपासना करते हुए प्रदेश एवं राष्ट्र की उन्नति, जन-कल्याण और आपसी भाईचारे की प्रार्थना की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामपुर ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रद्धालुओं को छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि– छठ पूजा सूर्य देव की आराधना का वह अनुष्ठान है जो हमें निष्ठा, अनुशासन, संयम और प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश देता है। पुलिस परिवार इस पावन पर्व के माध्यम से जनसेवा और मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

# सतर्कता हमारी साझा ज़िम्मेदारी है और हमारे सम्मिलित प्रयास भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाएँगे: जिलाधिकारी




**''मथुरा रिफाइनरी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ**

मथुरा। पूरे देश में 27 अक्टूबर से 02 नवंबर तक पूरे देश में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। इसी क्रम में मथुरा रिफ़ाइनरी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह रहे उन्होंने अपने वक्तव्य से सभी को प्रभावित किया।

इस दौरान सतर्कता सप्ताह के अवसर पर मुख्य अतिथि चंद्र प्रकाश सिंह का स्वागत रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल ने किया।

डीएम सीपी सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी रिफाइनरी कर्मियों और वर्चुअल माध्यम से जुड़े लोगों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। सभी को संबोधित करते हुए उन्होंने इंडियन ऑयल की ईमानदारी और निष्ठा के साथ कारोबार करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि व्यक्तिगत ईमानदारी सतर्कता का सार है और विभिन्न संस्थानों में उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों पर जागरूकता फैलाने और लोगों को ईमानदारी अपनाने के लिए प्रेरित करने की बड़ी ज़िम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि प्रिवेंटिव विजिलेन्स या निवारक सतर्कता संस्थागत ईमानदारी की ओर ले जाती है, जिससे एक भ्रष्टाचार मुक्त समाज का निर्माण होता है और यह एक विकसित राष्ट्र बनने की हमारी राह सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि हमें हर समय सतर्क रहना चाहिए और यह केवल सतर्कता सप्ताह तक ही सीमित नहीं होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अगर हर व्यक्ति अपनी भूमिका प्रभावी और ईमानदारी से निभाए तो भ्रष्टाचार को मिटाया जा सकता है।

इससे पहले, मथुरा रिफ़ाइनरी में श्रीसिंह का स्वागत करते हुए, श्री अग्रवाल ने मथुरा रिफ़ाइनरी के जिलाधिकारी और उनकी टीम से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ज़िला प्रशासन ने मथुरा रिफ़ाइनरी के सभी प्रयासों में हमेशा सहयोग दिया है और उम्मीद है कि भविष्य में भी यह सहयोग जारी रहेगा। श्री अग्रवाल ने अपने आस-पास की हर गतिविधि पर नज़र रखने के लिए सतर्कता अधिकारी के रूप में व्यक्तिगत भूमिका के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का विषय- ÷सतर्कताः हमारी साझा ज़िम्मेदारी÷, वर्तमान परिदृश्य में सबसे उपयुक्त है। सतर्कता किसी एक कार्यालय या अवसर तक सीमित नहीं है; यह एक सतत प्रक्रिया है जो तब फलती-फूलती है जब प्रत्येक व्यक्ति इसकी ज़िम्मेदारी लेता है।

इस अवसर पर सी.पी. सिंह ने सतर्कता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो आस-पास के गाँवों में लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र बनाने के लिए जागरूक और प्रेरित करेगा। इस अवसर पर उन्होंने पौधा रोपण कर हरित भविष्य के लिए भी सभी को प्रेरित किया।

# धागा फैक्ट्री बन्द करने से भड़के मजदूर, गेट पर जमकर नारेबाजी



*** 35 वर्ष से संचालित धागा फैक्ट्री को प्रबन्ध तन्त्र ने अचानक बंद करने का लिया फैसला**

*** आत्म निर्भर बनी 800 महिलाओ के सामने रोजी रोटी का संकट गहराया**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** राजमार्ग पर साढ़े तीन दशक से संचालित शत प्रतिशत धागा निर्यात करने बाली धागा फैक्ट्री को अचानक मिल के प्रबंध तंत्र ने बंद कर दिया। आज सुबह कर्मचारी काम पर आए तो उन्हें कम्पनी में प्रवेश नही करने दिया। जिससे गुस्साए कर्मचारीअपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर कम्पनी के गेट पर नारेबाजी कर धरना पर बैठ गए। जिससे प्रबंध तंत्र में अफरातफरी मच गई। नाराज महिला कर्मचारी कंपनी के एक तरफा फैसला से व्यथित दिखे। समाचार लिखे जाने तक सैकड़ों कर्मचारी गेट पर धरना दे रहे थे।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब 35 वर्ष पूर्व शत प्रतिशत धागा निर्यात करने बाली गिन्नी फिलामेंट कम्पनी की स्थापना हुई थी। जो कि पिछले डेढ़ वर्ष पूर्व गिन्नी फिलामेंट के स्वामी ने राजिस्थान स्पनिंग विबिंग मिल( आरऐसडब्लूएमसी) को बेच दी।

इस कम्पनी में लगभग 3 हजार कर्मचारी 3 शिफ्ट में काम करते थे। जिसमें करीब 750 महिलाओ को रोजगार मिला था। इसके अलाबा करीब 2500 पुरुष कर्मचारी काम करते थे। सूत्रों के अनुसार इस कंपनी में कार्यरत कुछ महिलाऐ तो विधवा,तलाकशुदा, व शराबी पतियों से परेशान होकर अपने परिवार का जीवन यापन कर रही थी। सूत्रों ने बताया है कि नए मिल प्रबन्धन ने आते ही मिल की मशीनरी पुरानी तकनीकी की बताकर घाटा जाने का प्रचार कर मशीन को धीरे धीरे उखाड़ कर राजिस्थान भेजना शुरू कर दिया। और कर्मचारियों को नई मशीन लगाने का भरोसा देते रहे। लेकिन आज अचानक गेट बंद होने से 3 हजार श्रमिकों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया। आज गेट धरना प्रदर्शन करने बाले कर्मचारी मिल प्रबन्धन से तीन माह के सेलरी,जो श्रमिक साढ़े 4 वर्ष काम कर चुके हैं उनको 5 साल की ग्रेच्युटी, 57 वर्ष की आयु पूरी करने बाले श्रमिकों को 58 वर्ष की ग्रेच्युटी सहित 5 मांगो को लेकर धरना दे रहे हैं। नाराज कर्मचारियों को मिल के वाइस प्रसिडेंट मनोज शर्मा ने गेट पर आकर उनकी मांगों को सुना।और प्रबंधन से बात कर 58 वर्ष व 5 वर्ष की ग्रेच्युटी सहित एक माह के वेतन देने की मांग को स्वीकार कर लिया। लेकिन कर्मचारी 3 माह की सैलरी मांग रहे हैं। इस 2 दिन का समय मांगा। लेकिन कर्मचारी तत्काल फैसला लेने के लिए दबाव बना रहे हैं। अभी समझौता न हो सका।

# संस्कृति विवि की छात्राओं को उद्यमी बनने के लिए किया प्रेरित



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय, मथुरा के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स (एसओएमसी) ने एंटरप्रेन्योरियल क्लब के साथ मिलकर ÷महिला उद्यमिता÷ पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता ने कामगार महिलाओं की योग्यताओं पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के दौरान अवान समूह की अवान समूह की लर्निंग एंड डेवलपमेंट प्रमुख सुश्री सुजाता गरिमेला ने आर्थिक विकास को गति देने, नवाचार को बढ़ावा देने और सामाजिक प्रभाव पैदा करने में महिला उद्यमियों की भूमिका पर ज़ोर दिया, साथ ही उन्होंने धन की कमी, सामाजिक बाधाओं और मार्गदर्शन की कमी जैसी चुनौतियों का भी समाधान किया। बताते चलें सुश्री गरिमेला को उच्च शिक्षा में 17 वर्षों से अधिक का अनुभव है और उन्होंने एसआरएम विश्वविद्यालय, जीआईटीएएम विश्वविद्यालय, आईटीएम विश्वविद्यालय, डीआईएटी और आईबीएस सहित प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ काम किया है।

सुश्री सुजाता ने किरण मजूमदार-शॉ, फाल्गुनी नायर, ऋचा कार और वंदना लूथरा जैसी महिला उद्यमियों की सफलता की कहानियों से छात्रों को प्रेरित किया।

उन्होंने ई-कॉमर्स, एडटेक, सस्टेनेबल फ़ैशन, कृषि उद्यमिता और खाद्य उद्यमों जैसे क्षेत्रों में उभरते अवसरों के साथ-साथ स्टैंड-अप इंडिया, मुद्रा योजना और स्टार्टअप इंडिया जैसी सरकारी पहलों पर भी चर्चा की।

कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण यह रहा कि संस्कृति विवि की सात छात्राओं ने अतिथि वक्ता के समक्ष अपने व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किए, जिन्होंने बहुमूल्य प्रतिक्रिया और प्रोत्साहन प्रदान किया।

कार्यक्रम में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स की लगभग 100 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे सत्र और भी प्रभावशाली और प्रासंगिक हो गया। कार्यक्रम का समापन एसओएमसी के डीन प्रो. (डॉ.) राधा कृष्ण शर्मा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। व्याख्यान प्रेरणादायक और संवादात्मक रहा, जिससे छात्राओं को उद्यमिता को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरणा मिली।

# पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड के दौरान तीन ईनामी बदमाशों सहित कुल छः अभियुक्तों को किया गिरफतार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** थाना सरसावा एवं नकुड़ पुलिस तथा स्वॉट/सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा की गई प्रभावी कार्रवाई में पुलिस मुठभेड़ के दौरान दस-दस हजार के ईनामी तीन अभियुक्तों को घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त दस हजार के एक अन्य इनामी अभियुक्त एवं दो नामजद अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से चार तमंचे, दो मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) तथा हत्या की घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल दो लोहे के कटर, एक लोहे की रॉड, व दो दांव व एक कार बरामद की गयी है। बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, हत्या, गोकशी, चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी, छिनैती आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व इन घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार सघन गस्त/चैकिंग की जा रही है। इसी क्रम में आज प्रातः थाना सरसावा पुलिस टीम द्वारा दो अभियुक्तगण तथा थाना नकुड़ पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान ईशु पुत्र चन्द्रपाल निवासी मौहल्ला राधा स्वामी कालोनी कस्बा व थाना सरसावा जनपद सहारनपुर, प्रगट पुत्र सतपाल निवासी विविध नगर कालोनी थाना सरसावा जनपद सहारनपुर व अर्जुन मोगा पुत्र घनश्याम मोगा निवासी पूर्वी अफगान थाना सरसावा जनपद सहारनपुर के रूप में हुई। तीनों घायल बदमाशों को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार तीनों बदमाश थाना सरसावा पर पंजीकृत कई मुकदमों में वांछित चल रहे थे। तीनों बदमाशों के विरुद्ध जनपद सहारनपुर के विभिन्न थानों पर गंभीर अपराधों में लगभग आधा दर्जन से अधिक मुकदमें पंजीकृत है। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से तीन तमंचे .315 बोर, 04 खोखा/04 जिन्दा कारतूस 315 बोर, दो मोटरसाइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद एंव हत्या की घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक लोहे का कटर, 02 दांव व एक बैग बरामद हुए। थाना सरसावा पर मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना सरसावा पर मु0अ0स0-440/25 धारा 109(1),3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया तथा थाना नकुड़ पर मु0अ0स0- 475/25 धारा 109(1)/317(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। थाना सरसावा पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित अन्य अभियुक्तों की तलाश व दबिश के दौरान पुलिस टीम द्वारा देहरादून अम्बाला हाइवे पर स्थित मानव ढाबे के पास से वांछित अभियुक्त अमित उर्फ मीतू निवासी राधा स्वामी कालोनी कस्बा व थाना सरसावा जनपद सहारनपुर व मलकियत पुत्र सतपाल निवासी विविध नगर कालोनी थाना सरसावा जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया। अमित उपरोक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 लोहे का कटर व अभियुक्त मलकियत से 01 लोहे की रॉड तथा 01 गाड़ी होण्डा अमेज बरामद हुई। तथा मुकदमा उपरोक्त के वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु गठित की गई सरसावा पुलिस की दूसरी टीम द्वारा अभियुक्त विशाल पुत्र मदनपाल निवासी राधा स्वामी कालोनी कस्बा व थाना सरसावा जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 01 तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ जिसके सम्बन्ध में थाना सरसावा पर मु0अ0स0-441/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# खाद के लिए समितियों पर धक्के खा रहे हैं किसान



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय किसान संघ ने ए आर कोऑपरेटिव गणेश गुप्ता से फोन पर वार्ता की कहा की जनपद के अधिकारी कहते हैं सभी समितियों पर पर्याप्त मात्रा मे खाद हैं यदि खाद पर्याप्त मात्रा में है तो किसानो को सुबह से शाम तक लाइन लगाकर बैठने की जरूरत नही है किसान को अपनी फसल बौने के लिए DAP/ NPK की जरूरत है किसानो को इस समय पीली सरसों, गन्ना, मटर, गेहूँ की फसल को उगाने के लिए खाद की जरूरत है लेकिन किसान को धक्के खाने पड़ रहे हैं यह निंदनीय है जिला प्रशासन सभी समितियों पर खाद भेजे और उसको संबंधित अधिकारी को वितरित करने के लिए अवश्य भेजें यदि किसानो ने फसल की तरफ से रुख बदल लिया तो देश के सामने समस्या खड़ी होगी इस लिए सभी अधिकारीयों को किसानो की समस्या को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# बीएसएफ ने आरएस पुरा सेक्टर से 5.3 किलो संदिग्ध हेरोइन बरामद की

**जम्मू।** बीएसएफ के जवानों ने सोमवार को सीमा पार से भारतीय क्षेत्र में नशीले पदार्थ भेजने के एक और प्रयास को विफल कर दिया। एक बड़े तस्करी विरोधी अभियान में आरएस पुरा सेक्टर के गहराई वाले इलाके से 5.3 किलोग्राम से अधिक संदिग्ध हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ इंटेलिजेंस की विशेष जानकारी पर आरएस पुरा सेक्टर के गहराई वाले क्षेत्र में विशेष नाका लगाया गया था। आज सुबह ग्राम बिदिपुर के पास तलाशी अभियान के दौरान बीएसएफ कर्मियों ने दो पीले रंग के पैकेट बरामद किए। इनमें 10 छोटे पैकेट लपेटे हुए थे, जिनका वजन लगभग 5.300 किलोग्राम था। संदेह है कि यह पदार्थ हेरोइन है और इसे सीमा पार से ड्रोन से गिराया गया है।

# पीट-पीट कर वृद्ध की हत्या करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** थाना राया पुलिस ने आज जानलेवा हमला कर मौत के घाट उतारने वाले आरोपी को आलाकत्ल डंडा सहित पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी पर कानूनी कार्रवाई करने के बाद न्यायालय में पेश किया है। गौरतलब हो कि 22 अक्टूबर की रात को राकेश पुत्र पंचम सिंह और रामकुमार पुत्र प्रेम सिंह ने मृतक बच्चू सिंह को घेर कर लाठी-डंडा सरिया फर्सा तथा ट्रैक्टर के सौला से छाती व शरीर के अन्य हिस्सों पर हमला कर दिया। जिससे मृतक की मौत हो गई। मृतक के पुत्र ने थाना राया में मामला दर्ज कर दिया। थाना राया प्रभारी रवि भूषण शर्मा, उपनिरीक्षक निशांत पायल और त्रिदेव शर्मा, शिवमंत सिंह को मुखबिर से सूचना मिली की हत्यारोपियों अलीगढ़ रोड जयपुर बरेली एक्सप्रेस-वे के पुल के नीचे आए हुए है। पुलिस ने सूचना के आधार पर आज सुबह राकेश और रामकुमार को हत्या में प्रयुक्त डंडा के साथ गिरफ्तार कर लिया। कानूनी कार्रवाई के बाद उन्हें दोपहर न्यायालय में पेश किया गया है।

# कार्तिक गंगा स्नान की तैयारियों की समीक्षा की

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त सहारनपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर द्वारा जिलाधिकारी जनपद मुजफ्फरनगर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर एवं अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगणों के साथ कार्तिक गंगा स्नान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए थानाक्षेत्र भोपा के अन्तर्गत शुक्रतीर्थ आदि गंगा स्नान घाटों का निरीक्षण कर सर्व-सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश। अवगत कराना है कि आगामी कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान पर्व के दृष्टिगत जनपद मुजफ्फरनगर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगमता एवं समुचित कानून एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज मण्डलायुक्त सहारनपुर अटल कुमार राय एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर अभिषेक सिंह द्वारा जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर उमेश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा एवं अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ थाना भोपा क्षेत्रान्तर्गत गंगा स्नान घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शुक्रताल तीर्थ स्थित स्नान घाटों की सफाई व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, यातायात व्यवस्था, रूट डायवर्जन, पार्किंग स्थलों, अस्थाई पुलिस सहायता केन्द्रों, स्वास्थ्य शिविरों, पेयजल आपूर्ति, नावों की सुरक्षा व्यवस्था तथा भीड़ नियंत्रण की तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया गया। साथ ही उन्होंने अधिकारीगणों के साथ नाव के माध्यम से जल स्तर का निरीक्षण किया तथा गंगा नदी के खतरनाक व गहरे स्थानों को चिन्हित कर वहां चेतावनी बोर्ड लगाने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही नगर पंचायत, स्वच्छता एवं विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि घाटों पर साफ-सफाई, पेयजल व प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था समय से पूर्ण कर ली जाए। पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पुलिस बल पूर्ण तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी पर तैनात रहे, यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो तथा गंगा स्नान पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अफवाह या अप्रिय स्थिति उत्पन्न न होने पाए।

# मणिपुर में चार जिलों से प्रतिबंधित संगठन के छह उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षा बलों द्वारा थौबल, इंफाल वेस्ट, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में चलाए गए अभियान के दौरान प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के छह कैडरों को गिरफ्तार किया गया। इनसे हथियार, वसूली का सामान और कम्युनिकेशन डिवाइस जब्त किए गए।

मणिपुर पुलिस ने सोमवार को आधिकारिक बयान में बताया कि रविवार को सुरक्षा बलों ने ब्रह्मचारिमयुम रतनकुमार शर्मा (43), जिन्हें मंगल के नाम से भी जाना जाता है, को हिरोक पार्ट-ढ्ढ, खंगारोक में उसके घर से पकड़ा गया। अधिकारियों ने गिरफ्तारी के दौरान दो मोबाइल फोन और दो सिम कार्ड बरामद किए। आरोपित रिवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट/पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (आरपीएफ/पीएलए) का सक्रिय सदस्य बताया गया है।

थौबल जिले के वांगजिंग में एक अलग अभियान में, सुरक्षा बलों ने हाओबिजम थोइबी देवी (35) जिसे चानू के नाम से जाना जाता है, को गिरफ्तार किया गया, जिनकी पहचान कंगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (प्रोग्रेसिव विंग ग्रुप) की एक एक्टिव महिला कैडर के तौर पर हुई है।

पुलिस का कहना है कि वह थौबल ज़िले में वसूली की एक्टिविटी में शामिल थी।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

**संख्या 23AC/393/E-Auction/Pkg/2025** **दिनांक: 24.10.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल **(https://ireps.gov.in/)** पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है।

| ई–कैटलॉग संख्या | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-45-2025 | दिनांक 10.11.2025 को 11:00 बजे | तुगलकाबाद (कार), मुरादनगर, करनाल (साइकिल-स्कूटर-मोटरसाइकिल-कार), कुरुक्षेत्र (Site-2), सांपला (द्वितीय प्रवेश) शामली (पी आर एस) = कुल 06 साइटें |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट विवरण जहाँ ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | **https://ireps.gov.in/** |

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**

**1.** इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। **2.** एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान **3.** भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता **4.** आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण **5.** फण्ड का लियन मार्किंग **6.** टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) **7.** जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओ/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है।

| | |
|---|---|
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055 **Email: pkg.delhidivision@gmail.com** Tel: 011-23743084 |

**3330/25** **वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

P-03:28 paga09_jhn.qxd 10/27/2025 9:02 PM Page 1



# ढाई गुना प्रदूषित हवा में सांस ले रहे दिल्लीवाले

**लिशा शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** राजधानी के लोग इस समय ढाई गुना ज्यादा प्रदूषित हवा में सांस ले रहे हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर की हवा में सोमवार को प्रदूषक कण पीएम 10 और पीएम 2.5 का स्तर मानकों से ढाई गुना ज्यादा रहा। अगले छह दिनों के दौरान भी दिल्ली की हवा खराब या बेहद खराब श्रेणी में रहने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते दिल्ली की हवा मई और जून के महीने में खासी साफ रही थी। अच्छे मानसून के चलते जुलाई, अगस्त और सितंबर के महीने में भी दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 से नीचे बना रहा। अक्तूबर के पहले दस दिनों में भी पश्चिमी विक्षोभ के चलते बूंदाबांदी का दौर लगा रहा। लेकिन, 14 अक्तूबर के बाद से दिल्ली की हवा लगातार खराब या बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है। इस दौरान दीवाली के बाद दिल्ली के लोगों ने सबसे ज्यादा खराब हवा में सांस ली। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक सोमवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 301 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को बेहद खराब श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले रविवार को यह सूचकांक 315 के अंक पर रहा था। यानी 24 घंटे के अंदर इसमें 14 अंकों का सुधार हुआ है। लेकिन, अभी भी यह बेहद खराब श्रेणी में है। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक सोमवार को आमतौर पर हवा की रफ्तार दस किलोमीटर प्रति घंटे से कम रही। कुछ समय के लिए रफ्तार दस किलोमीटर से ज्यादा भी हुई, जिसके चलते एक दिन पहले की तुलना में हल्का सुधार देखने को मिला है। अनुमान है कि मंगलवार को भी हवा की रफ्तार कुछ समय के लिए दस किलोमीटर प्रति घंटे से ऊपर जा सकती है। इसके चलते प्रदूषण के स्तर में हल्का-फुल्का बदलाव हो सकता है। हालांकि, दिल्ली की हवा में मौजूद प्रदूषक कणों के पूरी तरह से साफ होने की संभावना नहीं है। अगले छह दिनों के दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब या बेहद खराब श्रेणी में ही रहने की संभावना है। बादल, धुंध से बना हुआ है प्रदूषण दिल्ली में सोमवार सुबह से ही घने बादल छाए रहे। इसके चलते हवा में मौजूद नमी और धुंध की एक परत भी वायु मंडल पर बनी रही। इससे भी प्रदूषक कणों का बिखराव धीमा हुआ। सीपीसीबी के मुताबिक सोमवार शाम चार बजे दिल्ली-एनसीआर की हवा में प्रदूषक कण पीएम 10 का स्तर 264 पर और पीएम 2.5 का स्तर 135 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर रहा। यानी दिल्ली-एनसीआर की हवा में मानकों से ढाई गुना ज्यादा प्रदूषण मौजूद है। पांच फीसदी से कम है पराली की हिस्सेदारी दिल्ली के प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी भी पहले के वर्षों की तुलना में इस बार कम देखने को मिल रही है। डिसीजन सपोर्ट सिस्टम के मुताबिक सोमवार को दिल्ली की हवा में पराली के धुएं की हिस्सेदारी 4.29 फीसदी तक होने का अनुमान है। इस सीजन के हिसाब से देखें तो यह हिस्सेदारी सबसे ज्यादा है।

## मदनलाल खुराना का योगदान दिल्ली के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा : रेखा गुप्ता

**दीया शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज पूर्व मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना का योगदान दिल्ली के इतिहास में हमेशा स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। उनके नेतृत्व और दूरदृष्टि ने दिल्ली को न केवल एक आधुनिक शहर में बदलने का सपना देखा, बल्कि उसे वास्तविकता में भी बदलने के लिए अथक परिश्रम किया।



मुख्यमंत्री ने सोमवार को एक्स पोस्ट में कहा कि दिल्ली सरकार ने उनकी स्मृति में पंजाबी बाग चौक का नाम मदनलाल खुराना के नाम पर रखा है। यह नामकरण दिल्ली के विकास में उनके अथक परिश्रम को श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक ईमानदार प्रयास है। उनकी पुण्यतिथि पर हम उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं और उनका योगदान हमेशा दिल्लीवासियों के हृदय में जीवंत रहेगा।

## राजौरी गार्डन में मुठभेड़ के दौरान पुलिस के काबू आया झपटमार, पैर में लगी गोली

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** बदमाश व पुलिस के बीच इन दिनों ही रही मुठभेड़ के क्रम में ताजा मुठभेड़ राजौरी गार्डन थाना क्षेत्र में हुई। यहां मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने एक झपटमार को दबोचा। आरोपित की गिरफ्तारी से पुलिस ने झपटमारी के पांच मामलों को सुलझाने का दावा किया है। इस मामले में पुलिस ने एक कार, दो स्कूटी , एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और 15,000 रुपये की नकद बरामद किए हैं।

पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त दाराडे शरद भास्कर ने बताया कि 22 अक्टूबर को दर्ज एक मामले की छानबीन के दौरान आरोपितों का पता लगाने के लिए जब पुलिस तकनीकी जांच में जुटी थी तब सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण में वारदात में प्रयुक्त कार का रजिस्ट्रेशन नंबर पता चला। इस कार का मालिकाना हक सोनू के पास पाया गया, जिसे तुरंत हिरासत में लिया गया। उससे 15,000 रुपये की चोरी की नकदी बरामद की गई। पूछताछ में सोनू ने राजन उर्फ भोला और करन की संलिप्तता बयां की।

पूछताछ में पता चला कि आरोपितों ने अपराध करने के लिए एक नई, बिना नंबर प्लेट वाली स्कूटी का उपयोग किया और पकड़े जाने से बचने के लिए राजमंदिर, पिलर नंबर 754, मेन नजफगढ़ रोड और नवादा मेट्रो स्टेशन के पास लगातार मुलाकात के स्थान बदलते रहे। सोनू से मिली जानकारी के आधार पर करन को गिरफ्तार किया गया और अपराध में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद की गई, जो राजन उर्फ भोला के नाम पर रजिस्टर्ड थी।

छानबीन में जुटी पुलिस को राजन के क्षेत्र में आने की सूचना मिली। इसके बाद राजौरी गार्डन एसीपी नीरज टोकस व थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रविंदर जोशी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने गंदा नाला, सब-रजिस्ट्रार आफिस पार्किंग, बसई दरापुर, रिंग रोड के पास घेराबंदी की। कुछ समय बाद आरोपित राजन उर्फ भोला एक चोरी की स्कूटी से वहां पहुंचा। उसे रुकने का इशारा किया गया, लेकिन उसने पिस्टल निकालकर पुलिस टीम पर गोली चला दी।

बार-बार चेतावनी देने के बावजूद उसने दोबारा गोली चलाई। आत्मरक्षा में, एसआइ प्रकाश कश्यप ने जवाबी गोली चलाई, जिससे राजन के दाहिने पैर में गोली लगी। उसे तुरंत अस्पाल में चिकित्सा के लिए भेजा गया। छानबीन में पता चला कि राजन उर्फ भोला एक कुख्यात और आदतन अपराधी है। इस पर चोरी, झपटमारी, डकैती और आर्म्स एक्ट के 46 मामले दर्ज हैं।

## जनकपुरी में छठ पूजा का भव्य आयोजन : शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने श्रद्धालुओं संग मनाया आस्था का पर्व

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के जनकपुरी क्षेत्र में इस वर्ष छठ महापर्व का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ किया गया। दिल्ली के शिक्षा मंत्री एवं जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री आशीष सूद ने क्षेत्र में बनाए गए विभिन्न छठ पूजा घाटों का दौरा कर व्रतधारी माताओं एवं श्रद्धालुओं से मुलाकात की, उनकी कुशलक्षेम जानी और उन्हें छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।



इस अवसर पर श्री सूद ने कहा कि छठ पूजा केवल सूर्य देव की उपासना नहीं, बल्कि मानव और प्रकृति के मधुर संबंधों का प्रतीक है। यह पर्व अनुशासन, आस्था, स्वच्छता और सामूहिक एकता की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत करता है।

श्री सूद ने बताया कि दिल्ली सरकार द्वारा इस वर्ष जनकपुरी क्षेत्र में 31 से अधिक छठ घाटों का निर्माण कराया गया है, जो पिछले 27 वर्षों में कभी नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि इन घाटों के निर्माण से श्रद्धालु अब स्वच्छ, सुरक्षित और शांत वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से सभी घाटों पर सफाई, सुरक्षा, प्रकाश, पेयजल, टेंट, चिकित्सा सुविधा और आपातकालीन सेवाओं की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो।

श्री सूद ने श्रद्धालुओं से भावनात्मक रूप से आह्वान करते हुए कहा, जनकपुरी से छठी मइया के जयकारे इस तरह गूंजें कि उनकी आवाज पटना, बक्सर, दीघा, भागलपुर, गया और सिवान तक सुनाई दे। तभी यह संदेश जाएगा कि इस बार दिल्ली के जनकपुरी में छठ पर्व आस्था, उल्लास और एकता का अनुपम प्रतीक बन गया है।

उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता को 12 वर्षों बाद दिल्ली में यमुना तटों पर छठ पूजा की अनुमति देने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह हमारा पहला प्रयास है। आने वाले वर्षों में हम इसे और अधिक भव्य, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक रूप देंगे।

श्री सूद ने बताया कि छठ पर्व का आज तीसरा दिन है, जब व्रतधारी माताएँ अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देती हैं और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। उन्होंने कहा कि कल प्रातः सभी व्रतधारी उगते सूर्य को अर्घ्य देकर अपनी साधना पूर्ण करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार हर धर्म और समुदाय के पर्वों को समान सम्मान एवं सहयोग के साथ मनाने के लिए प्रतिबद्ध है। छठ पूजा, जो दिल्ली के हजारों प्रवासी परिवारों की आस्था से जुड़ी है, अब दिल्ली की सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है।

अंत में श्री सूद ने कहा कि छठ पर्व सूर्य उपासना के माध्यम से जीवन में ऊर्जा, सकारात्मकता और नवचेतना का संचार करता है। सूर्य को अर्घ्य देना केवल प्रकृति के प्रति कृतज्ञता नहीं, बल्कि आत्मिक चेतना के जागरण का प्रतीक भी है।

## अस्ताचलगामी यानी डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** अर्घ्य अस्ताचलगामी यानी डूबते सूर्य को दिया गया है. जल में दूध डालकर सूर्य की अंतिम किरण को अर्घ्य देने का विधान है. । अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद एवं आर .डब्लू .ए एवं छठ पूजा समिति के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र कुमार मिश्रा ने अपने पुरे टीम के साथ छठी पूजा के लिए सेन्ट्रल पार्क पॉकेट 7 सेक्टर -82 नोएडा में रिवनकाट काट कर घाट का उद्घाटन किया जिसमे हजारो शधालुओ के साथ अर्घ्य अस्ताचलगामी यानी डूबते सूर्य को दिया गया . इस दिन जल में दूध डालकर सूर्य की अंतिम किरण को अर्घ्य देने का विधान है. पुरे संगीत मई छठ पूजा किया गया इस मौके पर संस्कृति कार्य कर्म मैथिली भोजपुरी हो रहाहै जिसमें कलाकार में स्नेहा झा 'गीता अंजन .सूरज झा.'धीरज मिश्रा जी दीपक दिवाकर झा सुमन झा ने प्रस्तुति किया एवं सूयोर्पासना करने से छठी माता प्रसन्न होकर परिवार में सुख, शांति, धन-धान्य से परिपूर्ण करती हैं। सूर्यदेव की पूजा, अनुष्ठान करने से अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है।व्रती का 36 घंटे से चले आ रहे निर्जला उपवास भी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न होगा। सूर्य को अर्घ्य देने के साथ व्रती पारण करेंगी।एवं छठ पूजा करने से हर मनोकामना पूरा होता है इस अवसर पर संस्था के सदस्य एवं पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र



,मुरारी झा , पंकज झा' गोरे लाल जी किशुन जी झा ,संतोष यादव ,रमेश वर्मा ,रणजीत पटेल , पपु सिंह ,अशोक दास,राम भरोष झा राम बाबू झा ,विजय झा ,राघव झा ,किशन यादव ,मनीष पांडेय ,बलराम कर्ण, पंकज झा अरविन्द ठाकुर , प्रेम चंद्र झा ,अमित गुप्ता ,अभिनाश नंदन शर्मा ,अजय झा , अजय जी , विजय झा ,विपिन झा ,मदन मिश्र लड्डूबाबू ,अंजनी सिंह ;सीमा सिंह ,मनोज तिवारी ,जितेंदर सिंह ,लाल बाबू ,शिवजी चौधरी ,अमरेश झा ,चन्दन चौधरी ,बलराम झा ,भरतराउत ,हनुमान जी ,दिलीप राइ ,बृजेश श्रीवास्तव ,सेंतु मिश्रा ,हरी शंकर सिंह ,उपेंद्र यादव ,रविंदर कुमार ,राघवेंद्र चौधरी ,,संजय शुकला ,देवमणि शुक्ला,राजीव झा ,संजय झा ,अभिषेक मिश्रा ,अनूप शर्मा ,कुमरकांत झा ,देवेंद्र गुप्ता ,रवि राघव ,आनंद मिश्रा ,मनोज सिंह ,बबलू सिंह ,गोविन्द मिश्रा ,संजीत झा ,अनीस कुमर ,अजय श्रीवास्तव , ,सुगम प्रशाद ,राजू शर्मा , कालू सिंह अनुप सिंह काफी लोग उपस्थित हुए ।

## आईआईटी दिल्ली संयुक्त पीएचडी प्रोग्राम के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड (यूक्यू) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली ने अपने प्रतिष्ठित संयुक्त डॉक्टरेट (पीएचडी) कार्यक्रम के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। यह कार्यक्रम जुलाई 2026 सत्र से आरंभ होगा। दोनों संस्थानों के संयुक्त सहयोग से संचालित यह कार्यक्रम शोधार्थियों को भारत और ऑस्ट्रेलिया, दोनों देशों के शैक्षणिक वातावरण में कार्य करने और अग्रणी शिक्षाविदों के मार्गदर्शन में अत्याधुनिक शोध करने का अवसर प्रदान करेगा। सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर अभ्यर्थियों को यूक्यू और आईआईटी दिल्ली की ओर से संयुक्त रूप से पीएचडी डिग्री प्रदान की जाएगी। आईआईटी दिल्ली का कहना है कि यह अवसर तहत विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित, मानविकी और सामाजिक विज्ञान सहित विविध विषयों के उत्कृष्ट उम्मीदवारों के लिए खुला है। अभ्यर्थी अपना आवेदन 7 जनवरी 2026 को शाम 7 बजे (भारतीय समयानुसार) तक ऑनलाइन https:// uqiitd.org/study पर जमा किए जा सकते हैं। जो छात्र यहां दाखिला लेना चाहते हैं ऐसे छात्रों के लिए 11 नवंबर और 10 दिसंबर को ऑनलाइन सूचना सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में कार्यक्रम की संरचना, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। यूक्यू-आईआईटी दिल्ली संयुक्त पीएचडी कार्यक्रम भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच उच्चस्तरीय शोध सहयोग, नवाचार को बढ़ावा देने और शैक्षणिक साझेदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस बारे में विस्तृत जानकारी अभ्यर्थी को आईआईटी दिल्ली की वेबसाइट से प्राप्त होगी।

## छठ पर शराब की दुकानें खुली रखने पर भाजपा ने पूर्वांचलियों का किया अपमान, आप का आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली में छठ पूजा महापर्व को लेकर राजनीतिक बहस तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की भाजपा सरकार पर छठ व्रतधारियों की भावनाओं को ठेस पहुँचाने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि छठ जैसे पवित्र पर्व पर दिल्ली में शराब की दुकानें खुली रखना पूर्वांचल समाज की आस्था और धार्मिकता का अपमान है।





**आप ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना**

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार ने छठ महापर्व के दिन दिल्ली में शराब के ठेके खोल दिए, जबकि पिछली सरकार में इस दिन सभी दुकानों पर पाबंदी रहती थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नकली सनातन और पूर्वांचल की आस्था का अपमान कर रही है।

**श्रद्धालुओं की भावनाओं की अनदेखी**

आप नेताओं का दावा है कि छठ पूजा के मौके पर शराब बिक्री न केवल आस्था का अपमान है, बल्कि यह सरकार की धार्मिक संस्कृति के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार न तो असली एक्यूआइ दे पाती है, न ही यमुना को स्वच्छ करने में असली प्रयास करती है और अब उसने छठ पर लोगों की भावनाओं पर भी कुठाराघात किया है।

**राजनीतिक तकरार और पूर्वांचल समाज की प्रतिक्रिया**

छठ पूजा को लेकर दिल्ली की भाजपा सरकार जहां बेहतर व्यवस्थाओं का दावा कर रही है वहीं आम आदमी पार्टी लगातार कमियां गिना रही है। पूर्वांचल समाज के लोगों में भी इस निर्णय को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। समाजिक संगठनों ने पवित्र पर्व पर शराब बिक्री रोकने की मांग दोहराई है।

**सरकार की सफाई और व्यवस्था**

भाजपा सरकार के सूत्रों का कहना है कि सभी धर्म स्थलों और छठ पूजा स्थलों पर अतिरिक्त सुरक्षा और सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उच्च अधिकारियों द्वारा यह दावा भी किया गया कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## दिल्ली में मेधावी छात्रों को मिलेगी मुफ्त कोचिंग, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने महामना पंडित मदन मोहन मालवीय विद्याशक्ति मिशन के तहत सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले मेधावी छात्रों के लिए निश्शुल्क कोचिंग योजना के चयन के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी-2025) आयोजित करने की घोषणा की है। यह परीक्षा 30 अक्टूबर को 144 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

इस परीक्षा के माध्यम से 2200 मेधावी छात्रों का चयन किया जाएगा जिन्हें दिल्ली सरकार द्वारा विभिन्न कोचिंग संस्थानों में जेईई,

> ● निदेशालय के अधिकारी के मुताबिक सीईटी-2025 के लिए एडमिट कार्ड 26 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकेंगे

नीट, क्लैट, सीए और सीयूईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग सुविधा मिलेगी।

इस योजना के तहत 11वीं के 1200 छात्रों को दो वर्षीय एकीकृत कोचिंग और 12वीं के एक हजार छात्रों को एक वर्षीय कोचिंग का लाभ मिलेगा। चयनित छात्रों को दिल्ली स्थित नामांकित कोचिंग संस्थानों में प्रवेश दिलाया जाएगा।

निदेशालय के अधिकारी के मुताबिक सीईटी-2025 के लिए एडमिट कार्ड 26 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकेंगे। निदेशालय ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया है कि वे छात्रों के एडमिट कार्ड डाउनलोड कर उसकी दो प्रतियां तैयार कराएं और छात्र के हस्ताक्षर व सत्यापन के बाद एक प्रति परीक्षा केंद्र को भेजें।

## समाचार

### एएटीएस टीम ने मुठभेड़ के बाद बदमाश दबोचा

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी जिले की एएटीएस टीम ने रविवार देर रात मुठभेड़ के बाद बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपी भरत उर्फ तेजा के पैर में गोली लगी, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में हत्या के प्रयास के एक मामले में लंबे समय से फरार था। उसके पास से एक तमंचा, तीन जिंदा कारतूस और दो खाली खोखे बरामद हुए हैं। डीसीपी (दक्षिण-पूर्व) डॉ. हेमंत तिवारी के मुताबिक, 21 अक्तूबर को न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में दो घोषित बदमाशों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसमें गोली भी चली थी। इस मामले में पुलिस ने पहले आरोपी आजम को गिरफ्तार किया था, जबकि भरत फरार था। रविवार को एएटीएस टीम को सूचना मिली कि भरत आस्था कुंज पार्क के पास आने वाला है। इंस्पेक्टर अजय दलाल के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी की। कुछ देर बाद आरोपी को आते देख पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने पिस्टल निकालकर फायरिंग कर दी। गोली हेड कांस्टेबल शेर सिंह की बुलेट-प्रूफ जैकेट पर लगी। जवाबी कार्रवाई में एसआई जितेंद्र की गोली आरोपी के पैर में लगी, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### छठ पूजा के दौरान दिल्ली में कई मार्गों पर यातायात प्रभावित रहेगा

**नई दिल्ली।** ट्रैफिक पुलिस ने छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान रखते हुए सोमवार दोपहर से मंगलवार सुबह तक कई मार्गों पर यातायात में फेरबदल किया है। इसके अलावा छठ पूजा वाले कुछ मार्गों पर जाने से बचने की सलाह दी गई है। ट्रैफिक पुलिस ने महरौली बदरपुर रोड पर लालकुआं से तुगलकाबाद, खादर कालिंदी कुंज रोड, आगरा नहर और रोड नंबर 13 पर जाने से बचने की सलाह दी है। इसी तरह भजनपुरा में सोमवार शाम पांच बजे से मंगलवार सुबह सात बजे तक युधिष्ठिर सेतु की तरफ से किसी भी प्रकार के कामर्शियल वाहनों के आने पर पाबंदी रहेगी। इसी अवधि में गांधी नगर में शांति वन लूप एवं लक्ष्मी नगर से कैलाश नगर जाने वाले मार्ग पर भी यातायात प्रतिबंधित रहेगा। खजूरी खास में भी सोनिया विहार की तरफ से आने वाले ट्रैफिक को नाकसर से ओल्ड वजीराबाद रोड की तरफ डायवर्ट कर दिया जाएगा। सोनिया विहार बॉर्डर से आने वाले वाहनों को एमसीडी टोल से सभापुर गांव की तरफ डायवर्ट कर दिया जाएगा। हालांकि, नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली एवं हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर जाने के लिए कोई प्रतिबंध नहीं है। लेकिन लोगों को मेट्रो आदि सार्वजनिक परिवहन के साधनों का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।

### मुठभेड़ के बाद कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में दक्षिण-पूर्वी जिले की एटीएस ने अमर कॉलोनी इलाके में एक मुठभेड़ के बाद कुख्यात बदमाश भारत उर्फ तेजा को गिरफ्तार किया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी। जबकि एक पुलिसकर्मी की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी गोली लगी। जिससे उनकी जान बच गई। मौके से एक देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस और तीन खाली खोखे बरामद हुए हैं। दक्षिण-पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त हेमंत तिवारी ने सोमवार को बताया कि आरोपित भारत उर्फ तेजा थाना न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहा था। दीपावली की रात 20/21 अक्टूबर को दो घोषित बदमाशों के बीच झगड़ा हुआ था। जिसमें तेजा ने अपने साथियों के साथ मिलकर फायरिंग की थी। घटना के बाद वह फरार हो गया था। 26-27 अक्टूबर की दरमियानी रात एएटीएस को सूचना मिली कि तेजा आस्था कुंज पार्क के पास दिखाई दिया है। इंस्पेक्टर अजय दलाल के नेतृत्व में एसआई जितेंद्र, एएसआई सुरेश, एचसी शेर सिंह, एचसी नथूराम, कॉन्स्टेबल शिवम और साहिल की टीम ने इलाके में जाल बिछाया। कुछ देर बाद जब पुलिस ने उसे घेरने की कोशिश की तो उसने अचानक पिस्तौल निकालकर फायरिंग शुरू कर दी। गोली हेडकांस्टेबल शेर सिंह की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। जवाबी कार्रवाई में एसआई जितेंद्र ने आत्मरक्षा में फायर किया, जिससे एक गोली बदमाश के पैर में जा लगी। पुलिस ने तुरंत उसे काबू कर एम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार गिरफ्तार आरोपित की भारत उर्फ तेजा (28) आईजी कैंप, तैमूर नगर, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि वह हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट जैसे 9 गंभीर मामलों में पहले भी शामिल रहा है। पूछताछ में उसने कबूल किया कि वह पार्क के आसपास लोगों को डराने और लूटपाट की फिराक में घूम रहा था।

### चेन झपटमारी के आरोप में बंटी-बबली भाई-बहन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने नशे के आदी भाई-बहन को गिरफ्तार किया है, जिन्हें बंटी-बबली की जोड़ी कहा जाता है। इन पर दक्षिणी दिल्ली और आसपास के इलाकों में महिलाओं से सोने की चेन झपटने का आरोप है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान नीलम उर्फ रीता (24) और उसके 17 वर्षीय भाई के रूप में हुई है, दोनों अंबेडकर नगर के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों भाई-बहन नशे के आदी हैं और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले परिवार से हैं। उनका पिता कभी ठक-ठक गिरोह का सदस्य था जो 2018 में उत्तर प्रदेश में 40 लाख रुपये की डकैती में शामिल थे, जिसमें एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी। बाद में एक मुठभेड़ में घायल होने के बाद, वह अब व्हीलचेयर पर है। उन्होंने बताया कि उनके पास से सोने की चार चेन और अपराध में इस्तेमाल एक स्कूटर बरामद किया गया है। दक्षिण दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने कहा, हाल के हफ़्तों में मालवीय नगर, कोटला मुबारकपुर और कर्तव्य पथ से स्कूटर सवार एक लड़के और एक लड़की द्वारा चेन झपटमारी की कई घटनाएं सामने आई हैं। सभी मामलों में, लड़की चेन छीन लेती थी और लड़का तेजी से भाग जाता था। पुलिस ने बताया कि 50 से ज्यादा कैमरों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर, संदिग्धों का दक्षिणपुरी इलाके में होने का पता चला। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक संक्षिप्त अभियान के बाद उन्हें साकेत के पुष्प विहार से गिरफ्तार कर लिया गया।

### दिल्ली के मादीपुर इलाके में जूता फैक्टरी में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के मादीपुर में सोमवार दोपहर एक जूता फैक्ट्री में आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना अपराह्न 1.04 बजे मिली, जिसके बाद दमकल की छह गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। उन्होंने कहा, अग्निशमन कार्य अभी जारी है। अभी तक किसी के घायल होने या हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

# 350 वें शहीदी दिवस पर 1 से 25 नवंबर तक होंगे कार्यक्रम: सैनी

**25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन**

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली। ब्यूरो**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को पूरे प्रदेश में गरिमापूर्ण तरीके के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में 1 नवंबर से 25 नवंबर तक प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम भव्य तरीके से आयोजित किए जाएंगे। 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री आज यहां कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सभी उपायुक्त और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, त्याग और शिक्षाओं से प्रेरणा प्राप्त करने हेतु आयोजित सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक स्कूली विद्यार्थियों और नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि 1 नवंबर को पंचकूला में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। 3 नवंबर को विद्यालयों में श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और शिक्षाओं पर हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी और संस्कृत में निबंध प्रतियोगिता आयोजित होंगी, जिसमें 3.5 लाख से अधिक विद्यार्थी भाग लेंगे।

इसी कड़ी में, 8 नवंबर को रोडी (जिला सिरसा) से श्री गुरु तेग बहादुर जी को समर्पित विशेष यात्रा निकली जाएगी। इसी दिन चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा में श्री गुरु तेग बहादुर जी, भाई सतीदास जी, भाई मतिदास जी, भाई दयाला जी और भाई जैता जी के जीवन पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन होगा।

बैठक में बताया गया कि 9 नवंबर को करनाल में हिंद दी चादर थीम पर मैराथन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। 11 नवंबर को पिंजौर के मारूवाला से एक और यात्रा प्रारंभ होगी। 14 नवंबर को फरीदाबाद से भी यात्रा प्रारंभ होगी और इसके बाद सोनीपत जिले के गांव बड़खालसा में दादा कुशल सिंह दाहिया के जीवन को समर्पित कार्यक्रम आयोजित होगा।

18 नवंबर को मुख्यमंत्री द्वारा यमुनानगर जिले के कालेसर में श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर एक उद्यान का शिलान्यास भी किया जायगा।

कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत 24 नवंबर को कुरुक्षेत्र में सर्व-धर्म सम्मेलन आयोजित होगा। 25 नवंबर को श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के समापन अवसर पर कुरुक्षेत्र में भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कार्यक्रमों में प्रबुद्धजनों, गांवों के सरपंचों, संतों, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों एवं गुरुद्वारा प्रबंधक समितियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि अधिकाधिक लोग इन पवित्र कार्यक्रमों से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रम पूरी श्रद्धा, मर्यादा और सम्मान के साथ आयोजित किए जाएं।

**‘सरदारञ्च150 यूनिटी मार्च’ के अंतर्गत पदयात्राओं का होगा आयोजन**

मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित दो माह राष्ट्रव्यापी पहल ‘स्डुहस्त्रडुहस्न्न150 ठुद्वह्ल4 स्र्डुहस्ध्द’ की तैयारियों की भी समीक्षा की। इस अभियान के अंतर्गत 31 अक्तूबर 2025 को ‘राष्ट्रीय एकता दिवस’ पर पूरे हरियाणा में जिला स्तर पर पदयात्राओं का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 26 नवंबर से 6 दिसंबर 2025 तक 10 दिवसीय राष्ट्रीय पदयात्रा ‘स्डुहस्त्रडुहस्न्न150 ठुद्वह्ल4 स्र्डुहस्ध्द’ आयोजित होगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन कार्यक्रमों से पहले जिले, वार्ड और गांव स्तर पर स्वच्छता अभियान भी चलाया जाए।इस पहल का उद्देश्य ‘एक भारत, आत्मनिर्भर भारत’ के संकल्प को मजबूत करना है, जो सरदार पटेल की एकजुट और सशक्त भारत की कल्पना को प्रतिबिंबित करता है।

**‘वंदे मातरम्’ के 150 वर्ष पूरे होने का भी होगा उत्सव**

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रगीत ‘वंदे मातरम्’ के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हरियाणा में प्रस्तावित कार्यक्रमों की कार्ययोजना की भी समीक्षा की।

स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों से युवाओं और विद्यार्थियों को जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वर्ष 2025 में ‘वंदे मातरम्’ की रचना को 150 वर्ष पूरे होंगे और केंद्र सरकार द्वारा नवंबर 2025 से राष्ट्रव्यापी समारोह आयोजित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत हरियाणा के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी, संगोष्ठी, निबंध प्रतियोगिता और राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, डीजीपी ओ.पी. सिंह, उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक श्री के.एम. पांडुरंग, अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) श्रीमती वर्षा खांगवाल, मुख्यमंत्री के ओएसडी प्रभलीन सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# सरकार किसानों की फसल का हर दाना खरीदने के लिए प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी



### धान-बाजरा खरीद में धोखाधड़ी पर होगी एफआईआर, दूसरे राज्य से धान की अवैध एंट्री पर सरकार सख्त

### अब तक 52.18 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद, 10,204 करोड़ रुपये किसानों के खाते में ट्रांसफर

### मंडियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली। ब्यूरो**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसानों की फसल का एक–एक दाना खरीदने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर किसान हित में कार्य कर रही है। प्रदेश में इन दिनों धान और बाजरे की फसल की खरीद का कार्य चल रहा है, लेकिन खरीद की आड़ में सरकार के साथ धोखाधड़ी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

मुख्यमंत्री आज यहां धान और बाजरा खरीद प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सभी जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक भी ऑनलाइन जुड़े। बैठक में धान–बाजरा खरीद से जुड़ी व्यवस्थाओं, मंडियों की स्थिति, किसानों की शिकायतों और ई-खरीद प्रणाली की समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि नई अनाज मंडी, कनीना और अनाज मंडी, कोसली में ई-खरीद पोर्टल और मार्केट कमेटी के एच-रजिस्टर की ऑक्शन में अंतर पाए जाने तथा गेट पास जारी करने की प्रक्रिया में अनियमितताएं मिलने के मामले में जिन कर्मचारियों और अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है, उन पर एफआईआर भी करवाई जाएं।

**52.18 लाख मीट्रिक टन की खरीद हो चुकी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार का संकल्प स्पष्ट है, किसानों की मेहनत की कमाई की रक्षा करना और उनकी उपज का एक-एक दाना खरीदना है। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश में धान की खरीद 22 अक्टूबर से प्रारंभ हुई है और अब तक अधिकांश मंडियों में खरीद सुचारू रूप से जारी है।

अब तक राज्य की खरीद संस्थाओं द्वारा 2.66 लाख किसानों से लगभग 52.18 लाख मीट्रिक टन की खरीद हो चुकी है। किसानों के खाते में 10,204.98 करोड़ रुपये ट्रांसफर भी कर दिए गए है। राज्य की खरीद संस्थाओं द्वारा 291.10 मीट्रिक टन तथा निजी व्यापारियों द्वारा 3.99 लाख मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की गई है।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि कुछ स्थानों से बाहरी राज्यों से धान की आमद और गेट पास स्कैनिंग में अनियमितताओं की शिकायतें मिली हैं, जिन पर सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र तथा कैथल में खरीद किए गए धान की मिलिंग के लिए जिन राईस मिलों को धान आबंटित किया गया है, उनकी फिजिकल वेरिफिकेशन की जा रही है।

**मुख्यमंत्री ने दिए सख्त निर्देश, चैकिंग के लिए नाकेबंदी होगी**

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मंडियों में तकनीकी स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि गेट पास स्कैनिंग और फिजिकल वेरिफिकेशन की प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि केवल मंडी के निर्धारित दायरे में ही गेट पास स्कैन किया जाएगा। जिन मंडियों में गेट पास स्कैन सिस्टम का दुरुपयोग हुआ है, वहां संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों की पहचान करके विस्तृत रिपोर्ट दी जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई के साथ-साथ एफआईआर भी दर्ज की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि दूसरे राज्यों से आने वाले धान की अवैध एंट्री को हर कीमत पर रोका जाए। इसके लिए सभी सीमावर्ती जिलों में पुलिस को नाकेबंदी के सख्त निर्देश जारी किए गए।

**अधिकारी भी अपने क्षेत्र में करे जांच**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारी खुद मंडियों का नियमित दौरा करें और किसानों से संवाद स्थापित करें। जिन राईस मिलों को धान आबंटित किया गया है, उनकी फिजिकल वेरिफिकेशन समय समय पर की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या भ्रष्टाचार पाए जाने पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरुण कुमार गुप्ता, डीजीपी श्री ओपी सिंह, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशक श्री अंशज सिंह सहित अन्य उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

## सोहना के खेल स्टेडियम में बनाया छठ के लिए घाट

**सोहना।** सोहना कस्बे में छठ पर्व की तैयारियां शुरू हो गई हैं और इसका आयोजन ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में होगा। इसके लिए अस्थायी घाट का निर्माण किया गया है, जिसकी अनुमति प्रशासन ने दे दी है। सोमवार को मनाए जाने वाले छठ पर्व का कार्यक्रम ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में आयोजित होगा। स्टेडियम में उगते व ढलते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए अस्थायी घाट का निर्माण किया गया है। इसमें टैंकरों के जरिये पानी भरा जाएगा। इसके अलावा, छठ पूजा में उपयोग होने वाली सामग्री की दुकानें भी लगनी शुरू हो गई हैं। छठ पर्व पर व्रत रखने वालों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। पर्व के चलते स्टेडियम के आसपास भीड़ बढ़ने लगी है।

## रुपये नहीं लौटाए तो व्यक्ति पर किया हमला, जातिसूचक शब्द भी कहे

**गुरुग्राम।** रुपये नहीं लौटाने के मामले की रंजिश में एक व्यक्ति से मारपीट करने, गाड़ी की टक्कर मारने व जातिसूचक शब्द बोलने पर तीन आरोपियों को पुलिस ने काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने शनिवार को बताया कि आरोपियों के खिलाफ सोहना थाना शहर में केस दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार किया गया है।जानकारी के अनुसार 23 अक्टूबर 2025 को पुलिस थाना शहर सोहना को एक व्यक्ति को झगड़े में लगी चोटों की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस ने पीड़ित से संपर्क किया। अस्पताल में भर्ती पीड़ित के बयान दर्ज किए गए। मारपीट में घायल हुए पीड़ित नरेश ने पुलिस टीम को बताया कि वह 23 अक्टूबर को तहसील से निकलकर अपनी स्कूटी से घर जाने लगा। इसी बीच पीछे से एक स्कॉर्पियो गाड़ी आई। स्कॉर्पियो चालक ने उसे पीछे से गाड़ी की टक्कर मारी। गाड़ी में से दो व्यक्ति संतु, दिनेश के अलावा दो अन्य लोग उतरे। उन्होंने उसे जातिसूचक शब्द बोलते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। उनके पास बेसबॉल के डंडे भी थे। उनसे मारपीट करने के बाद उसे जान से मारने की धमकी दे गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके उनकी तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने इस घटना को अंजाम देने के तीन आरोपियों सतबीर उर्फ संतु, मोनू, दिनेश निवासी सांप की नंगली जिला गुरुग्राम को शनिवार को काबू किया। उन्हें सोहना ढाणी मोड़ से पकड़ा गया है। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि सतबीर उर्फ संतु गुरुग्राम में प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है। उसका नरेश के साथ पैसों का लेन-देन था। नरेश आरोपी सतबीर उर्फ संतु के डेढ़ लाख रुपये नहीं लौटा रहा। इस कारण सतबीर उर्फ संतु ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया। आरोपियों के अपराधिक रिकॉर्ड की जांच से पता चला है कि सतबीर उर्फ संतु के खिलाफ जुआ अधिनियम में पांच केस व मारपीट का एक केस दर्ज है। आरोपी मोनू के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत दो केस गुरुग्राम में दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

## हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने पकड़ा लाखों का नशीला पदार्थ

गुरुग्राम, 25 अक्टूबर (वेब वार्ता)। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने शनिवार को एक नशा तस्कर को काबू करके उसके कब्जे से लाखों रुपये का नशीला पदार्थ एमडीएमए पकड़ा। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने शनिवार को बताया कि आरोपी को द्वारका एक्सप्रेस-वे पर हरसरू चौक के पास से काबू किया गया है।थाना सेक्टर-10 क्षेत्र में गश्त के दौरान एसआई सुरेन्द्र और उनकी टीम को मुखबिर से तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने रणनीतिक ढंग से संदिग्ध को पकड़ने की तैयारी की। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे हरसरू चौक के निकट से काबू किया। आरोपी की पहचान सचिन पुत्र नरेश के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से 13.05 ग्राम नशीला पदार्थ एमडीएमए और एक कार को बरामद किया

## संक्षिप्त समाचार

### कॉलेज परिसर में छह मंचों पर विभिन्न इवेंट्स का होगा आयोजन

**फरीदाबाद-झज्जर जोन का जोनल यूथ फेस्टिवल तीन से पांच नवंबर तक आयोजित किया जाएगा**

**फरीदाबाद, (एजेंसी)।** एमडी विश्वविद्यालय रोहतक के फरीदाबाद-झज्जर जोन का जोनल यूथ फेस्टिवल तीन से पांच नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस बार फेस्टिवल की मेजबानी पलवल के सरस्वती महिला कॉलेज को सौंपी गई है। शुक्रवार को कॉलेज में आयोजित मीटिंग में तारीखों को अंतिम रूप दिया गया। कॉलेज परिसर में छह मंचों पर विभिन्न इवेंट्स का आयोजन किया जाएगा। बैठक में फरीदाबाद, पलवल और झज्जर जिले के करीब 37 कॉलेजों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

फेस्टिवल के लिए पहले से प्रस्तावित तीन से पांच नवंबर की तारीख को ही फाइनल किया गया है। तीन दिन चलने वाले इस यूथ फेस्टिवल में कुल 45 इवेंट्स होंगे। इनमें थियेटर, नृत्य, डिबेट, पोस्टर, मेहंदी, रंगोली, फोटोग्राफी, भजन, गजल, संगीत, फाइन आर्ट और लिटरेरी से संबंधित प्रतियोगिताएं शामिल रहेंगी। तीन और चार तारीख को छह मंचों पर और पांच तारीख को चार मंचों पर इवेंट्स का आयोजन होगा।

### कॉलेजों को जल्द ही कराना होगा रजिस्ट्रेशन

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कॉलेजों को जल्द ही अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा और यह बताना होगा कि वे किन इवेंट्स में हिस्सा लेंगे। इसके बाद यूनिवर्सिटी की ओर से प्रस्तुति क्रम तय किया जाएगा। डॉ. प्रताप राठी ने कहा कि यूथ फेस्टिवल छात्रों की प्रतिभा को निखारने का एक सशक्त मंच है। हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक कॉलेज और विद्यार्थी इससे जुड़ें। प्रिंसिपल डॉ. वंदना त्यागी ने कहा कि कॉलेज फेस्टिवल को सफल और यादगार बनाने के लिए पूरी तैयारी करेगा।

### खाते में जल्द आएगी छात्रवृत्ति की राशि

**फरीदाबाद, (एजेंसी)।** जिले के राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को जल्द ही छात्रवृत्ति की राशि मिल जाएगी। प्रशासन ने जिला शिक्षा कार्यालय को आदेश जारी कर दिया है। आदेशों में सभी विभागों को आपसी तालमेल मजबूत करने को कहा गया है।आदेश के अनुसार, अब से दाखिले के समय ही छात्रों को छात्रवृत्ति की जानकारी दी जाएगी।

पात्र विद्यार्थियों के बैंक खातों को आधार से लिंक किया जाएगा ताकि उनको किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। अधिकारियों ने बताया कि छात्रवृत्ति का 40 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार और 60 प्रतिशत केंद्र सरकार का होता है।

मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने छात्रवृत्ति के बारे में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्यान विशेष रूप से युवाओं के कौशल विकास पर केंद्रित है। हरियाणा सरकार भी अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के युवाओं के कौशल विकास पर जोर दे रही है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। कोई भी मेधावी या जरूरतमंद छात्र आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई न छोड़े। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि सभी राजकीय विद्यालय में सूचना बोर्ड लगाया जाए, जिस पर छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में लिखी हो। इससे छात्रों को सुविधा होगी।

### अंडर-11 के मुकाबले तीन नवंबर से शुरू होने की उम्मीद

**फरीदाबाद, (एजेंसी)।** विभिन्न जिलों में खेले जा रहे स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य स्तरीय खेलों में अब बारी अंडर-11 आयुवर्ग के खिलाड़ियों के खेलों की है, जो कि तीन नवंबर से शुरू हो सकते हैं। हालांकि, इस पर आधिकारिक मोहर लगना अभी तक बाकी है। जिला खेल शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आगामी अंडर-11 के सांस्कृतिक व अन्य खेलों की शुरुआत तीन नवंबर से होने की उम्मीद है। इनमें विभिन्न खेलों में जिले की कई सारे खिलाड़ी दम दिखाते हुए नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि खेलों की तारीखों को लेकर शिक्षा विभाग की ओर से आधिकारिक घोषणा होना अभी बाकी है। अधिकारियों ने बताया कि सभी खिलाड़ियों के लगभग सभी दस्तावेज जमा हो चुके हैं। अब सिर्फ मुकाबले की तारीखों का ऐलान होना बाकी है।

### दाखिला लेने का आखिरी मौका कल

**फरीदाबाद, (एजेंसी)।** स्नातक और स्नातकोत्तर में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए पोर्टल को तीसरी बार खोला गया था। पंजीकरण कराने की 27 अक्तूबर आखिरी तारीख है। पत्र के अनुसार, 27 अक्तूबर रात 11:59 बजे तक पोर्टल खुला रहेगा। इस दौरान सभी सरकारी, सहायता प्राप्त निजी और स्व-वित्त पोषित कॉलेजों के विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। कई कॉलेजों में सीटें खाली होने के कारण कॉलेज प्रशासन ने पोर्टल को दोबारा खोलने की मांग की थी। कॉलेज प्रशासन खाली सीटें भरने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। छात्रों से अपील की गई है कि वे अंतिम तिथि यानी आज ही पोर्टल पर जाकर पंजीकरण कर लें और आवश्यक दस्तावेजों के साथ कॉलेज में रिपोर्ट करें। इसके बाद दाखिले की प्रक्रिया बंद कर दी जाएगी। इसके लिए पत्र जारी कर विद्यार्थियों को समय से दाखिला लेने का अपील की है।

### आईटीआई में पांच नवंबर तक होंगे ऑन द स्पॉट दाखिले

**गुरुग्राम/फरीदाबाद।** हरियाणा विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने सत्र 2025-26 के लिए सभी राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में दाखिले का अंतिम अवसर प्रदान किया है। विभाग की ओर से जारी नोटिस के अनुसार 5 नवंबर तक ऑन द स्पॉट दाखिले होंगे। अभ्यर्थी पांच नवंबर तक दोपहर 12 बजे तक नए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दाखिला पुराने और नए दोनों प्रकार के आवेदनों की संयुक्त सूची के आधार पर किया जाएगा। संस्थान स्तर पर मेरिट के अनुसार दाखिला सुनिश्चित किया जाएगा और किसी प्रकार का आरक्षण शुल्क नहीं लिया जाएगा। चयनित अभ्यार्थियों को पांच नवंबर दोपहर 12 बजे तक अपने, मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। दाखिले से संबंधित सभी जानकारी और रिक्त सीटों की संख्या विभाग की वेबसाइट और दाखिला पोर्टल पर देखी जा सकती है।

### दौलताबाद क्षेत्र में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**गुरुग्राम।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार नगर निगम गुरुग्राम की प्रवर्तन विंग ने पुलिस विभाग और संबंधित क्षेत्रीय स्टाफ के साथ मिलकर दौलताबाद क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान निगम भूमि पर किए गए अवैध कब्जों और बिना अनुमति बनाए गए ढांचों को हटाया गया। अभियान के दौरान निगम टीम ने मौके पर मौजूद अतिक्रमणकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निगम अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना और क्षेत्र में सुगम आवागमन सुनिश्चित करना है।

### हैंडबॉल की टीम के लिए ट्रायल आज

**गुरुग्राम।** हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन की ओर से 27वें हरियाणा राज्य ओलंपिक गेम्स 2025 का आयोजन दो नवंबर से आठ नवंबर 2025 तक किया जाएगा। खिलाड़ियों ने इसको लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी हैं।

इसी क्रम में हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि गुरुग्राम जिले की हैंडबॉल टीम प्रतियोगिता में भाग लेगी। हैंडबॉल टीम के चयन के लिए पुरुष व महिला खिलाड़ियों का सेलेक्शन ट्रायल आगामी 26 अक्तूबर यानी आज आयोजित किया जाएगा। खेल विभाग ने सभी खिलाड़ियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर उपस्थित होकर ट्रायल में भाग लें।

**किसानों में गन्ने के रेट बढ़ाने को लेकर खुशी की लहर**

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का किसान मोर्चा व गन्ना उत्पादक किसानों ने किया धन्यवाद

**नई दिल्ली। ब्यूरो**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हाल ही में गन्ने के रेट में बढ़ोतरी किए जाने के फैसले को लेकर किसानों में अपार हर्ष का माहौल है। विशेष रूप से गन्ना बाहुल्य जिलों के किसानों और किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने इसे मुख्यमंत्री की ओर से किसानों को दिवाली का तोहफा बताया है।

किसानों और किसान मोर्चा के सदस्यों द्वारा प्रतिदिन मुख्यमंत्री निवास, संत कबीर कुटीर, पर पहुंचकर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया जा रहा है। किसान मुख्यमंत्री को गन्ने की पुली भेंट कर अपनी खुशी और कृतज्ञता प्रकट कर रहे हैं।



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का चंडीगढ़ में गन्ना किसान गन्ने का भाव बढ़ाने पर

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जो स्वयं कृषक पृष्ठ भूमि से हैं और हमेशा किसानों के हितों के लिए तत्पर रहते हैं। अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होते ही किसान हित में बड़ा निर्णय लेते हुए गन्ने के राज्य सलाहकार मूल्य (एसएपी) में 15 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है।

अब हरियाणा में गन्ने की अगेती किस्म का मूल्य 400 रुपये से बढ़ाकर 415 रुपये प्रति क्विंटल तथा पछेती किस्म का मूल्य 393 रुपये से बढ़ाकर 408 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। यह फैसला न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा, बल्कि राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने वालों में कैथल और करनाल जिलों के किसान मोर्चा के सदस्य एवं महिला गन्ना उत्पादक किसान भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। किसानों ने कहा कि यह निर्णय राज्य के गन्ना उत्पादक किसानों के लिए नई ऊर्जा और उत्साह लेकर आया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री भारत भूषण भारती सहित राजबाला चहल, सुनील वत्स, दिनेश पुजार, विनोद गोन्दर, राजबीर चौहान, मनदीप विर्क, सुभाष हजवाना, संजय सैनी अन्य किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री निवास पर डेलिगेशन की भेंट करने हेतु पहुँचे।

# दबंगों का कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्ज़ा कर रहे हैं पराली का कारोबार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** अपना काम चलाने के लिए दबंगों ने कब्रिस्तान की भूमि पर ही अवैध रूप से कब्ज़ा जमा लिया। जिससे कब्रिस्तान मे कब्रो की तो बेहुरमति हो ही रही है पराली एकत्र कर अब जलाकर एनजीटी के नियमों की भी धज्जियां उड़ाई जा रही है।

दरअसल पन्जू सराय तश्तपुर गुसाईन कब्रिस्तान जो की बीघों मे एक बड़ा कब्रिस्तान है। यहां रोड किनारे कब्रिस्तान की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्ज़ा जमा रखा है। बताते चलें कि दबंगों ने कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध रूप से कब्ज़ा कर पराली का कार्य कर रखा है। इनकी दबंगता के चलते कोई भी कुछ बोलने की हिम्मत नहीं कर पाता। कब्रिस्तान के एक हिस्से पर किए गए अवैध कब्ज़े के चलते यहां कब्रिस्तान की बेहुरमति भी खुलेआम हो रही है। बाउण्ड्री टूटी होने से आवारा पशु भी कब्रिस्तान मे प्रवेश कर जाते हैं। सोमवार को यहां पराली के पूलों जलते हुए नज़र आये। एनजीओ के नियमों का खुला उल्लंघन कर पराली जलाने से भी दबंग बाज़ नहीं आये। यह कब्रिस्तान कोई मालूली कब्रिस्तान नहीं बल्कि शहर की नामचीन हस्तियां जो समाज और राजनीति से जुड़ी है वह आराम फ़रमा हैं।

# हज़रत युसूफ मियां के उर्स मे नात ख्वा ने पेश किए मनकबत के नज़राने



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** तीन दिवसीय हज़रत सय्यद युसूफ मियां रहमतुल्ला अलेह का सालाना उर्स मुबारक कुल शरीफ जैसी परम्परागत रस्मों के साथ सम्पन्न हो गया। मुल्क और शहर मे अमन शांति के लिए सज्जादानशींन ने दुआ कराई।

नगर के मौहल्ला चौधरी सराय बदायू दरवाज़ा मुल्लानान गली स्थित खानकाह व दरगाह बज़्मे चिश्तिया साबरिया युसूफिया अरमुगानिया मे मशहूर सूफी संत हज़रत सय्यद युसूफहसन चिश्ती साबरी कलंदरी रहमतुल्ला अलेह का सालाना तीन दिवसीय उर्स मुबारक सोमवार को मुकम्मल हो गया। सुबह नातो मनकबत की महफिल के बाद महफिले समां का आयोजन हुआ। कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश करते हुए सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। दोपहर के समय साहिबे सज्जादानशींन व अध्यक्ष सैयद युनूस मियां ने मुल्क व शहर मे अमन शांति एवं भाईचारे के लिए दुआ कराई। इसके बाद दरगाह पर फूल पेश किए गए और सभी आये अकीदतमन्दों को तर्बरूक बांटा गया। इस मौके पर मौलाना फैजुल इस्लाम, मुशर्रफहुसैन, साबिर हुसैन, शफीक अहमद, बिलाल साबरी, बाबर खां साबरी, सैयद शान अली, फरज़न्द अली वारसी, मुकीम कुरैशी, अकरम पहलवान वारसी, तौसीफसाबरी, माज़ साबरी, मौलाना रउफ, तस्लीम साबरी, सैयद मौहम्मद फैज़, मौ0 जुबैर, वसीम सलमानी, मुज़फ्फर हुसैन, आदि मौजूद रहे।

# सम्भल हिंसा मामले मे तीन आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से ज़मानत



*** फैज़ान, दानिश और नाज़िर की पहले निचली अदालत फिर हाईकोर्ट से खारिज हुई थी ज़मानत**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** हिंसा के आरोप मे जेल मे बन्द तीन आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट ऑफ इण्डिया से ज़मानत मिल गई है। अब तीनो के बाहर आने का रास्ता साफहो गया है। पहले हाई कोर्ट से उनकी ज़मानत खारित हो गई।

बताते चलें कि नगर की शाही जामा मस्जिद के बीते 24 नवम्बर 2024 को हुए सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले मे तीन आरोपी जो कि जेल मे बन्द है उनकी ज़मानत निचली अदालत से खारिज हो गई जिसके बाद होई कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया गया तो वहां से भी जमानत मन्जूर नहीं हो सकी। अब सुप्रीम कोर्ट से तीनो को ज़मानत मिल गई। न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और आर. महादेवन की खंडपीठ ने निचली अदालत को जमानत की शर्तें तय करने का निर्देश दिया है। फैजान निवासी मौहल्ला चौधरी सराय, दानिश निवासी मंडी किशनदास सराय व नाजिर निवासी हिन्दपुरा खेड़ा शामिल हैं जिनको ज़मानत मिली है। हिंसा के आरोप मे पुलिस द्वारा फैजान को नवंबर तथा दानिश को जनवरी और नाजिर को फरवरी माह में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

अधिवक्ता मौ. तोसीफने ज़मानत की बाबत जानकारी देते हुए बताया कि पहले कुछ मामलों में जमानत याचिका मंजूर हुई, लेकिन कुछ धाराओं में खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई। इसको लेकर अधिवक्ता सुलेमान खान ने जानकारी बताया कि संभल कोर्ट और इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद वे सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा। साथ ही बताया गया कि जमानत का यह कहते हुए विरोध किया था कि आरोपियों की पहचान हुई है, वे कैमरे में कैद हैं और उनसे हथियार बरामद हुए हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इन दलीलों को खारिज करते हुए जमानत दे दी, इसे फर्जी अभियोजन कट केस बताया। ज़मानत मिलने के बाद तीनो के बाहर आने का रास्ता साफहो गया है।

# अस्पताल मे फर्ज़ी तरके से उपचार करने वाला झोलाछाप डॉक्टर गिरफ्तार




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** जनपद सम्भल मे लगातार झोलाछाप डाक्टर के खिलाफ एक्शन देखने को मिल रहा है। बीते दिनो एक डॉक्टर को महिला के गलत इंजेक्शन लगाने के मामले मे मृत्यु होने पर गिरफ्तार किया गया था कि अब एक ओर झोलाछाप डॉक्अर पुलिस के हत्थे चढा है।

जानकारी अनुसार कृष्णा कुंज कालोनी बहजोई में एहसान अस्पताल के नाम से अस्पताल संचालित है, जिसके द्वारा जन सामान्य के स्वास्थ्य से खिलवाड करके बिना किसी डिग्री के इलाज किया जाता है। उपरोक्त सूचना के आधार पर स्वास्थ्य विभाग, की टीम, नायाब तहसीलदार चन्दौसी एंव क्षेत्राधिकारी बहजोई टीम गठित कर मौके पर निरीक्षण किया गया जहां पर संगीता पत्नी राजू नि0 नारायण टोला बहजोई का प्रसव करना पाया गया एंव अन्य महिलायें प्रसव हेतु भर्ती थी। दौराने जांच अस्पताल में डाक्टर मौ0 आजम एमडी फिजिशियन, डा0 मौ0 हसीब बैग एंव डाक्टर मसूर बैंग की नियुक्ति दर्शायी गयी, परन्तु मौके पर कोई भी चिकित्सक मौजूद नही मिला और न ही मौके पर कोई स्त्री रोग विशेषज्ञ / शिशु रोग विशेषज्ञ अस्पताल में मौजूद थे और न ही अस्पताल में कोई इस प्रकार की कोई क्रटिकल केयर व्यवस्था मौजूद मिली जिससे की किसी गंभीर स्थिति से किसी मरीज की जान बचायी जा सकें। उक्त चिकित्सालय का संचालन चिकित्सालय के मालिक/नेत्र परीक्षक औबेस खान पुत्र अहसान नि0 कृष्णाकुंज कालोनी थाना बहजोई जनपद सम्भल के द्वारा खुद को डाक्टर दर्शाकर सभी प्रकार के रोगो का फर्जी तरीके से इलाज किया जा रहा था, जो अपने इस कृत्य से जनता को गुमराह कर बिना प्रमाणित डिग्री के उनके स्वास्थ्य से खिलवाड कर धन उगाही कर रहा था, जिस सम्बन्ध में मौके पर मौजूद सभी घटना से सम्बन्धित उपकरण आदि बरामद करते हुये थाना बहजोई पर मुकदमा राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधि0 2019 बनाम मौ0 औबेस खान दर्ज किया गया। पूछताछ के दौरान मौ0 औबेस खान के द्वारा मौ0 कृष्णाकुंज बहजोई में अहसान अस्पताल के नाम से मरीजो का सभी प्रकार के रोगो का इलाज एंव महिला / शिशु रोग विशेषज्ञ के बिना गर्भवती महिलाओं का प्रसव बिना किसी वैध प्रमाण पत्र/ उपाधि के कराया जा रहा था जबकि अस्पताल के रजिस्ट्रेशन में किसी स्त्री रोग विशेषज्ञ का उल्लेख नही है और न ही अभियुक्त मौ0 औबेस खान उपरोक्त के पास भी डाक्टर की कोई वैध प्रमाण पत्र/ उपाधि है।

# महिलाओं को जागरूक करने के लिए एण्टी रोमियों टीम व मिशन शक्ति अभियान चलाया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भलकृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जनपद सम्भल सुश्री अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# करोड़ों की भूमि पर था अवैध कब्ज़ा प्रशासन ने बुलडोज़र चलाकर कराया मुक्त




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** 28 करोड़ की भूमि पर अवैध रूप से कब्ज़ा कर की जा रही भूमि से प्रशासन ने बुलडोज़र चलाकर कब्ज़ा मुक्त करा दिया। इस कार्यवाही से हड़कम्प मच गया। तहसीलदार समेत राजस्व विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रही।

दरअसल अवैध कब्ज़ेदारों के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के क्रम में राजस्व प्रशासन ने क्षेत्र के मौहल्ला शेर खां सराय स्थित 27 बीघा सरकारी भूमि की जानकारी होने पर सज्ञान लिया और मौके पर जा पहुंचे। अवैध रूप से कब्ज़ायी गई भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराने के लिए सोमवार को तहसीलदार धीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम बुल्डोजर जस्टिस के साथ पहुंची और भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराने की कार्रवाई शुरू की। जमीन पर बोई फसल को बुल्डोजर जस्टिस से तहस-नहस कराकर कब्ज़ा मुक्त की गई। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने मीडिया को बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेर खा सराय में करीब 27 बीघा भूमि पर दो दशक से अवैध् कब्ज़ा कर लिया गया था। बताया जा रहा है कि भूमि पर हरिओम गुप्ता निवासी मौहल्ला ठेर का कब्ज़ा था। भूमि की कीमत लगभग 28 करोड़ रुपये है। तहसीलदार ने बताया कि यह जमीन राजस्व विभाग के नाम पर दर्ज है, जिस पर करीब दो दशक से कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर खेती की जा रही थी। बताया जा रहा है कि कब्ज़ा मुक्त करायी गई भूमि भूमि भट्टा की जमीन के रूप में चिन्हित थी। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा जिससे किसी तरह की अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो।

# स्कूल का निरीक्षण कर डीएम ने मांगे बच्चों और अभिभावकों से सुझाव



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा विकासखण्ड बहजोई के उच्च प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर नसरुल्लापुर का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा उपस्थित पंजिका को चेक किया। रेनवाटर हार्वेस्टिंग तथा साफ़ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश/2047 के विजन डॉक्यूमेंट के लिए बच्चों के अभिभावकों एवं अन्य ग्रामीणों से अधिक से अधिक सुझाव फीडबैक प्राप्त किये जाएं ताकि शासन की नीति निर्माण कार्य में स्थानीय भागीदारी हो सके। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी पोप सिंह एवं अध्यापक तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सहारनपुर पुलिस का "NO HELMET-NO FUEL" अभियान

*** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु सहारनपुर पुलिस की विशेष पहल**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जनपद सहारनपुर में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने तथा आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक यातायात के निकट पर्यवेक्षण में ÷नो हेलमेट-नो फ्यूल÷ अभियान चलाया गया। आज जनपद के सभी पेट्रोल पम्पों पर पुलिस टीमों द्वारा व्यापक चेकिंग की गई।

दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता के बारे में जागरूक किया गया और बिना हेलमेट आने वालों को ईंधन नहीं दिया गया। सहारनपुर पुलिस की आमजन से अपील, दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें। कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। धीमी गति एवं अपनी लेन में चलें।

\` किसी भी आपात स्थिति/दुर्घटना में 108 या 112 पर संपर्क करें। क्या न करें:नशीले पदार्थ/शराब का सेवन कर वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें। तेज गति से वाहन न चलाएं। उद्देश्यः यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने, ट्रैफिक नियमों के पालन की प्रवृत्ति विकसित करने एवं सड़क पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है। सहारनपुर पुलिस का संदेश÷सुरक्षित रहें, नियमों का पालन करें – जीवन अनमोल है।

# 30 अक्टूबर को आयोजित होगा प्लेसमेंट-डे

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार के अन्तर्गत उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार जनपद के नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रत्येक माह एक रोजगार (प्लेसमेंट-डे) मेले का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, जिसके माध्यम से अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को प्लेसमेंट-डे के अवसर पर रोजगार प्राप्त हो सकें। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य श्री राकेश कुमार ने बताया कि जनपद में (प्लेसमेंट-डे) रोजगार दिवस 30 अक्टूबर 2025 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, दिल्ली रोड में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें अशोक लीलैंड अलवर राजस्थान, हीरो मोटो कॉर्प नीमराना अलवर राजस्थान, बिरला ऐसोसिएट डेरा बस्सी पंजाब प्रतिभाग कर रही है। मेले में तकनीकी गैर तकनीकी पदों पर अभ्यार्थियों को साक्षात्कार के द्वारा चयन किया जायेगा। ऐसे अभ्यार्थी जो आई0टी0आई0 पास हो, जिनकी आयु 18 से 30 वर्ष के मध्य हो वह 30 अक्टूबर 2025 को प्रातः दस बजे से सांय के तीन बजे तक अपना बायो डाटा एवं शैक्षित प्रमाण-पत्र के साथ टी0सी0पी0 सेल/कक्ष में उपस्थित होकर, प्लेसमेंट-डे के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर सकते है।

# 29 अक्टूबर को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा 29 अक्टूबर 2025 को एक रोजगार मेले का आयोजन क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर में सुबह दस बजे किया जाएगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 10 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी।

सहायक निदेशक सेवायोजन अनिल कुमार गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो 10वीं, 12वीं, आईटीआई, स्नातक इत्यादि पास एवं 18 से 35 वर्ष की आयु के हों तो रोजगार मेले में भाग ले सकते है। प्रतिभागी इच्छुक अभ्यर्थियों को rojgaarsangam.up.gov.in पर पंजीकरण करना अनिवार्य है।

# जनपद के युवक भविष्य के संचालक, विजन डॉक्यूमेंट 2047 के नीति निर्माण में उत्साह के साथ करें सहभागिता

*** मोबाइल में क्यू आर कोड स्कैन कर दें प्रगतिशील सुझाव**

*** विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान के संबंध में ग्रामीण स्तर से जिला स्तर तक आयोजित हो रही मंथन गोष्ठियां**

*** जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से की अपील, जनभागीदारी से निर्मित होने वाले विजन डाक्यूमेंट 2047 में दें अधिकतम फीडबैक**

*** जनपद को समर्थ, समृद्ध एवं सशक्त बनाने के लिए आमजन की अधिकतम सहभागिता आवश्यक**

*** 31 अक्टूबर के बाद नहीं दे पाएंगे सुझाव**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान के संबंध में बताया कि ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों, नगर पंचायतों, नगर पालिकाओं एवं नगर निगम के वार्डो में अधिकतम जनसहभागिता के साथ आमजनों को संवेदीकृत हेतु वृहद मंथन गोष्ठियां आयोजित की जा रही है।

श्री बंसल ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की अध्यक्षता में वृहद रूप से आयोजित हो रही गोष्ठियों में आमजन द्वारा बहुमूल्य फीडबैक दिये जा रहे है। जनपद फीडबैक देने के संबंध में सर्वोच्च स्थान पर रहे इसके लिए प्रयास किया जाए कि 31 अक्टूबर तक प्रत्येक घर से फीडबैक आए। इसमें सभी वर्गों के लोग सम्मिलित हों। पुरूष, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग, संभ्रान्तजन, सेवानिवृत्त व्यक्ति शामिल हों जिससे विचारों में समग्रता रहे। उन्होने कहा कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से विजन डाक्यूमेंट बनाना माननीय मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में शामिल है। यह एक साझा लक्ष्य है जोकि जनता के विश्वास और सक्रिय सहभागिता से आगे बढता है। यह परिकल्पना हर प्रदेशवासी के सहयोग से ही साकार होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि शताब्दी मिशन अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति एवं जीवन शक्ति की थीम पर चिन्हित 12 सैक्टरों कृषि एवं सम्बद्ध, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी एवं इमर्जिंग टैक्नोलोजी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं सुशासन के तहत अपने मत को अधिक से अधिक जनभागिदारी से विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प 2047 में समृद्धि का शताब्दी पर्व मनाने के लिए अधिक से अधिक फीडबैक क्यूआर कोड या वेबसाइट के माध्यम से देकर विजन डाक्यूमैंट बनाने में सहयोग दें।

# जागरूकता चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के विशेष अभियान के अंतर्गत विकासखंड बलियाखेड़ी के ग्राम सुनहेटी खड़खड़ी, सहारनपुर में जागरूकता चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं/बालिकाओं को घरेलु हिंसा एवं दहेज उन्मूलन विषय पर चर्चा करते हुये महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं यथा निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्प लाइन, दत्तक ग्रहण इकाई आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई,साथ ही सभी हेल्प लाइन नंबर जैसे चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, महिला पावर हेल्पलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181 पुलिस हेल्पलाइन 112, एंबुलेंस सेवा 108 तथा 102 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**नाम शुद्धिकरण सूचना**

मेरे पुराने पासपोर्ट संख्या-N9693275 में मेरे पति का नाम MOHD ASLAM KHAN अंकित है जबकि सभी सरकारी दस्तावेजों में मेरे पति का नाम MOHD ASLAM दर्ज है। **पताः**-Kishwar Jahan W/o Mohd Aslam, निवासी म०नं०-124 गांव खेडा मेवात, पोस्ट चिलकाना, सहारनपुर उ0प्र0-247231

**नाम शुद्धिकरण सूचना**

मैंने अपना नाम MOHD ASLAM KHAN से बदलकर MOHD ASLAM कर लिया है। अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए **MOHD ASLAM** के नाम से जाना जायेगा। **पताः**-Mohd Aslam S/o Sabbeer Ahamad, निवासी म०नं०-124 गांव खेडा मेवात, पोस्ट चिलकाना, सहारनपुर उ0प्र0-247231

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता (निर्माण) उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली निम्न लिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बिजवासन में कोचिंग एवं फ्रेट टर्मिनल के विकास के संबंध में रनिंग रूम, कार्यालय ब्लॉक, सिक लाइन शेड, वाशिंग लाइन, व्हील शेड, पावर कार शेड और अन्य सेवा भवनों का विद्युतीकरण तथा सबस्टेशन कार्य सहित अन्य संबद्ध विद्युत कार्य। |
| 2 | कार्य समापन अवधि | 12 महीने |
| 3 | अनुमानित लागत | ₹ 7,90,77,151.73/- |
| 4 | धरोहर राशि | ₹ 5,45,400/- |
| 5 | ई–निविदा जमा करने एवं निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक **19.11.2025** समय **11:30** बजे तक **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक **19.11.2025** समय **11:30** बजे खोली जाएगी। |
| 6 | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी | विस्तृत निविदा सूचना उत्तर रेलवे वैबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है और निविदा पत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **05.11.2025** से **19.11.2025** तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा पत्र में दिये गये हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। |

संख्याः 17–वि०/उप मु० वि० अभि०/सी०/टी०/160C दिनांक : 27.10.2025 3333/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/दिल्ली/लाइन के अनुभाग में सदर बाजार रेलवे स्टेशन से पुल बंगश–पुल डफरिन, पुल डफरिन से सदर बाजार रेलवे स्टेशन तक जल निकासी व्यवस्था में सुधार के लिए त्रिभुज क्षेत्र में आरसीसी नाली के निर्माण का शेष कार्य। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.1,58,70,502.45/– (रुपये एक करोड़ अठठावन लाख सतर हजार पांच सौ दो और पैंतालीस पैसे मात्र) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु.2,29,400/– (रुपये दो लाख उनतीस हजार चार सौ मात्र) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.0.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 17.11.2025 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| आवंटन | 29536203 |

- ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) **IREPS)** साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

निविदा संख्या : 128–डब्लू/280/ई–निविदा सूचना/37–2025–26/डब्लू–3
दिनांक : 24.10.2025

3328/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# कार्बाइन पिस्टल एवं अलार्म एफिशिएंसी रेस प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** 50वीं अंतर्जनपदीय वार्षिक शूटिंग एवं कार्बाइन पिस्टल एवं अलार्म एफिशिएंसी रेस प्रतियोगिता वर्ष 2025 में बरेली जोन की प्रतियोगिता जनपद बदायूं में 28 सितम्बर से 30 सितम्बर 2025 तक आयोजित हुई। जिसमे प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों को पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय पर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। सम्भल पुलिस द्वारा राइफल शूटिंग पुरानी स्पर्धा एवं राइफल नहीं स्पर्धा में जनपद संभल की पुलिस के खिलाड़ियो मे राइफल शूटिंग पुरानी स्पर्धा मे 100 गज- आरक्षी चालक प्रमोद नागर -प्रथम स्थान, 200 गज- आरक्षी अंकित कुमार -तृतीय स्थान, 300 गज- मुख्य आरक्षी देवेंद्र सिंह -प्रथम स्थान, 300 गज स्नैप शूटिंग- मुख्य आरक्षी अमित मलिक -तृतीय स्थान, 300 मी 17 वाल- मुख्य आरक्षी शेर सिंह राणा -प्रथम स्थान, राइफल शूटिंग नई स्पर्धा मे 300 मी -मुख्य आरक्षी देवेंद्र सिंह -प्रथम स्थान, 300 मी-मुख्य आरक्षी नीरज कुमार -तृतीय स्थान, राइफल्स शूटिंग बिग बर नई स्पर्धा मे 300 मीटर थ्रीपी- मुख्य आरक्षी देवेंद्र सिंह -द्वितीय स्थान, मुख्य आरक्षी देवेंद्र सिंह सर्वोच्च लक्ष्य भेदक -प्रथम स्थान रहे। प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों मे मुख्य आरक्षी नीरज कुमार, मुख्य आरक्षी हरवीर सिंह, मुख्य आरक्षी देवेंद्र सिंह, मुख्य आरक्षी शेर सिंह राणा, मुख्य आरक्षी अमित मलिक, मुख्य आरक्षी विकास कुमार, मुख्य आरक्षी नीरज कुमार, आरक्षी अंकित कुमार, आरक्षी राजवीर सिंह, आरक्षी चालक प्रमोद नगर आदि रहे।

P-06:28 paga09_jhn.qxd 10/27/2025 6:30 PM Page 1



# सम्पादकीय

## आसियान में मोदी की गैरहाजिरी

दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन, आसियान का शिखर सम्मेलन मलेशिया में होने जा रहा है। जिसमें इस बार भारत की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी शामिल नहीं हो रहे हैं, उनका प्रतिनिधि बनकर एस जयशंकर पहुंच रहे हैं। श्री मोदी की गैरहाजिरी को लेकर कोई ठोस कारण अब तक सामने नहीं आया है कि फलां-फलां वजह से मलेशिया पहुंचना बिल्कुल ही असंभव था। हालांकि कांग्रेस पार्टी का कहना है कि ट्रंप से आमना-सामना न हो, इससे बचने के लिए नरेन्द्र मोदी आसियान में नहीं गए। वहीं हो सकता है कि बिहार चुनाव की व्यस्तता भी मोदी को देश के लिए जरूरी कामों से दूर कर रही है। प्रधानमंत्री का काम छोड़कर बीजेपी के लिए चुनाव प्रचार करने का काम मोदी पहले भी करते रहे हैं। बहरहाल, आसियान जैसे मंच क्षेत्रीय और वैश्विक राजनीति में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए जरूरी होते हैं। मोदी बार-बार भारत को विश्वगुरु बनाने की बात करते हैं, लेकिन सोचने वाली बात है कि क्या इस तरह भारत का रसूख कायम होगा। विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष जब आपस में मिलते हैं तो जरूरी मुद्दों पर चर्चा होती है, कई ऐसे समझौतों की राह बनती है, जो फोन पर चचाओं में संभव नहीं है। अमेरिका से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी मलेशिया पहुंचे हैं और रास्ते में वो कतर होते हुए आए। दुनिया के दूसरे कोने से ट्रंप बार-बार एशिया का रुख कर रहे हैं, क्योंकि यहां उन्हें व्यापारिक, राजनैतिक, सामरिक लाभ नजर आ रहे हैं। रविवार सुबह ट्रंप रविवार सुबह मलेशिया के दौरे पर पहुंचे और कुआलालंपुर में उनकी मौजूदगी में थाईलैंड और कम्बोडिया ने सैन्य संघर्ष को खत्म करने के लिए शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। ट्रंप ने कहा कि जिसे लोग असंभव मान रहे थे, उसे उन्होंने संभव कर दिखाया है। गौरतलब है कि थाईलैंड और कम्बोडिया के बीच एक मंदिर विवाद को लेकर 5 दिनों तक जंग चली थी, जिसमें 48 लोगों की मौत हुई थी। इसे खत्म करने में ट्रंप की अहम भूमिका बताई जा रही है। ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में रणनीतिक तौर पर खुद को शांतिदूत साबित करने में लगे हुए हैं। भारत-पाकिस्तान के बीच भी युद्ध रुकवाने का दावा कम से कम 50 बार तो कर ही चुके हैं, जिसे मोदी ने गलत साबित करने की पुख्ता कोशिश एक बार भी नहीं की। उधर रूस से तेल खरीद को रोकने के लिए भी ट्रंप भारत पर दबाव बनाने की बात कह रहे हैं। मोदी इसे भी नकार नहीं रहे। ऐसा नहीं है कि ट्रंप बड़ी नेकनीयत से ये सारे काम कर रहे हैं। शांति का उनका विचार गांधी और नेहरू के विचारों से दूर-दूर तक मेल नहीं खाता है। ट्रंप दबाव की राजनीति में यकीन रखते हैं और दुनिया पर वही थोप रहे हैं। अगर भारत की मौजूदा सरकार गांधीवादी सिद्धांतों और नेहरूवादी रणनीति के साथ बढ़ती तो ट्रंप की हिम्मत नहीं होती कि वो इतनी बेतकल्लुफी के साथ भारत के प्रधानमंत्री के लिए बयान देते। लेकिन अभी की शर्मनाक हकीकत यही है। ट्रंप शांतिदूत वाले चोगे को पहनकर बड़ी चतुराई से भारत को अलग-थलग कर रहे हैं। पाकिस्तान पूरी तरह से ट्रंप की सरपरस्ती में है, अब मलेशिया में ट्रंप की मुलाकात चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से होने वाली है। चीन भी भारत के खिलाफ पाकिस्तान को समर्थन देता है और अब व्यापार के फायदे को देखते हुए अमेरिका और चीन बाकी विवादों को सुलझा लेंगे, तब भारत के लिए खतरे कितने बढ़ जाएंगे, इस बात पर मोदी सरकार को ध्यान देना चाहिए। भारत पर तो अमेरिका ने भारी भरकम टैरिफ लगा ही दिया है, इसके अलावा एच 1 बी वीजा को भी इतना कठिन कर दिया है कि हजारों परिवार इससे प्रभावित हो गए हैं। वहीं चीन पर भी अमेरिका ने टैरिफ लगाया था, जिसके जवाब में चीन ने अमेरिकी किसानों से सोयाबीन खरीद को रोक लगाकर अमेरिका की ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर चोट की है।

### विशेष

## दिल्ली की साँसें : जहरीली हवा में जहर के घूंट

-दिलीप कुमार पाठक-

दीपावली के बाद अक्टूबर को दिल्ली एक बार फिर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गया। इसके पीछे एक बड़ा कारण दिवाली की रात को भारी मात्रा में पटाखे फोड़ना रहा। यूं तो दिल्ली सरकार ने दावा किया था कि इस दिवाली सिर्फ ग्रीन पटाखे जलाए जाएंगे, जिससे कि 20-30% कम प्रदूषण होगा लेकिन हकीकत में यह दावा जमीनी सच्चाई से मेल खाता नहीं दिखा। दिल्ली में सरकार भी बदल गई, परंतु परिस्थितियों में कोई सुधार नहीं हुआ है। एक तरफ जहां दिवाली से पहले पारंपरिक पटाखे धड़ल्ले से बेचे गए तो दूसरी तरफ दिवाली की रात सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध की धज्जियां उड़ाते हुए देर रात तक पटाखे जलाए गए। इस सबका असर यह हुआ कि दिवाली की रात में ही दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 999 के पार पहुंच गया। नतीजा आज दीपावली के कई दिन बाद भी दिल्ली की हवा बेहद खराब स्थिति में है, और दिल्ली के लोगों का दम घोंट रही है। इस जहरीली हवा से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं बच्चे और बुजुर्ग। खासकर वो बच्चे जो अस्थमा या सांस की बिमारियों से जूझ रहे हैं। उनके लिए हर एक सांस जहर का घूंट पीने जैसा है। कई बच्चे तो इस दौरान पूरी तरह नेब्युलाइजर पर पूरी तरह निर्भर हो गए हैं। शारीरिक गतिविधि (खेलना, कूदना, दौड़ना आदि) छोटी उम्र के बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ विकास के लिए भी बहुत जरूरी है, स्कूली शिक्षा भी प्रभावित हो रही है, बढ़ते प्रदूषण के चलते दिल्ली के ज्यादातर बच्चे घरों में रहने को मजबूर हैं।

दीपावली की रात के पटाखों ने भारत की राजधानी को फिर से साँस लेने लायक नहीं छोड़ा। उत्सव के कुछ ही घंटों में दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) हानिकारक स्तर तक पहुंच गया, जिससे शहर ऐसा प्रतीत हुआ जैसे, एक गैस चेंबर बन गया हो। दिल्ली के हर व्यक्ति, छोटे बच्चों समेत, के फेफड़ों पर असर लगभग 50 सिगरेट रोज पीने के बराबर होता है। दिवाली के तुरंत बाद पल्मोनरी मामलों में 20% की बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह जीवन के लिए असहनीय है। लगातार इस वातावरण में जीना वास्तव में उम्र को काफी कम कर देता है। धुंध के बीच सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और बेरियम नाइट्रेट जैसे प्रदूषक एक घातक मिश्रण में बदल जाते हैं, जिसे अब हम स्मॉग कहते हैं। वाहन उत्सर्जन, औद्योगिक अपशिष्ट और कचरा प्रबंधन की कमी पृष्ठभूमि है, लेकिन पराली जलाना और पटाखों की आतिशबाजी हर सर्दी में संकट को और बढ़ा देते हैं। इस साल पंजाब और हरियाणा में खेतों की आग में 77% की कमी के बावजूद, दिवाली के बाद शहर की हवा और खराब हो गई, जिससे पटाखों के उत्सर्जन को प्रमुख दोषी माना जा रहा है। वायु प्रदूषण को लेकर संकट राजनीतिक सुस्ती और दोषारोपण के कारण चल रहा है, चूंकि नेताओ की करनी-कथनी में फर्क. है। राजनेताओ से और क्या उम्मीद करें? वे तथ्यों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से नहीं देखते। दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक एयरशेड अप्रोच जरूरी है। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में समन्वित योजना की आवश्यकता है। नेता तो राज्यों की अपनी समस्या कहकर खुद को बचा लेते हैं परंतु हवा को पता है कि किस राज्य में किसकी सरकार है लेकिन वायु प्रदूषण का खासा असर आर्थिक और मानवीय मूल्यों को प्रभावित करने वाला है। अब दिल्ली में धूम्रपान करने वालों और न करने वालों में कोई अंतर नहीं है। गैर-धूम्रपानकर्ता भी फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित हो रहे हैं। बच्चों की संज्ञानात्मक क्षमता घट रही है, उत्पादकता कम हो रही है, और स्वास्थ्य खर्च बढ़ रहे हैं। फिर भी प्रदूषण कभी भारत में चुनावी मुद्दा नहीं बना। भारत में बुनियादी मुद्दों पर चर्चा बहुत कम ही होती है, और यही सबसे ज़्यादा दुःखद है।

# शिक्षित वर्ग में जातीय पूर्वाग्रह का स्थायित्व

-डॉ. प्रियंका सौरभ-

भारतीय समाज की संरचना में जाति एक ऐसी संस्था रही है जिसने व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु तक उसके जीवन को प्रभावित किया है। संविधान निमार्ताओं ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था जहाँ व्यक्ति की पहचान उसकी योग्यता, नैतिकता और कर्म पर आधारित हो, न कि जन्मजात सामाजिक वर्ग पर। इसी उद्देश्य से संविधान में समानता का अधिकार, अवसरों की समानता, और अस्पृश्यता के उन्मूलन जैसी कई सुरक्षा धाराएँ जोड़ी गईं। किंतु सात दशक से अधिक बीत जाने के बाद भी यह स्वीकार करना होगा कि जाति की चेतना केवल गाँवों तक सीमित नहीं रही; उसने शिक्षित, शहरी और व्यावसायिक तबकों में भी अपने रूप बदले हुए स्वरूप में अस्तित्व बनाए रखा है। संविधान ने अनुच्छेद 14 से 17 के माध्यम से स्पष्ट रूप से सभी नागरिकों को समानता और सम्मान का अधिकार दिया। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने इसे केवल विधिक समानता का नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक समानता का माध्यम बताया था। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि सामाजिक असमानता बनी रही तो राजनीतिक समानता टिक नहीं सकेगी। यह चेतावनी आज भी प्रासंगिक प्रतीत होती है, क्योंकि कानून की शक्ति के बावजूद समाज की मानसिकता में गहराई से जमी जाति-आधारित सोच पूरी तरह समाप्त नहीं हो पाई है।

शिक्षा को सामाजिक चेतना का वाहक माना जाता है, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से शिक्षित वर्ग में भी जातीय पूर्वाग्रह सूक्ष्म और परिष्कृत रूपों में जीवित हैं। विश्वविद्यालयों और पेशेवर संस्थानों में प्रवेश के दौरान, सहकर्मी संबंधों में या सामाजिक नेटवर्किंग में अक्सर जाति एक अनकही पहचान के रूप में उपस्थित रहती है। मेरिट की चर्चा करते हुए कई बार लोग आरक्षण नीति को लेकर पूर्वाग्रह रखते हैं और यह मान बैठते हैं कि आरक्षित वर्गों के लोग स्वाभाविक रूप से कम योग्य हैं। यह धारणा आधुनिक भारत के शिक्षित तबके में भी समानता के सिद्धांत को चुनौती देती है।

शहरीकरण और औद्योगीकरण को जातीय सीमाओं को तोड़ने वाला माना गया था। परंतु व्यवहार में देखा जाए तो शहरों में भी जातीय चेतना नई संरचनाओं में पुनर्जीवित हुई है। उदाहरण के लिए, महानगरों में भी अधिकांश लोग अपने ही जाति-समूहों में विवाह करते हैं। मैट्रिमोनी वेबसाइट्स पर जाति और उपजाति आज भी प्रमुख फिल्टर के रूप में मौजूद हैं। इसका अर्थ यह है कि आर्थिक प्रगति और आधुनिकता ने बाहरी व्यवहार को तो बदला है, परंतु सामाजिक मनोविज्ञान अब भी जाति के घेरे से मुक्त नहीं हो सका है। व्यावसायिक क्षेत्रों में भी जाति की उपस्थिति को नकारा नहीं जा सकता। पारंपरिक रूप से व्यापार और व्यवसाय कुछ खास जातियों के वर्चस्व में रहे हैं, और आधुनिक कॉर्पोरेट ढाँचे में भी यह प्रवृत्ति अप्रत्यक्ष रूप से जारी है। नेटवर्किंग, निवेश और अवसरों तक पहुँच में जातीय सामाजिक पूँजी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उदाहरणस्वरूप, किसी व्यापारिक समुदाय के सदस्य एक-दूसरे को व्यवसायिक सहयोग देना अधिक सहज समझते हैं। इसी तरह नौकरियों में भर्ती या पदोन्नति के दौरान सांस्कृतिक मेल या नेटवर्क फिट जैसे अस्पष्ट मानदंडों के तहत कई बार सामाजिक पूर्वाग्रह सक्रिय रहते हैं।

राजनीतिक रूप से भी जाति चेतना ने आधुनिक लोकतंत्र में नई ऊर्जा प्राप्त की है। शहरी मध्यम वर्ग स्वयं को अक्सर जाति से ऊपर बताता है, लेकिन चुनावों के दौरान वही वर्ग जातिगत पहचान के आधार पर अपनी निष्ठा तय करता दिखाई देता है। जातीय संगठन, छात्र संघ और पेशेवर एसोसिएशन अब अपनी जातिगत पहचान को अधिकारों की माँग से जोड़ रहे हैं। इस तरह जाति अब केवल सामाजिक संस्था नहीं रही, बल्कि यह राजनीतिक संसाधन और सामाजिक पूँजी का रूप ले चुकी है। भारत में शहरी क्षेत्रों में जाति का यह रूप प्रकट भेदभाव की अपेक्षा सांकेतिक भेदभाव के रूप में उभरता है। किसी को उसकी जाति के कारण सीधे अपमानित करना अब कानूनन अपराध है, परंतु सूक्ष्म रूपों में यह मानसिकता सामाजिक जीवन में व्याप्त रहती है। उदाहरण के लिए, किसी कर्मचारी के सामाजिक पृष्ठभूमि का उपहास करना, आरक्षण को लेकर तंज कसना, या सहकर्मी के साथ सामाजिक दूरी बनाकर रखना-ये सब जाति-आधारित पूर्वाग्रह के ही रूप हैं।

डिजिटल युग में जातीय चेतना ने एक नया माध्यम प्राप्त किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर जातीय समूहों के पेज, संगठन और समुदाय अपने गौरव और इतिहास का प्रचार करते हैं। यह सांस्कृतिक आत्मसम्मान का प्रतीक हो सकता है, लेकिन कई बार यह प्रतिस्पर्धात्मक जातीयता में बदल जाता है, जिससे समाज में नये विभाजन पैदा होते हैं। हम बनाम वे की मानसिकता अब वर्चुअल दुनिया में भी कायम है। आर्थिक उदारीकरण के बाद माना गया था कि वैश्विक बाजार और निजी क्षेत्र में योग्यता ही सर्वोपरि होगी। परंतु 1990 के दशक से लेकर आज तक के अध्ययन यह दशार्ते हैं कि कॉर्पोरेट सेक्टर में भी दलित और पिछड़े वर्गों की भागीदारी अपेक्षाकृत कम है। निजी क्षेत्र में आरक्षण का प्रावधान नहीं होने के कारण यह असमानता और बढ़ी है। परिणामस्वरूप, आधुनिकता और बाजारवाद ने समान अवसरों का भ्रम तो दिया, परंतु जातीय असमानता की वास्तविकता को समाप्त नहीं कर पाया।

शहरी मध्यम वर्ग का एक बड़ा हिस्सा जाति को औपचारिक रूप से अस्वीकार करता है, परंतु अनौपचारिक जीवन में यह वर्ग जाति-संबंधी पहचानों का उपयोग करता है। यह विरोधाभास आधुनिक भारत की सामाजिक जटिलता को दशार्ता है। उदाहरण के लिए, कोई व्यक्ति कार्यालय में स्वयं को उदारवादी बताता है, लेकिन विवाह के लिए अपने बच्चों के लिए जाति आधारित विकल्प ही स्वीकार करता है। इस दोहरे व्यवहार से स्पष्ट होता है कि जाति का सामाजिक प्रभाव अब भी जीवन के सबसे निजी निर्णयों तक पहुँचा हुआ है। जातीय चेतना की निरंतरता का एक कारण यह भी है कि समाज में जाति अब केवल उत्पीड़न का प्रतीक नहीं, बल्कि पहचान और समुदाय के सहारे के रूप में भी देखी जाने लगी है। विशेषकर आरक्षण और सामाजिक न्याय की राजनीति के बाद वंचित समूहों ने जाति को अपने अधिकारों की रक्षा का माध्यम बनाया है। इससे जाति का एक सकारात्मक विमर्श भी उभरा है, जो आत्मसम्मान और प्रतिनिधित्व की बात करता है। किंतु इस प्रक्रिया में जाति की सीमाएँ पूरी तरह समाप्त नहीं हुई, बल्कि उनका रूपांतर हो गया। सामाजिक वैज्ञानिकों का मानना है कि भारतीय शहरी समाज में अब जाति एक रिसोर्स नेटवर्क बन चुकी है। यह पारंपरिक बंधन से निकलकर आधुनिक संपर्क माध्यम बन गई है। नौकरी, व्यवसाय या राजनीति में यह अब भी विश्वास, सहयोग और संसाधनों के वितरण का आधार है। इससे यह स्पष्ट होता है कि आधुनिकता ने जाति को खत्म नहीं किया, बल्कि उसे नए रूप में ढाल दिया। संवैधानिक सुरक्षा उपायों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करते समय यह भी समझना आवश्यक है कि कानून केवल ढाँचा प्रदान कर सकता है, लेकिन सामाजिक चेतना का परिवर्तन धीरे-धीरे ही होता है। शिक्षा और आर्थिक प्रगति ने जातीय असमानता को चुनौती दी है, परंतु सामाजिक व्यवहार में परिवर्तन की गति धीमी है। जब तक सामाजिक सम्मान, अवसर और पहचान का आधार व्यक्ति की व्यक्तिगत योग्यता न होकर समूहगत पहचान रहेगी, तब तक जातीय चेतना बनी रहेगी। समाजशास्त्री आंद्रे बेतिए, एम.एन. श्रीनिवास और गोपीनाथ मोहंती जैसे विचारकों ने बार-बार यह बताया कि भारत में शहरीकरण का अर्थ पारंपरिक ढाँचों का पूर्ण विघटन नहीं, बल्कि उनका पुनसंर्योजन है। यानी, गाँव की जाति व्यवस्था का बाहरी रूप भले टूटे, पर उसकी मानसिकता शहर में नए रूप में पुनः निर्मित हो जाती है। यही कारण है कि आईटी सेक्टर, मीडिया, शिक्षा, और चिकित्सा जैसे आधुनिक क्षेत्रों में भी जाति से जुड़ी असमानताएँ सूक्ष्म रूपों में विद्यमान हैं। जातीय चेतना की यह निरंतरता भारतीय लोकतंत्र के लिए एक चुनौती भी है और अवसर भी।

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 कई मायनों में ऐतिहासिक है

-कांतिलाल मांडोत-

देश के उत्तरभारत में बिहार का एक मुकाम है। बिहार के चुनाव पर पूरे देश की नजर है। इस परिणाम का असर भारतीय राजनीति पर पड़ेगा। प्रदेश में भाजपा और नीतीश कुमार गठबंधन की सरकार पूरे जोश के साथ चुनाव मैदान में उतर चुकी है। 24 अक्टूबर को विधिवत मोदी के नेतृत्व में चुनाव प्रचार भी शुरू हो गया है। पार्टी को भरोसा है कि इस चुनाव में वो फिर से सतारूढ़ सरकार नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनाएंगे। नीतीश कुमार के नेतृत्व में कोई चेहरा नही ठहरता है। बिहार देश की राजनीती की दिशा तय करेगा। बिहार को पहले लालू के कार्यकाल में पिछड़ा राज्य माना जाता था। लेकिन बीस साल से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने बिहार को विकास योजनाओं के साथ जोड़कर महिलाओ और युवाओ को नई दिशा दी है। लालू के कार्यकाल में सरकार की आलोचनाएं होती थी। लेकिन देश के सर्वाधिक सरलमना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्षों के लगातार सत्ता में रहने से बिहार की दिशा और दशा दोनो बदल दी है। उन्होंने प्रदेश की छवि बदल दी है तो लोगो ने अपने दिलो में नीतीश की छवि अंकित कर दी है। आज देश मे ही नही, विदेश में ही उनकी छवि विकास पुरूष की बनी है। सत्तापक्ष की नही, आज तो विपक्ष भी नीतीश कुमार को लोकप्रिय और विकास प्रिय बताता है। इसमें कोई संदेश नही है कि मुख्यमंत्री नीतिश कुमार की कल्पनाशीलता, दूरदर्शिता और कार्य प्रतिबद्धता ने सूबे में विकास की छंटा चारो और बिखेर दी है। पिछले वर्षों में नीतीश कुमार ने अपने परिश्रम के साथ, प्रदेश की तस्वीर बदलने के लिए ऐसी अनेक परियोजनाओं को कार्यान्वित किया है कि जिनसे समाज के सभी वर्गों के लोग लाभान्वित हुए है। गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं, व्यापारी, अधिवक्ता, शिक्षक, अल्पसंख्यक और समाज के दलित-वंचित उपेक्षित वर्ग को उन्होंने सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर दिया है। लाखो लोगो को प्रधानमंत्री आवास योजनाओ के तहत नए घर आवंटित किए है। इन योजनाओं की सफलता के पीछे नीतीशकुमार कीसमयबद्ध ढंग से कार्य करने की इच्छाशक्ति रही है। ये सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास की अवधारणा पर चलने वाले विकास पुरुष है। जिनकी इमेज विपक्ष में भी खासा महत्व रखती है। अज्ञातशत्रु ऐसे महान दार्शनिक नीतीश कुमार ने बिहार की जनता को साथ लेकर चलने और गरीब लोगों के उत्थान के लिए समय समय पर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हमेशा पर्यटनशील रहते है। दया और परोपकार जिनका मिशन है, वे राजनीति से बढ़कर मानवतावाद को महत्व देते है। नीतीश कुमार की एक विशेषता है कि प्राथमिकताएं तय कर, वह सुनियोजित ढंग से योजनाओं को समयबद्ध चरणों मे पूरा करते है। उनकी साफ छवि बार बार जीत का कारण है। वे गांव और शहर के संतुलित विकास के पक्षधर है। नीतीश कुमार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं महिलाओ के लिए लॉन्च की गई है। युवाओ का नवतर प्रयोग के माध्यम से आय के स्त्रोत खड़े करने में नीतीश की दूरदर्शिता महत्वपूर्ण है। नीतीश ने अपने शासनकाल में अपवाद को छोड़कर कानून व्यवस्था को सर्वाधिक महत्व दिया है। बिहार का परिणाम सुखद रहा है।

नीतीश ने बिहार को किसान हितैषी बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाए है। वैसे भी एनडीए का मिशन है कि किसान और स्वदेशी के इस महान मुहिम के पीछे सरकार हर समय अलर्ट मोड़ में नजर आएगी। स्वदेशी पर जोर देकर देश के युवकों को रोजगार से ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का महत्वपूर्ण संकल्प सरकार की पहली प्राथमिकता रही है और राज्य सरकार के हाथ मजबूत करने के लिए केंद्र भी मदद कर रही है। गन्ना किसान हो या रबी की फसलों पर सरकार फायदा पहुंचाने का हर समय प्रयास कर रही है। लाभकारी समर्थन मूल्यो की उपलब्धता से किसानों की आय के स्त्रोत बढ़े है। किसान अन्नदाता है। किसान की अवहेलना कर कोई भी सरकार सफल नही हो सकती है। जिस तरह पूर्ववर्ती सरकारों को अनदेखा कर राजनैतिक दलों की दुर्दशा हुई है उसकी भरपाई आज दिन तक नही हो सकती है। उनकी क्षतिपूर्ति करना मासी का घर नही है। नीतीश कुमार ने किसानों के लिए महत्वपूर्ण कार्य को अंजाम दिया है। बिहार में अभी हाल ही में महिलाओ के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना और मुख्यमंत्री महिला उधमी योजना के अंतर्गत दस हजार की रकम सीधे 75 लाख महिलाओ के खातों में हस्तांतरित किया गया। महिला उधमी योजना के तहत दस लाख रूपए की वितीय सहायता प्रदान की जाती है इसमें 50 प्रतिशत अनुदान और 50 प्रतिशत ब्याज मुक्त ऋण शामिल है। मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, बिहारराशन कार्ड योजना और किसान निधि योजनाओ का लाभ धारक उठा रहे है। बिहार में धन धान्य कृषि योजना और दलहन कृषि योजना मुख्यरूप से किसानों के लिए है। आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान चलाया जा रहा है। बिहार में सुकन्या समृद्धि योजना में डेढ़ लाख रुपए की वार्षिक योगदान दिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना कोविड-19 महामारी के दौरान गरीबों और जरूरतमंदों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई थी।

अटल पेंशन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों सहित सभी नागरिकों के लिए एक सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली प्रदान करती है।

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम यह ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित एक कार्यक्रम है।

विधवाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करती है। मुख्यमंत्री भिक्षावृत्ति निवारण योजना के तहत भिक्षावृत्ति को रोकने के उद्देश्य से शुरू की गई है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजनाऔर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना ये वित्त मंत्रालय द्वारा संचालित बीमा योजनाएं हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के लिए आवास की सुविधा प्रदान करती है।

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन शहरी गरीबों की गरीबी और असुरक्षा को कम करने के लिए शुरू की गई है।

वृद्धावस्था के लिए एकीकृत कार्यक्रम वरिष्ठ नागरिकों को भोजन, आश्रय, चिकित्सा देखभाल जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करता है। इन योजनाओं का लाभ बिहार सरकार दे रही है। इतना ही नही युवकों के लिए योजना का द्वार खुला हुआ है। 20 से 25 वर्ष की आयु के बेरोजगार युवाओ के लिए योजना उपलबन्ध है। मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना का लाभ युवाओं के लिए खास है इसका लाभ अर्जित कर सकते है। बिहार में हर वर्ग के लिए रोजगार के नए आयाम पेश कर नीतीश कुमार ने बिहार के लिए समृद्धि के द्वार खोल दिये है। साम्प्रदायिक शक्तियों को सत्ता में आने से रोकने के लिए जनता को चुनाव में अपनी जवाबदेही निश्चित करनी है। बिहार में मोदी की सभा मे हुजूम उमड़ता देख विपक्ष भौचक्का रह गया। नए बिहार की यह भौर के सुनहरे सपने को सफल करने का प्रयास हो रहा है। बिहार में नीतीश कुमार के शासनकाल मे भागीदारी का स्पष्ट संदेश है कि उनका समर्थन साम्प्रदायिकता के विरुद्ध और बदलते भारत मे बीच बिहार की अपनी भूमिका को उजागर करना है। नीतीश कुमार का पिछले 20 वर्षो के शासन कालमें तेजी से सूबे की तस्वीर बदली है। अपार जनसमर्थन के बाद यह बयार पूरे प्रदेश में फैल रही है जो नीतीश कुमार को फिर से मुख्यमंत्री बनाने में निर्णायक होगी।

# बिहार: नया मोड़ या पुरानी राह ?

-विनीत नारायण-

बिबिहार प्रयोगों, व्यक्तित्वों और गठबंधनों की धरती रहा है। यहाँ सत्ता तक पहुँचने का रास्ता सिर्फ वोटों से नहीं, बल्कि समाजिक समीकरणों, जातीय गणित और जनभावनाओं से होकर गुजरता है। अब जब 2025 के विधानसभा चुनावों की दस्तक हो चुकी है, पूरा देश बिहार की ओर देख रहा है। यह चुनाव राष्ट्रीय समीकरणों को भी प्रभावित करने की क्षमता रखता है।

इस बार मुकाबला दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण इसलिए है क्योंकि मैदान में तीन धाराएँ साफ तौर पर दिखाई दे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) है। एनडीए, जिसमें जनता दल (यू) के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फिर एक बार केंद्र में हैं। वहीं, तेजी से उभरती शक्ति के रूप में प्रशांत किशोर का जन सुराज अभियान।

राजद की अगुवाई वाला इंडिया गठबंधन इस चुनाव को अपनी साख बचाने के साथ-साथ केंद्र की राजनीति पर असर डालने के अवसर के रूप में देख रहा है। तेजस्वी यादव पिछले कुछ वर्षों में अपनी राजनीतिक परिपक्वता दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, चाहे वह बेरोजगारी का मुद्दा हो, युवाओं से संवाद हो या नीतीश सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना।

राजद के पास एक ठोस सामाजिक आधार है, लेकिन उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती विश्वसनीयता की है। भ्रष्टाचार के पुराने मामलों और शासन की यादें आज भी मतदाताओं के दिमाग में ताजा हैं। कांग्रेस, वामदलों और अन्य सहयोगियों के बीच सीट बँटवारे को लेकर संभावित खींचतान भी गठबंधन की मजबूती पर सवाल उठाती है। फिर भी, तेजस्वी का युवा जोश और उनके प्रचार की डिजिटल समझबूझ उन्हें पहले से अलग बनाती है। इंडिया गठबंधन यह भलीभाँति जानता है कि अगर बिहार में उसकी पकड़ मजबूत होती है, तो यह 2029 के लोकसभा समीकरणों में एक नई ऊर्जा भर सकता है। एनडीए का चेहरा इस बार भी नीतीश कुमार ही हैं, जिनका राजनीतिक अनुभव किसी परिचय का मोहताज नहीं। वे सात बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, लेकिन अब जनता उनसे बदलाव की बजाय जवाब चाहती है। उनकी सबसे बड़ी ताकत रही है साफ छवि और साझा सामाजिक आधार। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि पिछले कुछ सालों में उनके राजनीतिक पलटवारों, कभी महागठबंधन में, कभी एनडीए में आने-जाने ने उनकी विश्वसनीयता को काफी कमजोर किया है।

भाजपा, जो एनडीए की दूसरी बड़ी ताकत है, नीतीश के साथ रहते हुए भी अपने संगठन को बढ़ाने की कोशिश कर रही है। उसे यह अंदाजा है कि बिहार में अगर उसे भविष्य में स्वतंत्र रूप से मजबूत होना है, तो नीतीश के बाद का दौर भी ध्यान में रखना होगा। यही कारण है कि भाजपा अब स्थानीय नेताओं को उभारने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के सहारे मैदान को अपने पक्ष में करने की योजना पर काम कर रही है।

एनडीए का सबसे बड़ा फायदा यह है कि उसके पास वोटों का एक स्थिर कोर आधार है और शासन की निरंतरता की छवि बनी हुई है। लेकिन एंटी-इनकम्बेंसी, बेरोजगारी और ग्रामीण ढाँचों में ठहराव जैसे मुद्दे उनके लिए सिरदर्द बन सकते हैं। बिहार के इस राजनीतिक त्रिकोण में सबसे दिलचस्प और नया पैदा हुआ कारक हैं प्रशांत किशोर (पीके)। उन्होंने रणनीतिकार से जननेता बनने की जो यात्रा शुरू की, वह अब निर्णायक दौर में पहुँची है। उनका जन सुराज अभियान पिछले दो वर्षों से गाँव-गाँव में सक्रिय रहा है। वे न तो स्वयं को किसी पारंपरिक पार्टी की तरह प्रस्तुत कर रहे हैं और न किसी गठबंधन का हिस्सा हैं। उनका संदेश सीधा है- सिस्टम को बदलने के लिए राजनीति में साफ और नई सोच लानी होगी। प्रशांत किशोर का यह प्रयोग बिहार की राजनीति की जमीनी सच्चाई को चुनौती देता है। वे युवाओं और शिक्षित तबके में धीरे-धीरे एक विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। हालाँकि यह कहना जल्दबाजी होगी कि वे बड़े पैमाने पर सीटें जीतेंगे, लेकिन उनका प्रभाव दो स्तरों पर होगा। वोट कटवा असरः कई क्षेत्रों में वे परंपरागत दलों का समीकरण बिगाड़ सकते हैं। विचारधारात्मक बदलावः उनकी राजनीति भ्रष्टाचार विरोधी और विकास-केंद्रित विमर्श को चुनावी बहस के केंद्र में ला रही है। अगर उनका अभियान थोड़ा भी जनसमर्थन जुटाने में सफल रहता है, तो यह बिहार में तीसरी शक्ति के उदय की भूमिका लिख सकता है। गौरतलब है कि बिहार की राजनीति बिना जातीय समीकरणों के समझी ही नहीं जा सकती। यादव, कुशवाहा, भूमिहार, राजपूत और मुसलमानों के बीच सामंजस्य और टकराव हमेशा परिणामों को प्रभावित करते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक नया सामाजिक तबका, युवा और प्रवासी मजदूर वर्ग, निर्णायक बनकर उभर रहा है। प्लेटफॉर्मों के उदय ने इस बार चुनावी प्रचार के तरीके को भी बदल दिया है। अब गाँवों तक व्हाट्सऐप समूह और सोशल अभियानों के माध्यम से राजनीतिक विमर्श पहुँच रहा है और यहाँ पर प्रशांत किशोर जैसे नेताओं की रणनीतिक क्षमता का उन्हें फायदा हो सकता है। इस चुनाव की सबसे बड़ी बहस विकास बनाम विश्वसनीयता की होगी। नीतीश कुमार कहेंगे कि उन्होंने राज्य को बुनियादी ढाँचे और शासन में सुधार दिया, जबकि विरोधी पक्ष यह पूछेगा कि इतने वर्षों में युवाओं के लिए अवसर क्यों नहीं बढ़े। तेजस्वी यादव रोजगार और सामाजिक न्याय का नारा देंगे; भाजपा मोदी के नाम और केंद्रीय योजनाओं की बदौलत वोट जुटाने की कोशिश करेगी और प्रशांत किशोर नई राजनीति की बात करेंगे। नतीजतन, यह चुनाव किसी एक मुद्दे या व्यक्ति पर निर्भर नहीं रहेगा- बल्कि यह आस्था, असंतोष और आकांक्षा के मिश्रण से तय होगा। बिहार के 2025 के चुनाव इसलिए रोचक हैं क्योंकि तीन पीढ़ियाँ और तीन दृष्टिकोण आमने-सामने हैं। नीतीश कुमार, जिनकी राजनीति स्थिरता और अनुभवी शासन का प्रतीक है। तेजस्वी यादव, जो परिवर्तन और युवा आकांक्षाओं के वाहक हैं। प्रशांत किशोर, जो मौजूदा राजनीति को बदलने की चुनौती दे रहे हैं। यह चुनाव यह तय करेगा कि बिहार पुरानी राजनीति की सीमाओं में रहेगा या सोच के नए अध्याय की ओर कदम बढ़ाएगा। चाहे परिणाम कुछ भी हो, इतना तो तय है कि इस बार बिहार का जनादेश केवल सरकार नहीं, बल्कि देश की राजनीति की दिशा भी तय करेगा।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित
कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

P-07:28 paga09_jhn.qxd 10/27/2025 7:02 PM Page 1



# सिर में फ्रैक्चर की रिपोर्ट देने में फंसे बिजनौर सीएमएस

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला पुरुष अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट एवं कार्यवाहक सीएमएस सिर में फ्रैक्चर की रिपोर्ट देने में फंसे हैं। पीड़ित ने न्याय के लिए कोर्ट की शरण ली। सीजेएम कोर्ट ने सीएमएस को अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किया है।

कोर्ट में दिए गए प्रार्थना पत्र में नजीबाबाद के मोहल्ला कलालान निवासी इरशाद ने बताया कि उसके बेटे अरशद का विवाह साल 2015 में नजीबाबाद के मोहल्ला मुनीरगंज पालोमन कॉलोनी निवासी एक युवती से हुआ था। विवाहिता ने नजीबाबाद थाने में झूठे तथ्यों के आधार पर उसके और परिवार वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

12 मई 2022 को शाम छह बजे मारपीट बताते हुए नजीबाबाद के बजाए सांठगांठ कर कोतवाली देहात में डॉक्टर से मेडिकल कराया। साथ ही सिर की चोट का एक्सरे लिखवा लिया। यह एक्सरे 13 मई 2022 को जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट डॉ. बीआर त्यागी ने किया।

इस रिपोर्ट के आधार पर धारा 308 आईपीसी में मुकदमा दर्ज हुआ। पीड़ित ने कहा कि उनकी ओर से महिला और उसके परिजनों के साथ कोई मारपीट नहीं की। डॉक्टर पर फर्जी तरीके से सिर में फ्रन्टल साइनस व फ्रन्टल बोन में फ्रेक्चर दिखाने का आरोप लगाते हुए शिकायत मुरादाबाद कमिश्नर से की। कमिश्नर ने एडी मुरादाबाद को टीम गठित कर जांच करने के निर्देश दिए। गठित बोर्ड ने दोबारा एक्सरे किया। लेकिन, सिर में कोई चोट नहीं पाई गई। इसकी रिपोर्ट 12 अप्रैल 2023 को एडी मुरादाबाद को भेजी गई।

पीड़ित ने कहा कि युवती के पिता और डॉक्टर ने फर्जी एक्सरे रिपोर्ट के आधार परिवार के लोगों को जेल भिजवाने की साजिश की। पुलिस ने भी उनकी कोई मदद नहीं की। वाद में पीड़ित ने डॉक्टर और अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

# विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया






**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 27 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद आरिफ और डॉक्टर उदिता राजपूत के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के तहत ÷विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के असाधारण कार्य÷ विषय पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ मोहम्मद साजिद अंसारी ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं के उदाहरण देते हुए किसी भी क्षेत्र में अपनी भागीदारी देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि जिस प्रकार गुंजन सक्सेना तथा सोफिया कुरैशी आदि महिलाओं ने भारतीय सेना में अपना योगदान दिया है तथा इंदिरा गांधी, सुषमा स्वराज तथा निर्मला सीतारमण जैसे उदाहरण हमारे पास राजनीति क्षेत्र में मौजूद हैं। उनके कार्यों के बारे में बताते हुए मुख्य वक्ता ने छात्राओं को आगे बढ़ाने और उन्नति करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने उद्यमी महिलाओं के बारे में बताते हुए छात्र-छात्राओं को समझाया कि यदि महिलाएं ठान लें तो किसी भी क्षेत्र में अपना परचम लहरा सकती हैं,आधुनिक समय में हम देखते हैं कि अभिनय के क्षेत्र में तो महिलाएं पहले से ही सक्रिय रही हैं और आज भी अनूठे काम कर रही हैं। न केवल अभिनय के क्षेत्र में बल्कि निर्देशन में, कोरियोग्राफी में और बहुत सारे क्षेत्र में महिलाएं बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। अंतरिक्ष विज्ञान में भी उन्होंने अपना नाम कमाया है जैसे कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स आदि नाम किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं।इन सभी का उदाहरण देते हुए उन्होंने छात्रों को जागरूक भी किया और प्रेरित भी।

उन्होंने कहा कि वे अपनी शिक्षा के महत्व को समझते हुए अपनी शिक्षा पर ध्यान दें और उन्नति की मार्ग पर अग्रसर रहें। कार्यक्रम में महाविद्यालय का अधिकांश स्टाफ उपस्थित रहा और कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान रहा।

# डसना फैक्ट्री की हुई कुर्की



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को टॉप 10 के बकायादारो में तहसीलदार सदर के संरक्षण में तहसील की टीम के साथ डसना स्टील प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री पर किया कुर्की का कार्य। डायरेक्टर शाहनवाज राणा , बदरूजमा निवासी तरीकममपुर रूपचंद व प्रोपराइटर खालीद चौधरी तरीकमपुर रूपचंद पर तहसील बिजनौर पर विद्युत विभाग की बकाया राशी का मांग पत्र अंकन 1357594 रुपए + तलबनमा देय है आज अचल संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई उप जिलाधिकारी सदर बिजनौर रितु रानी के निर्देशानुसार तहसीलदार सदर आशीष सक्सेना के कुशल नेतृत्व में संपन्न की गई राजस्व टीम के सूरजमल संग्रह अमीन, कपिल चौधरी ,परमानंद मंडल, भगवत सिंह, मनोज कुमार आदि कर्मचारी गण मौजूद रहे। 1357594 रनये की धनराशिको न जमा करने के कारण उत्तर प्रदेश राज्य राजस्व 2006 की धारा 174 के अंतर्गत उप जिलाधिकारी महोदया सदर बिजनौर के आदेश पर 28 जनवरी 2025 के अनुपालन में भूमि गाटा संख्या 903 रखवा 1.122 का 1/2 भाग 0.5610 की कुर्की की जा चुकी है उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का कृषि कार्य खुर्दपूर्द क्रय विक्रय किया जाना दंडनीय अपराध है इसको संज्ञान में लाया जाए।

# जिलाधिकारी ने तिगरी गंगा मेला में की प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा




*** सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट को दिए सतर्कता एवं स्वच्छता के निर्देश**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने रविवार को तिगरी गंगा मेला स्थल स्थित प्रशासनिक कैंप में सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर मेले की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने सेक्टरों का निरंतर भ्रमण करते रहें और व्यवस्थाओं को प्रत्यक्ष रूप से परखते रहें। डीएम ने घाट मजिस्ट्रेटों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी घाटों पर सुरक्षा, प्रकाश, संकेतक बोर्ड और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यदि कहीं पर बैरिकेडिंग या बलिया टूटे या हटे तो तुरंत नई लगाई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्नान के लिए निर्धारित 21 घाटों के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान पर स्नान न होने पाए। बैठक के बाद जिलाधिकारी ने घाटों एवं मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए और किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखी जाए। उन्होंने सभी जोनल मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि वे अपने सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ निरंतर संपर्क में रहें और अतिक्रमण मुक्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही सभी अधिकारी अस्पताल, कंट्रोल रूम, खोया-पाया केंद्र, महिला शक्ति केंद्र सहित प्रमुख स्थलों का भ्रमण अवश्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण तत्परता से करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्रीमती गरिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) धीरेन्द्र प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव, जिला महामंत्री भाजपा अभिनव कौशिक, ब्लॉक प्रमुख गजरौला वीरेंद्र सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल सहित सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

# आरटीई पोर्टल पर प्री प्राइमरी कक्षाएं खोलने के संबंध में दिया ज्ञापन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चिलकाना।** मान्यता प्राप्त विद्यालय महासंघ ब्लॉक सरसावा के शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल खंड शिक्षा अधिकारी से मिला। जिन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय के नाम आरटीई पोर्टल पर प्री प्राइमरी कक्षाएं खोलने के संबंध में ज्ञापन दिया। सोमवार को चिलकाना क्षेत्र ग्राम तेलीपुरा स्थित बीआरसी कार्यालय पहुँचे मान्यता प्राप्त महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष हिमांशु पुंडीर के नेतृत्व में शिक्षकों का एक प्रतिनिधि मंडल खंड शिक्षा अधिकारी सरसावा से मिला जिन्होंने आरटीई पोर्टल पर प्री प्राइमरी कक्षाएं खोलने के संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय के नाम ज्ञापन दिया। उन्होंने अवगत कराया कि पिछले कई वर्षो से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्री प्राइमरी की कक्षाएं संचालित होती आई हैं सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में आरटीई के अंतर्गत ऑफलाइन माध्यम से प्रवेश देने के आदेश बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा दिए जाते रहे हैं और विद्यालय उन आदेशों का पालन करते हुए प्री प्राइमरी कक्षा में बच्चों को प्रवेश देकर शिक्षा देते आ रहे हैं विभाग द्वारा सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों की मैपिंग कराई गई थी सभी ने शिक्षा विभाग से प्राप्त मान्यता के पत्रों के माध्यम से ही मैपिंग कराई थी। लेकिन अब आरटीई पोर्टल से मान्यता प्राप्त विद्यालय की प्री प्राइमरी कक्षाओं को शिक्षा विभाग द्वारा हटा दिया गया है जिसका हम विरोध प्रदर्शन करते हैं और आपसे अनुरोध करते हैं कि बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए पुनः प्री प्राइमरी कक्षाओं को अति शीघ्र खोलने का कष्ट करें। अन्यथा मान्यता प्राप्त विद्यालय महासंघ धरना प्रदर्शन करने या माननीय न्यायालय में जाने को बाध्य होगा। इस अवसर पर देशबंधु शर्मा, दिनेश गुप्ता, विकास जैन, हिमांशु पुंडीर, प्रमोद रावल,आचार्य बृजमोहन, पदम पंवार,विकास सैनी,जसवीर सैनी,नदीम, सेठपाल सिंह, मो.राशिद,इम्तियाज अली, आदि मौजूद रहे।

# सिटिजन ऐप आयुष्मान सारथी का किया गया शुभारंभ

*** सूचिबद्ध अस्पतालों तथा उपलब्ध सेवाओं की जानकारी सुलभता से मिलेगी**

*** आयुष्मान सारथी ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि साचिस (SACHIS) द्वारा हाल ही में सिटिजन ऐप - आयुष्मान सारथी (Ayushman Sarathi) का शुभारंभ किया गया है। श्री बंसल ने बताया कि पूर्व में नागरिकों के लिए सूचिबद्ध अस्पतालों के नामों की सही जानकारी प्राप्त करना कठिन था तथा उपलब्ध सेवाओं की जानकारी भी सुलभ नहीं थी। इस समस्या के समाधान हेतु आयुष्मान सारथी ऐप को तैयार किया गया है, जो पीएम-जय (PMJAY) के लाभार्थियों को उनके पसंदीदा अनुमोदित अस्पताल तक सुगमता से पहुँचने में सहायता प्रदान करता है। इस ऐप के माध्यम से पीएम-जय के अंतर्गत उपलब्ध विशिष्ट सेवाओं की जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है। जिलाधिकारी ने बताया कि आयुष्मान सारथी ऐप वर्तमान में गूगल प्ले स्टोर पर डाउनलोड हेतु उपलब्ध है और फिलहाल केवल एंड्रॉइड डिवाइसों पर संचालित होता है।

उन्होने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि सभी जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं मैदानी स्तर के कार्यकर्ता इस ऐप को डाउनलोड करें और आमजनों के मध्य इसके उपयोग को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करें, ताकि यह ऐप पूरे राज्य में पीएम-जय लाभार्थियों के लिए सहज रूप से सुलभ हो सके।

# सूर्योपासना में डूबा बिहार, अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए तैयार छठ घाट

**पटना।** बिहार में चार दिवसीय अनुष्ठान के तीसरे दिन सोमवार की शाम छठ व्रतधारी अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। इसे लेकर पटना सहित राज्य के सभी क्षेत्रों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महापर्व छठ को लेकर बिहार के शहरों से लेकर कस्बों, गांवों तक के लोग सूर्योपासना में श्रद्धाभक्ति में डूबे हुए हैं। व्रतियों को छठ घाट जाने में किसी तरह की परेशानी न हो, इसे लेकर मोहल्ले की गलियों से लेकर पक्की सड़कों पर युवा और बच्चे झाड़ू लगा रहे हैं और उस पर पानी का छिड़काव कर रहे हैं। पटना जिले में गंगा नदी एवं उसकी सहायक नदियों के लगभग 550 घाटों को छठव्रतियों के लिए तैयार किया गया है। इसके अलावा पार्क एवं तालाबों में भी छठ किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन के मुताबिक, पटना नगर निगम क्षेत्र में गंगा किनारे के लगभग 102 घाट तथा करीब 45 पार्क एवं 63 तालाबों को छठ व्रतियों के अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए तैयार किया गया है। सभी अनुमंडलों में अनुमंडल पदाधिकारियों तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों की देखरेख में छठ घाटों पर नागरिक सुविधाओं को उपलब्ध कराया गया है।

सार्वजनिक स्थानों पर भीड़-प्रबंधन के लिए निर्धारित मापदंडों के अनुसार सभी जगह तैयारी की गई है। जिला स्तर से 205 स्थानों पर दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। गंगा नदी और अन्य नदियों तथा जलाशयों में किसी भी तरह के आपदा से निपटने के लिए एनडीआरएफ की नौ, एसडीआरएफ की 14 टीमों को तैनात किया गया है। इसके अलावा गोताखोरों की भी टीम को तैनात किया गया है। बताया गया कि मोटर बोट के माध्यम से रिवर पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। कुल 18 नदी गश्ती दल प्रतिनियुक्त किए गए हैं। 10 रिवर फ्रंट-घाट गश्ती तथा तीन स्पीड बोट गश्ती दल भी तैनात किया गया है। व्रत रखने वालों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। बिहार में गांव के घरों से लेकर शहरों के मोहल्लों तक में मनभावन लोक गीतों और पारंपरिक प्रसादों की खुशबू के बीच लोग सूर्य भगवान की आराधना में डूबे हुए हैं। राजधानी पटना की सभी सड़कें रंग-बिरंगी दूधिया रोशनी और आकर्षक तोरण-द्वारों से सजी हुई हैं, जबकि गंगा घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। रविवार की शाम व्रतियों ने खरना किया और लोग खरना का प्रसाद पाने के लिए देर रात तक व्रतियों के घर पहुंचते रहे।

उल्लेखनीय है कि शनिवार को नहाय-खाय से प्रारंभ चार दिनों के इस अनुष्ठान में खरना के बाद छठव्रती 36 घंटे का निर्जला उपवास करते हैं।

# चिरंजीवी ने डीपफेक वीडियो को लेकर पुलिस में शिकायत की दर्ज, कहा- मान-प्रतिष्ठा को पहुंच रहा नुकसान

**हैदराबाद।** टॉलीवुड सुपरस्टार और पूर्व केंद्रीय मंत्री चिरंजीवी ने हाल ही में हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि कुछ वेबसाइट्स उनके नाम और फोटो का इस्तेमाल करके फेक और एडिट किए हुए अश्लील वीडियो बना रही हैं।

इन वीडियो में उन्हें महिलाओं के साथ अश्लील तरीकों से दिखाया गया है, जबकि यह पूरी तरह नकली और झूठा है।

पुलिस ने चिरंजीवी की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। यह मामला आईटी एक्ट की धारा 67 और 67ए, भारतीय दंड संहिता की धारा 79, 294, 296 और 336(4), तथा 1986 के महिला अश्लील चित्रण निषेध अधिनियम की कई धाराओं के तहत दर्ज किया गया है।

चिरंजीवी ने अदालत से अस्थायी रोक भी हासिल की है, जिससे उनकी पहचान का गलत इस्तेमाल रोका जा सके। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस को उन वेबसाइट्स और प्लेटफॉर्म्स की जानकारी दी है, जो उनके नाम और फोटो का इस्तेमाल करके फेक वीडियो ऑनलाइन डाल रहे हैं।

चिरंजीवी ने अपनी शिकायत में कहा कि यह सब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से किया जा रहा है। उनके चेहरे और पहचान को अश्लील वीडियो में जोड़ा जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह काम गैरकानूनी और गलत है और इसका उद्देश्य उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना है।

अभिनेता ने पुलिस से आग्रह किया है कि इस मामले की तुरंत तकनीकी जांच की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि इंटरनेट से सभी ऐसे फेक वीडियो को तुरंत हटाया जाए और जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उन्हें कानून के तहत सजा दी जाए। उनका कहना है कि इंटरनेट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध ऐसे वीडियो उनके लिए गंभीर मानसिक और सामाजिक नुकसान का कारण बन रहे हैं।

चिरंजीवी ने अपनी प्रतिष्ठा और समाज में योगदान का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा कि वह सिर्फ एक अभिनेता नहीं हैं, बल्कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और समाजसेवी भी हैं। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्तदान और आपदा राहत जैसे कई क्षेत्र में हमेशा काम किया है। उनके फिल्मों में हमेशा ईमानदारी, सहानुभूति और संघर्ष जैसे मूल्य दिखाई दिए हैं।

अपनी शिकायत में अभिनेता ने कहा कि इन फेक वीडियो के कारण उनके लंबे समय से बनाए गए सम्मान और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है। ये वीडियो उनके खिलाफ झूठी और अश्लील छवि फैलाने का काम कर रहे हैं, जिससे जनता की नजर में उनकी छवि बिगड़ रही है। यह केवल व्यक्तिगत नुकसान नहीं है, बल्कि उनके पूरे करियर और सामाजिक योगदान को भी प्रभावित कर रहा है।

चिरंजीवी ने कानून का हवाला देते हुए कहा कि यह काम उनकी निजता, गरिमा और सम्मान का उल्लंघन है। यह भारतीय संविधान की धारा 21 के तहत उनकी सुरक्षा का अधिकार है। साथ ही, यह आईटी एक्ट और भारतीय दंड संहिता के कई अपराधों के अंतर्गत भी आता है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि यह कोई अलग घटना नहीं है, बल्कि कुछ वेबसाइटों द्वारा मिलकर किया गया संगठित प्रयास है।

# भस्म आरती में हुआ बाबा महाकाल का दिव्य श्रृंगार, शाम को निकलेंगे नगर भ्रमण पर

*** उज्जैन में आज निकलेगी भगवान महाकाल की कार्तिक मास पर प्रथम सवारी**

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर में सोमवार को कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि पर भस्म आरती के दौरान बाबा महाकाल का दिव्य श्रृंगार हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने लाइन में लगकर अपने ईष्ट देव के दर्शन किए। वहीं, उज्जैन में आज शाम 4 बजे भगवान महाकाल की कार्तिक-अगहन मास की पहली सवारी निकलेगी। इस दौरान अवंतिकानाथ नगर भ्रमण कर अपनी प्रजा का हाल जानेंगे।

महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा ने बताया कि सोमवार तड़के 4 बजे मंदिर के पट खोले गए। पंडे-पुजारी ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन कर भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया। इसके बाद दूध, दही, घी, शकर और फलों के रस से बने पंचामृत पूजन किया गया। भगवान महाकाल का ड्रायफ्रूट की माला, रजत त्रिपुण्ड, मुकुट और आभूषण से दिव्य श्रृंगार किया गया। इस दिव्य दर्शनों का लाभ हजारों भक्तों ने लिया और जय श्री महाकाल का जयघोष भी किया। इससे पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल की गूंज से गुंजायमान हो गया। इससे पहले प्रथम घंटाल बजाकर मंदिर में प्रवेश करते ही भगवान का ध्यान कर मंत्र उच्चार के साथ हरिओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद भगवान के मस्तक पर भांग, चंदन और त्रिपुण्ड अर्पित कर ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्म रमाई गई। भस्म अर्पित करने के बाद शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुण्डमाल और रुद्राक्ष की माला के साथ सुगन्धित पुष्प से बनी माला अर्पित की गई। भगवान महाकाल ने मोगरे और गुलाब के सुगंधित पुष्प धारण किए। फल और मिष्ठान का भोग लगाया। भस्म आरती में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। महा निर्वाणी अखाड़े की ओर से भगवान महाकाल को भस्म अर्पित की गई।

इधर, भगवान महाकाल की कार्तिक-अगहन मास में निकलने वाली सवारियों की आज से शुरुआत हो रही है। महाकाल मंदिर से शाम चार बजे बाबा महाकाल चांदी की पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। इस दौरान भगवान महाकाल मनमहेश स्वरूप में अपने भक्तों को दर्शन देंगे। बाबा महाकाल की सवारी महाकालेश्वर मंदिर से शुरू होकर गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार, कहारवाड़ी से होती हुई शिप्रा तट पहुंचेगी। यहां शिप्रा के जल से पूजन-अर्चन किया जाएगा। इसके बाद सवारी गणगौर दरवाजा, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबारोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी चौराहा होकर पुनः महाकालेश्वर मंदिर पहुंचेगी।

मंदिर समिति के सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया ने बताया कि इस बार सवारी का आकर्षण बढ़ाने के लिए एक खास प्रयोग किया जा रहा है। पहली बार श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति का बैंड भी सवारी में शामिल होगा। इसमें 30 सदस्य हैं, जो विभिन्न वाद्य यंत्रों से भक्ति गीत और भजनों की प्रस्तुति देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीपावली के दिन इस बैंड का शुभारंभ किया था। सवारी में पारंपरिक रूप से पुलिस बैंड, घुड़सवार दल, सशस्त्र पुलिस बल और भजन संध्या के सदस्य भी शामिल रहेंगे।

**पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीकांत ने किए बाबा महाकाल के दर्शन, भस्म आरती में हुए शामिल**

सोमवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर कृष्णम्माचारी श्रीकांत ने उज्जैन पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने महाकाल मंदिर में तड़के होने वाली भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। श्रीकांत ने मंदिर में व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए भगवान महाकाल से देशवासियों की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

पूर्व क्रिकेटर श्रीकांत सुबह चार बजे अपने परिवार के साथ महाकाल मंदिर पहुंचे थे। भस्म आरती के दौरान उन्होंने करीब दो घंटे नंदी हाल में बैठकर आरती देखी। इस दौरान वे धोती कुर्ते में नजर आए। आरती के बाद श्रीकांत ने नंदी जी और भगवान महाकाल की देहरी से जल अर्पित कर दर्शन किए। भगवान महाकालेश्वर का पूजन-अर्चन पुजारी आकाश गुरु द्वारा विधि-विधान से कराया। इस अवसर पर महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से भस्म आरती प्रभारी आशीष दुबे ने उनका सम्मान किया।

# मध्य प्रदेश के मंत्री का बयान शर्मनाक : जीतू पटवारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में हिस्सा लेने आई ऑस्ट्रेलियाई महिला खिलाड़ियों के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा दिए गए बयान की कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने निंदा की और इसे शर्मनाक भी करार दिया है।

दरअसल, पिछले दिनों इंदौर में ऑस्ट्रेलियाई महिला खिलाड़ी के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई थी। इस मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सलाह देने वाले अंदाज में कहा कि खिलाड़ी जब भी बाहर जाएं तो उन्हें प्रशासन को अवगत कराना चाहिए।

मंत्री विजयवर्गीय के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि इंदौर में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर्स से छेड़छाड़ की शर्मनाक घटना के बाद भाजपा के मंत्री का बयान पूरे मध्य प्रदेश के लिए शर्म की बात है। बेटियों की सुरक्षा पर सवाल उठे हैं और मंत्री सलाह दे रहे हैं कि बाहर जाने से पहले प्रशासन को बताएं।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सवालिया अंदाज में पूछा कि क्या अब मध्य प्रदेश इतना असुरक्षित हो गया है कि हर बेटी को घर से निकलने से पहले प्रशासन को सूचना देनी पड़े? भाजपा सरकार बेटियों की सुरक्षा देने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है।

जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा नेताओं के असंवेदनशील बयानों से जनता का गुस्सा बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को जवाब देना चाहिए कि आखिर प्रदेश में ऑस्ट्रेलिया की महिला खिलाड़ियों के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना पर महिलाओं की सुरक्षा के नाम पर सिर्फ बयानबाजी ही क्यों हो रही है और ऐसे शर्मनाक बयान पर कार्रवाई करें।

महिला क्रिकेटर के साथ छेड़छाड़ की घटना के बाद सरकार का रवैया सख्त है और वह दोषियों पर कार्रवाई की बात कर रही है, वहीं कांग्रेस की ओर से सवाल उठाए जा रहे हैं। इसी दौरान कैलाश विजयवर्गीय का बयान आया जिसमें उन्होंने कहा कि खिलाड़ी कहीं भी जाए तो स्थानीय शासन को सूचना देकर जाए, वास्तव में यह घटना हमारे लिए सबक है।

मंत्री विजयवर्गीय ने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि हम लोग भी जब कहीं जाते हैं तो किसी एक स्थानीय व्यक्ति को बताते हैं, खिलाड़ियों को भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए।

# समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक सम्पन्न

*** अग्निवीर योजना की आलोचना, मिशन 2027 की जीत को लेकर रणनीति बनी**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** श्रीकृष्ण रिसोर्ट, नसीर नंगला में समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ जनपद की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष संजय कुमार यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सैनिकों के अनुशासन व समर्पण की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को संगठन से जोड़ना हमारा संकल्प है। उन्होंने पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव को सैनिकों के हित में किए गए ऐतिहासिक कार्यों के लिए नमन किया और कहा कि समाजवादी सरकार ने सैनिकों की पेंशन बढ़ाई तथा शहीद सैनिकों के पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक घर भेजने की व्यवस्था की थी। अग्निवीर योजना की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि यह योजना सेना के मनोबल को कमजोर करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ÷वोट की चोरी÷ से सत्ता में आई है, लेकिन मिशन 2027 में समाजवादी कार्यकर्ता ऐसा नहीं होने देंगे। भाजपा शासन में गरीब, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग परेशान हैं, जबकि मीडिया में केवल झूठा रामराज दिखाया जा रहा है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि किसान अपनी फसल का उचित मूल्य और खाद के लिए परेशान है। शिक्षित युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार केवल जुमले सुनाने में व्यस्त है। जिला उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता सन्तराम सिंह यादव ने कहा कि देश के विकास के लिए वैज्ञानिक सोच, उत्तम शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और किसानों की तरक्की आवश्यक है। उन्होंने मिशन 2027 की सफलता के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में तपराज सिंह, विरकान्त यादव, राजवीर सिंह यादव, नरेश यादव, अवनीश यादव, दीपक यादव, गजेन्द्र सिंह, मुकेश यादव, धर्मेन्द्र यादव, निखिल यादव, सरदार वरूणजीत सिंह, डॉ. कैलाश यादव, रविपाल चिकारा समेत अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# चक्रवात 'मोंथा' को लेकर ओडिशा के आठ जिलों में रेड अलर्ट, 128 टीमें तैनात

**भुवनेश्वर।** बंगाल की खाड़ी में तेजी से प्रबल हो रहे चक्रवात 'मोंथा' के मद्देनज़र ओडिशा सरकार ने राज्य के आठ दक्षिणी जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इससे 27 से 30 अक्टूबर के बीच राज्य के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी वर्षा और तेज हवाओं की चेतावनी दी गई है। सरकार ने आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों के लिए 128 विशेष टीमें तैनात की हैं। मौसम विभाग के अनुसार चक्रवात मोंथा 28 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के काकीनाडा तट के पास भूमि से टकरा सकता है। इसके प्रभाव से ओडिशा के दक्षिणी हिस्सों में भारी बारिश, तेज हवाएं और बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार चक्रवात मोंथा शनिवार देर रात बंगाल की मध्य खाड़ी में बना था और फिलहाल गोपालपुर (ओडिशा) से लगभग 850 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व तथा काकीनाडा (आंध्र प्रदेश) से करीब 680 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में केंद्रित है। यह चक्रवात पश्चिम-उत्तर पश्चिम दिशा में लगभग 16 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है और अगले कुछ घंटों में और अधिक तीव्र होने की संभावना है।

राज्य के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने बताया कि चक्रवात का सबसे अधिक प्रभाव मलकानगिरी, नबरंगपुर, कोरापुट, रायगड़ा, गजपति, गंजाम, कालाहांडी और कंधमाल जिलों पर पड़ सकता है। इन जिलों को अत्यधिक वर्षा, तेज हवाओं और स्थानीय बाढ़ की संभावना को देखते हुए रेड जोन घोषित किया गया है।

## सूचना

पहले मेरे पुत्र का नाम ABU TLHA था अब मैंने अपने पुत्र का नाम बदलकर MOHD ABU TALHA रख दिया है।मेरे पुत्र को नये नाम से जाना व पहचाना जाए।

**अंजुम खान पत्नी मौहम्मद अज़हर मौहल्ला सराय रफी चांदपुर (बिजनौर)**

P-08:28 paga09_jhn.qxd 10/27/2025 5:23 PM Page 1



## नेताओं को दीपावली की वधाई दी

उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** अपना दल एस जनपद रामपुर के जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू जी ने शहर विधानसभा से माननीय विधायक आकाश सक्सेना जी द्वारा आयोजित दीपावली महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर भाजपा नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री माननीय मुख्तयार अव्वास नकवी जी व पूर्व मंत्री माननीय शिव वहादुर सक्सेना जी व शहर विधायक माननीय आकाश सक्सेना जी व उपस्थित सभी नेताओं को दीपावली की वधाई दी।



## आई आई ए आयोजित करेगा टूरिज्म एक्सपो



उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** आई आई ए इंटरनेशनल आदरणीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश मे टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए किए गए आवाहन पर 18-19 दिसम्बर को वाराणसी में टूरिज्म एक्सपो आयोजित कर रहा है ।कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय पयर्टन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत करेंगे। यह आयोजन अपने आप मे अनोखा एवं प्रथम आयोजन है। एक्सपो में हॉस्पिटैलिटी ,होटल , टूरिज्म से जुड़ी इंडस्ट्री भाग लेंगी। एक्सपो में सम्पूर्ण देश से हेंडीक्राफ्ट से जुड़े उत्पादों भी प्रदर्शित किए जाएंगे। रामपुर से भी इस एक्सपो में उद्यमी भाग लेंगे एवं रामपुर के ओ डी ओ पी से जुड़े उत्पाद ज़री जरदोजी, मेंथा से जुड़े उत्पादों का स्टाल लगाए जाएंगे। एक्सपो में रामपुर को उत्तराखड के चारधाम यात्रा द्वार के रूप में प्रचारित किया जाएगा। रामपुर सभी ट्रेनों का स्टॉपेज भी है ,मैन लाइन है।यहां इसी दृष्टि से सरकार ने एक बड़ा चौराहा ज़ीरो पॉइंट्स पर बनाया है। नुमाइश ग्राउंड में एक बड़ा समुदायिक केंद्र भी बनाया गया है जगह स्थानीय उत्पादो का प्रदर्शन होगा

इस से रामपुर टूरिस्ट रुकें ओर यहां के दर्शनीय स्थल देखें ।इस से रामपुर के टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा ।यहां के ज़री उद्योग को बढ़ाबा भी मिलेगा।

टूरिज्म की ओर आकर्षण हेतु आई आई ए रामपुर चैप्टर के उद्यमिओं ने मुक्तेश्वर के होटल लेमन ट्री में एक मीटिंग की एवं एक्सपो को सफल बनाने हेतु मंथन किया। मंथन में रामपुर चैप्टर चेयरमैन श्रीष गुप्ता, संरक्षक एस के गुप्ता, रमेश अग्रवाल,विपिन कुमार, मनोज गुप्ता, अजय अग्रवाल ,मनोज गर्ग, दिलीप रस्तोगी, वी वी शर्मा, राम रक्ष पाल यादव, विनीत कुमार,दिग्विजय सिंह आदि उद्यमिओं ने मंथन किया।

## सूफी महबूब हसन शाह का सालाना दो रोज़ा उर्स शुरू, उमड़े अक़ीदतमंद

उत्तम भारत संवाददाता

**मिलक /रामपुर।** सूफी महबूब हसन शाह का 17 वां सालाना उर्स आज शुरू हुआ जिसमें सरकारी चादर के जुलूस में भारी संख्या में अक़ीदतमंद पहुँचे नगर के मेंन रोड के पास स्थित दरगाह सूफी महबूब हसन शाह पर उनका 17 वां सालाना उर्स आज से शुरू हो गया उर्स दो दिन तक चलेगा उर्स मे आज पहले दिन सुबह बाद नमाज-ए-फज़र कुरान ख्वानी हुई बाद नमाज-ए-असर हल्का-ए- जिक्र हुआ इसके बाद सरकारी चादर का जुलूस ग्राम इस्लामनगर से मोहम्मद अहमद महबूबी के आस्ताने से शुरू होकर नयागांव, नवादिया चौराहा मेंन रोड होता हुआ दरगाह शरीफ पर



चादरपोशी के बाद खत्म हुआ चादर कोसी के बाद अमन चैन के लिए दुआ की गई बाद नमाज-ए-ईशा महफिले मिलाद शरीफ हुआ इस मौके पर दरगाह के सज्जदानशीन सूफी मोहम्मद यासीन महबूबी, सैय्यद सूफी इनायत हुसैन महबूबी,सूफी कल्लू मियां महबूबी, अकबर अली,नन्हें कादरी, गुड्डू मलिक, मोहम्मद मुस्तकीम, रोज़न अली, सूफी यामीन महबूबी आदि थे

## लोगों की समस्या से अवगत कराया



उत्तम भारत संवाददाता

**स्वार।** स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने अपनी टीम के साथ स्वार बिजली घर पर पहुंच कर लोगों की समस्या से अवगत कराया जिससे की स्वार नगर और स्वार ग्रामीण के लोगों के दिलों में कालाबाजारी और मीटर में गलत रीडिंग की शिकायत से अवगत कराया जिससे कि स्वार जेई,एसडीओ व एक्शन ने तुरंत संज्ञान लेकर उससे संबंधित अधिकारी को तुरंत आदेश दिए और कहां की इस काम को तुरंत कराया जाए जिससे कि लोगों को समस्या ना हो पाए लोगों की समस्या बिजली बिजली के बिलों में बहुत समस्या आ रही है बिजली के लोगों के बिल हर महीने नहीं निकल पा रहे हैं और गलत ओवर रीडिंग ज्यादा हो रही है जिससे कि लोग बहुत परेशान हैं और इस मामले को संज्ञान में लेते हुए स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने अपनी टीम के साथ मामले को पूरी तरह से समझाया जिसमें उपस्थित स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर रिंकू सोनी सूरज वाल्मीकि ,अतर सिंह ,राजीव वर्मा, गोलू ,संजय ,रामावतार राजू सैनी ,आकाश बाल्मीकि इंद्रपाल दिवाकरआदि उपस्थित रहे

## नोडल अधिकारी ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मिलक का निरीक्षण

उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** नोडल अधिकारी श्री सुभाष चंद्र शर्मा ज्वालानगर स्थित निर्माणाधीन पानी की टंकी के निरीक्षण के उपरान्त मुख्य विकास अधिकारी श्री नन्द किशोर कलाल व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मिलक पहुंचे और आमजन को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले पैथोलॉजी कक्ष, आपातकालीन वार्ड, ओ.पी.डी. कक्ष, औषधि वितरण केंद्र तथा अन्य विभिन्न अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने रजिस्टरों में दर्ज मरीजों की संख्या, दवा वितरण की स्थिति तथा चिकित्सकीय जांच प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने ओ.पी.डी. में आने वाले मरीजों की संख्या एवं उन्हें दी जा रही चिकित्सा सेवाओं के संबंध में भी प्रभारी चिकित्साधिकारी से जानकारी प्राप्त



की। चिकित्साधिकारी ने प्रमुख सचिव को अवगत कराया कि प्रतिदिन पर्याप्त संख्या में मरीज ओ.पी.डी. में आ रहे हैं, जिन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाइयाँ समय से उपलब्ध कराई जा रही हैं। नोडल अधिकारी ने टी0बी0 रोग नियंत्रण कार्यक्रम की प्रगति की भी जानकारी ली। प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 250 टी0बी0 रोगी उपचाराधीन हैं, जिन्हें नियमित दवा और परामर्श प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी जीवन रक्षक दवाइयाँ, इंजेक्शन, ऑक्सीजन सिलिंडर एवं आवश्यक औषधियाँ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखी जाएं, जिससे उपचार में किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए।

## छात्राओ को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया

उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में आज दिनांक 27.10.2025 को महिला सुरक्षा दल, थाना अजीमनगर द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत सनराइज जूनियर हाई स्कूल में छात्राओ को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया ।

महिला सुरक्षा दल द्वारा छात्राओं एवं शिक्षकों को महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस



आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा ) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया ।

महिला सुरक्षा दल थाना अजीमनगर द्वारा छात्राओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक कर निम्न सुझाव दिये गयेः-

1.प्रलोभन में आकर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें,

2.अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर आदि गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें ।

3.साइबर फ्राड/धोखाधड़ी होने पर तत्काल cyber portal पर शिकायत करें या 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करायें अथवा साईबर सेल से सम्पर्क करें ।

## आत्मरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया

उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में आज दिनांक 27.10.2025 को महिला सुरक्षा दल, जनपद स्तरीय द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत पी एम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज किला, रामपुर में छात्राओं एवं थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया ।

महिला सुरक्षा दल द्वारा छात्राओं एवं शिक्षकों को महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर



लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा ) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया।

महिला सुरक्षा दल जनपद स्तरीय द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक कर निम्न सुझाव दिये गयेः-

1.प्रलोभन में आकर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें,

2.अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर आदि गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें ।

3.साइबर फ्राड/धोखाधड़ी होने पर तत्काल cyber portal पर शिकायत करें या 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करायें अथवा साईबर सेल से सम्पर्क करें ।

## जूनियर हाई स्कूल, खोदपुरा में छात्र- छात्राओं को जागरुक किया गया

उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में आज दिनांक 27.10.2025 को महिला सुरक्षा दल, थाना भोट द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत गरीब नवाज जूनियर हाई स्कूल, खोदपुरा में छात्र- छात्राओं को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।

महिला सुरक्षा दल द्वारा छात्राओं एवं शिक्षकों को महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस



आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा ) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया।

महिला सुरक्षा दल , थाना भोट द्वारा छात्र-छात्राओं/शिक्षकों को सुरक्षा, आत्मरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक कर निम्न सुझाव दिये गयेः-

1.प्रलोभन में आकर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें,

2.अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर आदि गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें ।

3.साइबर फ्राड/धोखाधड़ी होने पर तत्काल cyber portal पर शिकायत करें या 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करायें अथवा साईबर सेल से सम्पर्क करें ।

## नोडल अधिकारी ने की विकास, निर्माण कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा

*** शादी अनुदान योजना में पात्र लाभार्थियों की सूची का सत्यापन उपजिलाधिकारी एवं बीडीओ द्वारा कराने के निर्देश।**

*** गौशालाओं में चारा, भूसा एवं तिरपाल की पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश।**

*** दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग, उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जरूरी।**

*** योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध होगी कार्रवाई। ........नोडल अधिकारी**



**रामपुर।** प्रमुख सचिव, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग/ जनपद के नोडल अधिकारी श्री सुभाष चन्द्र शर्मा ने पुलिस अधीक्षक श्री विद्या सागर मिश्र एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री नन्द किशोर कलाल की उपस्थिति में विकास भवन स्थित सभागार में शासन की सीएम डैश बोर्ड पर विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, निर्माण कार्यों, स्वास्थ्य सेवाओं एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। बैठक में नोडल अधिकारी ने शासन की विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने कार्यों को शासन की मंशानुरूप समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण करें।

समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी ने सामुदायिक शौचालयों के संबंध में निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में निर्मित शौचालयों का विशेष सत्यापन कराया जाए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सभी शौचालय क्रियाशील हैं तथा उनका नियमित उपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता मिशन के अंतर्गत निर्मित सभी शौचालयों की साफ-सफाई एवं रख-रखाव की समुचित व्यवस्था की जाए।

नोडल अधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को निर्देश दिए कि आर.पी.डब्ल्यू.ए. ऐप के अंतर्गत सभी दिव्यांगजन का पंजीकरण एवं अद्यतन कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं तथा उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी से दिव्यांग पेंशन योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि दिव्यांग पेंशन की दो किश्तें लाभार्थियों के बैंक खातों में प्रेषित कर दी गई हैं तथा सभी लाभार्थी अपने बैंक में जाकर एन.पी.सी.आई. लिंकिंग कराना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें समय पर लाभ प्राप्त हो सके।

बैठक के दौरान नोडल अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए 102 एवं 108 एम्बुलेंस सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि आपातकालीन सेवाएँ सदैव सक्रिय रहें और हर मरीज को समय पर चिकित्सीय सहायता प्राप्त हो।

प्रमुख सचिव ने बायोमेडिकल उपकरणों के रख-रखाव की भी समीक्षा की तथा अस्पतालों में उपलब्ध सभी उपकरणों की नियमित जाँच कर कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान प्रमुख सचिव ने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना की प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों की सूची का सत्यापन उपजिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी द्वारा कराया जाए, ताकि उनमें से अपात्रों को हटाकर पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ दिलाया जा सके।

उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि आगामी शीतकालीन मौसम को दृष्टिगत रखते हुए गोवंश की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित कर ली जायें तथा गौशालाओं में चारा, भूसा एवं तिरपाल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी ने श्रम विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रति जागरूकता के अभाव में अनेक श्रमिक लाभ से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने सहायक श्रमायुक्त एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक श्रमिकों एवं ईंट-भट्ठों पर कार्यरत श्रमिकों का पंजीकरण श्रम विभाग में कराना सुनिश्चित करें और योजनाओं का अधिकतम प्रचार-प्रसार करायें।

उन्होंने ए.आर. कोऑपरेटिव एवं डिप्टी आर.एम.ओ. को निर्देशित किया कि जनपद में अनाज भंडारण क्षमता बढ़ाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएँ। नाबार्ड योजना के तहत 2000 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदामों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर उसका लाभ जनपद को प्राप्त कराया जाए।

पुलिस विभाग की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रमुख सचिव को अवगत कराया कि गैंगस्टर एक्ट, महिला उत्पीड़न, एससी/एसटी एक्ट सहित अन्य अपराधों की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

नोडल अधिकारी ने कानून-व्यवस्था की स्थिति को संतोषजनक बताते हुए निर्देश दिए कि आगामी त्योहारों के अवसर पर पुलिस प्रशासन विशेष सतर्कता बरते और आम नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

अंत में नोडल अधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप सभी विभागीय अधिकारी अपने कार्यों का निष्पादन पूर्ण निष्ठा, उत्तरदायित्व एवं पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री संदीप कुमार वर्मा सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## चेयरमैन खालिद अली ने तीन आरसीसी रोड का किया उद्घाटन

उत्तम भारत संवाददाता

**नरपतनगर।** रामपुर की नगर पंचायत नरपतनगर दूँदावाला चेयरमैन खालिद अली में तीन आरसीसी रोड़ों का फीता काटकर उद्घाटन किया ।इस मौके पर लोगों ने चेयरमैन खालिद अली का अलग अलग वार्डो में फूल बरसाकर और गले में हार डालकर जोरदार स्वागत किया और वार्डवासियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई ।एक 220 मीटर आरसीसी बाईपास रोड वार्ड नंबर 9 में,दूसरी 30 मीटर आरसीसी रोड वार्ड नंबर 2 में और तीसरी 20 मीटर आरसीसी रोड वार्ड नंबर 1 में डलवाई ।इस मौके पर चेयरमैन खालिद ने कहा नगरवासियों की परेशानी को देखते हुए यह विकास कार्य हो रहे है नगर पंचायत बनने से पहले नगर के काफी रास्ते कच्चे थे और उस में गहरे गहरे गड्ढे थे जिसमे पानी भरा रहता था नगरवासियों को आवागमन में बहुत समस्या होती थी,अब पक्के रास्ते पड़ने से



नगरवासियों को काफ़ी राहत मिली है और नगर भी तरक्की की तरफ़ बढ़ रहा है ।इस मौके पर चेयरमैन खालिद अली के साथ मसरूर अहमद ,सभासद जफर अली ,अरमान अली ,सलेन्द्र चंद्रा,एडवोकेट मोहम्मद आसिफ़,हाफिज नईम कुरैशी ,खलीक कुरैशी ,नन्हे कुरैशी , कदीर कुरैशी ,फहीम कुरैशी ,इरफान कुरैशी,मुन्ना कुरैशी, नफीस ,इस्लाम पंच,मोबिन अली, अमीर अहमद,मकसूद,नबी अहमद,वीर सिंह,स्याम सिंह, गुड्डू, मुंज़िर,चरण सिंह,भूरा सिंह,प्रीतम ,रहमत अली आदि लोग मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन पानी की टंकी का किया निरीक्षण



उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** जनपद के नोडल अधिकारी श्री सुभाष चंद्र शर्मा ने रामपुर शहर के ज्वालानगर में जल जीवन मिशन (शहरी) द्वारा अमृत योजना के अंतर्गत लगभग 9.53 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन पानी की टंकी का औचक निरीक्षण किया।

इस अवसर पर अधिशासी अभियंता ने अवगत कराया कि टंकी निर्माण का लगभग 33 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा परियोजना के अंतर्गत 2042 नये नल कनेक्शन प्रस्तावित हैं।

उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन टंकी की ऊँचाई 22 मीटर एवं गहराई 3 मीटर है। कार्य पूर्ण होने पर यह टंकी ज्वालानगर क्षेत्र में 24 घंटे सुचारु रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करेगी, जिससे स्थानीय नागरिकों को निरंतर जल उपलब्धता का लाभ प्राप्त होगा। नोडल अधिकारी ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा इसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री नन्द किशोर कलाल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## बिलासपुर में बिना योग्य डॉक्टरों के चल रहे अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे सेंटर

**बिलासपुर, रामपुर।** बिलासपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। जानकारी के अनुसार, कई अल्ट्रासाउंड, सोनोग्राफी और एक्स-रे सेंटर बिना योग्य रेडियोलॉजिस्ट और सोनोलॉजिस्ट के खुलेआम संचालित किए जा रहे हैं। इन सेंटरों ने किराए की डिग्रियों से पंजीकरण कराकर फर्जी तरीके से धंधा खड़ा कर रखा है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, कुछ तथाकथित चिकित्सक तो झोलाछाप हैं, जिनके पास चिकित्सा का कोई वैध प्रशिक्षण या डिग्री नहीं है। यह पूरा कारोबार क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट और पीएनडीटी एक्ट का खुला उल्लंघन कर रहा है।

स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण ये अवैध सेंटर वर्षों से चल रहे हैं, जहां मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग अंजाने में इन फर्जी संस्थानों पर इलाज कराने पहुंच जाते हैं, जिससे गलत रिपोर्ट और गलत इलाज की संभावना बढ़ जाती है।

स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग इन सभी सेंटरों की सघन जांच कराए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर लगाम लगाई जा सके।

## पीपली वन बचाओ एक्शन कमेटी ने विभाग के खिलाफ दी भूख हड़ताल की चेतावनी



**मसवासी।** पीपली बंद बचाओ एक्शन कमेटी के संयोजक ने बीट नंबर 11 में शीशम और सागौन के पेड़ों का अवैध कटान न रुकने पर वन विभाग के खिलाफ भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी को पत्र भेज कर की गई है। पीपली वन बचाओ एक्शन कमेटी के संयोजक अहमदजान ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर शिकायत की है की बीट नंबर 11 में शीशम सागौन और खेर के पेड़ों का अवैध रूप से लगातार कटान किया जा रहा है। इस मामले की शिकायत कई बार वन विभाग के अधिकारियों से की जा चुकी है लेकिन वन विभाग के अधिकारी अवैध कटान पर गंभीर नहीं है जिससे वन पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंच रहा है, शासन को भी काफी नुकसान पहुंच रहा है और वन की हालत दिन व दिन वदतर होती जा रही है। अवैध कटान में वन विभाग के कई स्थानीय कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध है उन्होंने जिला अधिकारी से अवैध कटान में लिप्त वन कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई न होने पर भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है। उन्होंने इस आशय का एक शिकायती पत्र जिला अधिकारी को प्रेषित किया है।

## साप्ताहिक बाजार में बनाई जाए लाईब्रेरी, ईओ पर गवन का आरोप

**दढ़ियाल।** नगर में काशीपुर मार्ग पर बन रही लाइब्रेरी का सभासदों ने विरोध किया । आरोप है कि टेंडर विज्ञाप्ति में निर्माण कार्य दर्शाया गया है। जबकि ईओ कार्य न कराकर फर्नीचर और कंप्यूटर आदि उपकरणों का कार्य बता रहे है।जिलाधिकारी को पत्र भेजकर लाइब्रेरी नगर के साप्ताहिक बाजार में बनाए जाने की मांग की है। सोमवार को नगर के सभासद नगर पंचायत कार्यालय पर एकत्र हुए। सभासदो ने एक मीटिंग का आयोजन किया। मीटिंग के बाद एक ज्ञापन जिलाधिकारी जोगिंद्र सिंह को भेजा ।ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है कि नगर पंचायत कार्यालय में लाईब्रेरी का निर्माण कराया जा रहा है। नगर पंचायत कार्यालय आबादी से लगभग एक किलोमीटर दूर है। लाइब्रेरी का आने जाने में छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। लाइब्रेरी जंगल में होने के कारण छात्र छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टि से सही नहीं है। आरोप है कि जिस हाल को अधिशाषी अधिकारी लाईब्रेरी का रूप दे रहे है, वह जगह बोर्ड की मीटिंग के लिए मीटिंग हाल है। उस जगह का चयन लाईब्रेरी के रूप में हो जायेगा तो सभासद कहां बोर्ड की मीटिंग किया करेंगे। आरोप है कि अधिशाषी अधिकारी कह रहे की लाईब्रेरी के लिए पैसा फर्नीचर और कंप्यूटर आदि उपकरणों के लिए आया है जबकि नगर पंचायत के टेंडर विज्ञप्ति में निर्माण कार्य दर्शाया गया है। जबकि सभासदों के लिए बनाए गए मीटिंग हाल में दीवार बनाई जा रही है। जैम पोर्टल से भी लाईब्रेरी का सामान नहीं खरीदा गया है। सभासदों को कहना है कि बाजार में स्थित नगर पंचायत के पुराने गोदाम में कई कमरे बने हुए हैं । जहां पर लाइब्रेरी बनाए जाने से नगर के छात्र छात्राओं को काफी फायदा होगा। नगर के बीच-बीच लाई ब्रेरी बनने से छात्र अपने सपने साकार कर सकेंगे। जिलाधिकारी को भेजे गए ज्ञापन पर सभासद यास्मीन,आयशा ,दिलसाद ,फरहा मंसूरी , कमलेश देवी,रहीस,शारूख खान,अकबर अली,रहीस ,हाजी इक़वाल,आदि के हस्ताक्षर है।

## डिश केबल पर जताई नाराजगी, जेई से की शिकायत

**मसवासी।** बजरंग दल नेता ने डिश संचालक पर मनमानी बरतने का आरोप लगाया है कहा कि दिन संचालक ने डिश के तार एचटी लाइन के ऊपर से डाल रखे हैं जो कभी भी लोगों के लिए हादसे का सबब बन सकते हैं। अवर अभियंता ने इस मामले में जांच का आदेश दिए हैं। बजरंग दल नेता अर्जुन कुमार गुप्ता ने अवर अभियंता बिजली मोहनलाल से शिकायत की है कि डिश संचालक ने कई स्थानों पर 33 हजार के बी लाइन के ऊपर से अपना डिश केबिल डाल रखा है जो कभी भी लोगों के लिए बड़ा हादसा खड़ा कर सकता है। इस मामले की शिकायत डिश संचालक से भी की जा चुकी है लेकिन उसने अपना केवल एच टी लाइन से नहीं हटाया है। जो कभी भी बड़े हादसे को डिश केबल अंजाम दे सकता है और लोगों की जान खतरे में पढ़ सकती है उन्होंने अवर अभियंता से बिजली लाइन से डिश केबल हटाने की मांग की है। और अभियंता ने बताया की लाइनमेन को जांच के लिए निर्देशित किया गया है शीघ्र ही डिश केबिल एचटी लाइन से हटा दिया जाएगा।

## कार चालक ने स्कूली बच्चो के रिक्शा मे मारी टक्कर

**मसवासी।** टांडा बाजपुर मार्ग पर कार चालक ने खड़ी ई रिक्शा मे टक्कर मार दी जिस्से रिक्शा मे बैठे स्कूली बच्चे व ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक कार छोड़कर फरार हो गया कार को पुलिस ने अपने कब्जे मे ले लिया है। ई रिक्शा चालक धर्मपाल निवासी खोद शरीफ कन्या इंटर कॉलेज व वतन पब्लिक जूनियर हाईस्कूल के बच्चे लाने ले जाने के लिए उसने अपना रिक्शा लगा रखा है। सोमवार को लगभग एक बजे के करीब कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से बच्चे लेकर टांडा बाजपुर मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के सामनेवतन पब्लिक स्कूल के बच्चे लेने के लिए जा रहा था कि टांडा बाजपुर मार्ग पर मसवासी पैट्रोल पम्प के पास रिक्शा खड़ा कर वतन पब्लिक स्कूल के बच्चो के आने का इन्तजार कर रहा था की तभी टांडा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने खड़ी ई रिक्शा मे टक्कर मार दी टक्कर लगते ही चालक व बच्चे रिक्शा से छिटककर दूर जा गिरे जिस्से बच्चे व चालक जख्मी हो गए।

## 08 अपराधियों को किया गिरफ्तार




**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर के कुशल निर्देशन में थाना सिविल लाईन रामपुर तथा साइबर सेल रामपुर की संयुक्त टीम द्वारा साइबर अपराध/ठगी करने वालें गैंग के 08 अपराधियों को किया गया गिरफ्तार, भारी मात्रा में कम्प्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल व सिमकार्ड्स बरामद ।

P-09:28 paga09_jhn.qxd 10/27/2025 7:10 PM Page 1



# जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में शासन के आदेशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. सुनीता के कुशल निर्देशन में 'कौशल विकास पर आधारित शॉर्ट टर्म कोर्सेज' विषय पर एक विशेष व्याख्यान एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में प्रो. अनीता देवी एवं डॉ. रजिया परवीन ने छात्राओं को विभिन्न लघु अवधि कौशल विकास पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इन कोर्सेज के माध्यम से छात्राएँ न केवल रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती हैं, बल्कि स्वयं का स्वरोजगार प्रारंभ कर आत्मनिर्भर भी बन सकती हैं।

व्याख्यान के दौरान उन्होंने संचार कौशल (Communication Skills), डिजिटल साक्षरता, ब्यूटी एंड वेलनेस, फैशन डिजाइनिंग, टाइपिंग, कंप्यूटर बेसिक, और उद्यमिता विकास जैसे पाठ्यक्रमों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उक्त कार्यक्रम में संयोजक प्रो सबीहा परवीन का मुख्य योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अनीता देवी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ. इफ्तेखार अहमद कादरी डॉ. कासिम, डॉ. प्रतिभा यादव एवं समस्त महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति रही। छात्राओं ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया और व्याख्यान से जुड़े प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाएँ साझा कीं। कार्यक्रम में लगभग 30-35 छात्राएं उपस्थित रहीं।

# नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया जन चौपाल का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जिले के नोडल अधिकारी विकास खण्ड मिलक के ग्राम नवदिया स्थित सचिवालय पहुंचे और जनचौपाल की। इस दौरान उन्होंने दो दिव्यांग दंपति को माला पहनकर उनको सम्मानित किया और ट्राई साइकिल वितरित की। इसके अतिरिक्त जन चौपाल में शिशु को अन्नप्राशन कराया।



जन चौपाल में ग्रामीणजनों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा निःशुल्क शिक्षा के साथ मध्यान भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। किताबें, ड्रेस, और जूते आदि दिए जाते हैं। अपने बच्चों को पढ़ने के लिए सरकारी स्कूल भेजें।

उन्होंने कहा कि पीने के पानी के लिए हर घर नल से जोड़ने की योजना चल रही है। जिसके तहत आप लोगों के लिए स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के पोषण का ध्यान रख रही हैं। गर्भवती महिलाओं के लिए एंबुलेंस की सुविधा है सभी गर्भवती महिलायें अस्पताल में ही अपना प्रसव कराएं। उन्होंने कहा कि जननी सुरक्षा योजना के तहत उन्हें दो हजार रूपये भी दिए जा रहे हैं। दिव्यांगजनों के लिए संचालित पेंशन योजना के बार में जागरुक करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए प्रत्येक महीना एक हजार रूपये पेंशन दी जाती है। इस प्रकार साल में बारह हजार रूपये उन्हें दिए जाते हैं।

इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति जनजाति, पिछड़ा वर्ग आदि छात्रों की शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति योजना संचालित है। गांव में राशन की दुकान पर खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है और मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री नंदकिशोर कलाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. दीपा सिंह, उपजिलाधिकारी श्री आनंद कुमार कनौजिया उपस्थित रहे।

# 21 नवंबर 2025 को टेट की अनिवार्यता के विरोध में दिल्ली कूच करेगा देशभर का 20 लाख शिक्षक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** 1 सितंबर 2025 को माननीय सुप्रीम कोर्ट के टेट की अनिवार्यता को लेकर दिए गए आदेश के बाद शिक्षकों में असुरक्षा एवं भय का माहौल व्याप्त हो गया शिक्षक अवसाद में आ गये हैं इन सभी गंभीर परिस्थितियों को देखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर एक संगठन की आवश्यकता महसूस की गई फिर 25 अक्टूबर 2025 को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ़ इंडिया नई दिल्ली में टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के नाम से एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन का गठन किया गया जिसमें झारखंड ,पंजाब, हरियाणा, हिमाचल ,उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश ,महाराष्ट्र ,आदि राज्यों के शिक्षक प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया डा. दिनेश चंद शर्मा अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश को सर्वसम्मति से निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया घोषित किया गया , शिव शंकर पांडे को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष




,संजय सिंह जी को राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, देवेंद्र वास्तव को राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री और राधे रमण त्रिपाठी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष , आदि निर्विरोध निर्वाचित हुए तत्पश्चात राष्ट्रीय स्तर पर 21 नंबर 2025 को शिक्षकों को सेवा में बने रहने और पदोन्नति में टेट से मुक्ति हेतु आंदोलन की रणनीति बनाई गई और निर्णय लिया गया और 21 नवंबर 2025 को देशभर का 20 लाख शिक्षक दिल्ली में आंदोलन करेगा दिल्ली वापसी के दौरान बागपत ,बुलंदशहर, मेरठ, गाजियाबाद ,हापुड़ अमरोहा मुरादाबाद आदि जनपदों में स्वागत एवं संवाद के बाद नव निर्वाचित डॉ. दिनेश चंद शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष , संजय सिंह राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,राधे रमण त्रिपाठी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, देवेंद्र श्रीवास्तव राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री, शिव शंकर पांडे राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, सुशील कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष , सर्वेश शर्मा मांडलिक मंत्री ,नीरज शर्मा जिला अध्यक्ष ,आदि का 27 अक्टूबर 2025 को NH -24 स्थित P -22 ढाबा पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ रामपुर के बैनर तले सर्वप्रथम मीना शर्मा ,अनीता गुप्ता ,नीतू आनंद, निदा खुशनूद ,जय वर्मा, तरुण उपाध्याय आदि महिला शिक्षिकाओं ने रोली चंदन से मंत्रोच्चार कर तिलक करते हुए बुके भेंट कर स्वागत किया

# इलाहाबाद में पत्रकार की हत्या पर रामपुर के पत्रकारों में आक्रोश, मुख्यमंत्री को लिखित एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज इलाहाबाद में पत्रकार लक्ष्मी नारायण सिंह उर्फ 'पप्पू' की निर्मम हत्या के खिलाफ पत्रकारों में गहरा रोष है। ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के मुरादाबाद-बरेली मंडल अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों ने सोमवार को रामपुर कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, जिसमें दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।बरेली मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष प्रभात भारद्वाज और अन्य पत्रकारों ने कहा कि यह घटना लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला है। उन्होंने प्रदेश सरकार से पत्रकार की हत्या की निष्पक्ष जांच, परिवार को आर्थिक सहायता और परिजनों को सुरक्षा देने की मांग की। इस मौक़े पर बरेली मुरादाबाद



मंडल अध्यक्ष प्रभात भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष संदीप शर्मा, जिला उपाध्यक्ष फवाद खान, कोषाध्यक्ष आज़म खान, जिला उपाध्यक्ष अलीम खान, जिला उपाध्यक्ष इमरान खान बंटी, सदस्य रूप किशोर, सदस्य उस्मान खान आदि लोग शामिल रहे गौरतलब है कि प्रयागराज में गुरुवार शाम एक होटल के पास 54 वर्षीय पत्रकार लक्ष्मी नारायण सिंह उर्फ 'पप्पू' की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस वारदात के बाद पूरे प्रदेश में सनसनी फैल गई कौन थे पत्रकार लक्ष्मी नारायण सिंह लक्ष्मी नारायण सिंह मूल रूप से गाजीपुर जिले के थाना सादात स्थित डहरमौवा-कौड़ा गांव के निवासी थे। वे पूर्व हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक सिंह के भतीजे थे। उनके पिता आर.डी. सिंह, वायुसेना से सेवानिवृत्त थे। कोरोना काल में उनका निधन हो गया था पत्रकार सिंह कई वर्षों से प्रयागराज के धूमनगंज स्थित अलका विहार कॉलोनी में पत्नी सरिता सिंह और बेटे के साथ रह रहे थे। साल 2005 में उन्होंने केबल डिश का कारोबार शुरू किया था, लेकिन घाटा होने के बाद यह व्यवसाय छोड़कर एक निजी समाचार चैनल से जुड़ गए थे पुलिस कार्रवाई में एक आरोपी घायल, एक फरार पुलिस के अनुसार, इस हत्या में विशाल और साहिल नामक दो व्यक्तियों के शामिल होने की बात सामने आई है। पुलिस ने मुठभेड़ में एक आरोपी विशाल को गोली लगने के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरा आरोपी साहिल फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर एसोसिएशन ने की बैठक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मिलक ।** रामपुर एस.सी/एस.टी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन, रामपुर के कैम्प कार्यालय पर जिलाध्यक्ष राम बहादुर गौतम के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षकों की समस्याएं, शोषण, आदि से सम्बंधित बिन्दुओं पर विचार- विमर्श किया गया।बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि विभाग द्वारा अनुचरों को मूल विद्यालय में न लगाकर बीआरसी ( ब्लॉक संसाधन केंद्र ) पर लगाकर कार्य कराया जा रहा है जो शिक्षकों पर दवाब बनाते है एवं शोषण करते हैं जबकि अनुचरों को सम्बंधित विद्यालय में कार्य करना चाहिए। बैठक में विद्यालयों में सफाई व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई कि विद्यालयों में सफाई कर्मी नहीं आते हैं या न के बराबर आते हैं जिससे विद्यालयों की समुचित साफ- सफाई नहीं हो पाती। पूर्व में उच्च अधिकारियों द्वारा आदेश किए जाते रहे है कि ग्राम पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मचारियों द्वारा सम्बंधित विधालय में सफाई की जानी है लेकिन एसा नहीं हो रहा है द्य संबंधित ग्राम पंचायत के सफाई कर्मी की विद्यालयों में सफाई की जिम्मेदारी सुनिश्चित



की जानी चाहिए। बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यो के लिए अनेक एप के संचालन से /ऑनलाइन कार्य से प्रधानाध्यापक / अध्यापक परेशान है। बेसिक शिक्षा विभाग/ सुप्रीम कॉर्ट द्वारा शिक्षको के लिए विभिन्न प्रकार के अव्यवहारिक आदेश जारी किए जा रहे है जिससे शिक्षकों का उत्पीड़न हो रहा है। एसोसिएशन द्वारा आपत्ति की गई कि अध्यापक का कार्य अध्यापन करना है ,जबकि उसको अनेक कार्यो मे लगाया जा रहा है।

# 'एवरग्रीन हीरो' निपोन गोस्वामी को असम के मुख्यमंत्री ने किया याद, कहा- आपने अभिनय से छोड़ी अमिट छाप

**गुवाहाटी।** असम और यहां के सिनेमा ने हमेशा अपने कलाकारों और सांस्कृतिक हस्तियों के योगदान को बड़े आदर के साथ याद किया है। इनमें से एक नाम हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेगा, और वो नाम है निपोन गोस्वामी का।

वह न केवल एक महान अभिनेता थे, बल्कि असम की सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाने वाले मार्गदर्शक और प्रेरक भी थे।

उनकी फिल्मों ने असम के आम जीवन और भावनाओं को बड़े सहज और वास्तविक तरीके से पर्दे पर पेश किया।

निपोन गोस्वामी का अभिनय और उनके व्यक्तित्व ने असम के सिनेमा को एक नई पहचान दी।

सोमवार को उनकी पुण्यतिथि पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने उन्हें याद करते हुए सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने निपोन गोस्वामी को असम की संस्कृति और सिनेमा के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके अभिनय और विनम्र स्वभाव ने अनेक लोगों को प्रेरित किया।

उन्होंने असम की कहानियों को दूर-दूर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया और लोगों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी।

मुख्यमंत्री ने एक्स प्लेटफॉर्म पर अपने पोस्ट में लिखा, ÷दिग्गज अभिनेता निपोन गोस्वामी को आज उनकी पुण्यतिथि पर याद कर रहा हूं। अपने असाधारण अभिनय कौशल और असमिया कहानी कहने की कला को दूर-दूर तक पहुंचाने के माध्यम से, उन्होंने हमारे दिलो-दिमाग पर एक अमिट छाप छोड़ी। श्रद्धांजलि।÷

निपोन गोस्वामी को अक्सर असमिया सिनेमा का 'एवरग्रीन हीरो' कहा जाता है। उनके अभिनय ने न केवल फिल्मों को नया आयाम दिया, बल्कि असम की सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत किया।

निपोन गोस्वामी का जन्म 1942 में तेजपुर में हुआ था। वे पुणे के फिल्म और टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) से ग्रेजुएट थे। यहां उन्होंने अपने समय के कई प्रसिद्ध फिल्मकारों और अभिनेताओं के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया, जैसे सुभाष घई और शत्रुघ्न सिन्हा। यह अनुभव उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ।

निपोन गोस्वामी ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 1957 में 'पियाली फुकन' से की, जिसमें उन्होंने बाल कलाकार के तौर पर अभिनय किया। 1968 में आई फिल्म 'संग्राम' में वह मुख्य अभिनेता के रूप में दिखे। इसके बाद उन्होंने कई यादगार फिल्मों में अभिनय किया, जिनमें 'डॉ. बेजबरुआ', 'अजोली नाबौ', 'संध्या राग', 'पाप अरु प्रायश्चित्त', 'मनस कन्या' और 'श्रीमति महिमामयी' जैसी फिल्में शामिल हैं। उन्होंने टीवी सीरियल्स और थिएटर में भी काम किया और युवा कलाकारों को मार्गदर्शन दिया। निपोन गोस्वामी का निधन 2022 में 80 वर्ष की आयु में हुआ था।

# करोड़ों की ऑनलाइन ठगी करने वाला गिरोह गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई




**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** फेक आईडी और फर्जी यूपीआई बनाकर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए रामपुर पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 14 मोबाइल फोन, 113 एटीएम कार्ड, 101 सिम कार्ड, एक कंप्यूटर सीपीयू और महंगी गाड़ियां – जिनमें थार और बुलेट मोटरसाइकिल शामिल हैं, बरामद की हैं। पुलिस का दावा है कि यह गिरोह अब तक करोड़ों रुपये की ठगी को अंजाम दे चुका है एसपी विद्या सागर मिश्र के निर्देशन में साइबर सेल और पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गिरोह फेक आईडी और फर्जी पेमेंट गेटवे तैयार कर देशभर के लोगों को ठगता था। आरोप है कि ये लोग वाट्सएप पर लिंक भेजकर लोगों के मोबाइल हैक कर लेते थे और फिर बैंक खातों से पैसे उड़ा लेते थे छापेमारी थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में शान होटल के पीछे स्थित एक मकान में की गई, जहां यह गिरोह सक्रिय था। पुलिस ने मौके से तकनीकी उपकरणों और ठगी के रिकॉर्ड भी जब्त किए हैं।एडिशनल एसपी अनुराग सिंह ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरोह देश के कई राज्यों में फैला हुआ है और कई ऑनलाइन पेमेंट ऐप्स के माध्यम से ठगी करता था पुलिस जल्द ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी कर सकती है

# मुख्यमंत्री और डीएम को पत्र भेजकर की शिकायत

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।**नगरपालिका के वार्ड नं दस के सभासद मोहसिन खां ने मुख्यमंत्री और डीएम को पत्र भेजकर नगरपालिका पर सरकारी धन का दुरूपयोग का आरोप लगाया है।साथ ही मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है।सोमवार को सभासद ने भेजे पत्र में आरोप लगाया कि जिन कार्यो के पीडब्ल्यूडी द्वारा प्रस्ताव बनाकर सरकार को पहले से भेजें गए हैं,और जो स्वीकृत भी हो चुके हैं,आरोप है कि पालिकाध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी उन कार्यो के टेंडर अपने करीबियों को दे रहे,और मोटा कमीशन ले रहे।पत्र में आरोप लगाया कि बीती 26 मई को नगरपालिका द्वारा टेंडर निकाले गए जिसमें यूको बैंक के सामने दोनों तरफ टाइल्स बिछाने का जबकि इस काम का पीडब्ल्यूडी द्वारा भेजा हुआ प्रस्ताव शासन से पूर्व में ही पास हो चुका है।जिसकी प्रथम किश्त 1 करोड़ 20 लाख की रकम जारी हो चुकी है,नगरपालिका द्वारा दोबारा फिर से उसका टेंडर निकाल दिया गया है।उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# खाद के लिए समितियों पर धक्के खा रहे हैं किसान

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मिलक।** रामपुर भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा ने ए आर कोऑपरेटिव गणेश गुप्ता से फोन पर वार्ता की कहा की जनपद के अधिकारी कहते हैं सभी समितियों पर पर्याप्त मात्रा मे खाद हैं यदि खाद पर्याप्त मात्रा में है तो किसानो को सुबह से शाम तक लाइन लगाकर बैठने की जरूरत नही है किसान को अपनी फसल बौने के लिए DAP/ NPK की जरूरत है किसानो को इस समय पीली सरसों, गन्ना, मटर, गेहूँ की फसल को उगाने के लिए खाद की जरूरत है द्य लेकिन किसान को धक्के खाने पड़ रहे हैं। यह निंदनीय है जिला प्रशासन सभी



समितियों पर खाद भेजे और उसको संबंधित अधिकारी को वितरित करने के लिए अवश्य भेजें यदि किसानो ने फसल की तरफ से रुख बदल लिया तो देश के सामने समस्या खड़ी होगी इस लिए सभी अधिकारीयों को किसानो की समस्या को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# दिवाली महोत्सव के समापन में बॉडी बिल्डिंग शो का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** रामपुर मे एस0 के0 ज्वैलर्स की ओर से लगाए 15 दिवसीय दिवाली महोत्सव का समापन शानदार वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के साथ हुआ कस्तूरबा गांधी पक्षी विहार झील 15 दिवसीय दिवाली महोत्सव मे एस के ज्वैलर्स के बुलावे पर पहली बार रामपुर की सरजमीं पर वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता अयोजन किया गया जिस काफी तादात मे नौजवान लड़को ने प्रतिभाग किया ओर अपनी प्रतिभा दिखाई वेटलिफ्टिंग का शो को देखने के लिए कस्तूरबा गांधी पक्षी विहार झील काफी बड़ी भीड़ पहुंचीं रामपुर के वेटलिफ्टिंरो धूम मचा दी रामपुर के पिडाल के अनदर तालियां बजने लगीं स्टेज पर आते ही पूरा पंडाल पब्लिक की तालियो से गूंज उठा पंडाल मे बेठे दर्शको ने खूब आनंद लिया तालियो की गड़गड़ाहट गूंज उठी एस के ज्वैलर्स ओर डान्स विद के रामपुर की टीम का धन्यवाद करा पक्षी विहार झील मे हर रोज हर तरहा अलग ही प्रोग्राम हो रहे है जिसका आनंद रामपुर की जनता खूब ले रही है ईस महोत्सव मे स्वादिष्ट दूध की खीर का अलग ही चर्चा है,कुल्लड़ की चाय बच्चो के खिलौने के अलावा विभिन्न स्टॉल लगाए गए है।

# विजय ने करूर रैली हादसे के पीड़ित परिवारों से की मुलाकात, मदद का दिया आश्वासन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के करुर में अभिनेता और टीवीके अध्यक्ष सी. जोसेफ विजय की 27 सितंबर को हुई रैली में अचानक हुई भगदड़ में 41 लोग अपनी जान गंवा बैठे थे, जिनमें कई महिलाएं और बच्चे शामिल थे।

राज्य भर में इस घटना ने भारी चिंता और गुस्सा पैदा किया और आम जनता के साथ-साथ राजनीतिक नेताओं की भी आलोचना हुई।

इन सबके बीच सोमवार को विजय ने करूर हादसे में अपनी जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों से मुलाकात की। ये मुलाकात महाबलीपुरम के एक निजी रिजॉर्ट में तय की गई, ताकि परिवारों को सुरक्षित और आरामदायक माहौल मिल सके।

विजय ने इस मुलाकात में हर परिवार से व्यक्तिगत रूप से बात की और उनकी तकलीफ को समझने की कोशिश की। उन्होंने परिवारों को भरोसा दिलाया कि उनके बच्चों की पढ़ाई और चिकित्सा खर्च वह पूरी तरह से वहन करेंगे।

बातचीत के दौरान विजय ने कहा, ÷इस कठिन समय में मैं आपके साथ हूं। आपका दुख मेरा भी दुख है।÷

टीवीके पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बताया कि यह मुलाकात पूरी तरह निजी रखी गई थी और इसमें केवल पार्टी के करीबी लोग ही शामिल थे। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना था कि परिवारों को सीधे तौर पर संवेदना मिले और उनकी तत्काल जरूरतों को पूरा किया जा सके।

पार्टी के सूत्रों के अनुसार, पीड़ित परिवारों को चेन्नई लाया गया। लगभग 38 परिवारों को निजी बसों के माध्यम से लाया गया, जबकि कुछ परिवार हवाई जहाज से पहुंचे।

टीवीके सूत्रों के अनुसार, प्रत्येक परिवार को पहले उनके घर से लेकर करूर में एक साझा स्थान पर लाया गया, जहां से सभी को एक साथ सड़क मार्ग से महाबलीपुरम भेजा गया।

# संक्षिप्त समाचार

## शाह सकलेन एकेडमी की ओर से इस्तीमाई निकाह आज होंगे

**रामपुर।** हजरत शाह सकलेनी एकेडमी की ओर से हर साल की तरह इस साल भी जरूरतमंद लड़कियों के ईशतीमाहाई निकाह रामपुर में होने जा रहे हैं कल दिनांक मंगलवार कार्यक्रम स्थल खुशबू गार्डन रामपुर झील के निकट यह कार्यक्रम होने जा रहा है एकेडमी की तरफ से लड़कियों को सामान भी दिया जाएगा सकलेन एकेडमी पिछले कई सालों से इस खिदमत खल्क को अंजाम दे रही है इसके अलावा गरीब बच्चों की पढ़ाई लिखाई का खर्च भी एकेडमी उठाती है प्रोग्राम सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक रहेगा जहरे सर परस्ती हजरत पीरो मुर्शीद शाह गाजी मियां सज्जादा मशीन खानखा सकलेन मियां व शराफत मियां मेहमान ने खुशी में शामिल रहेंगे एकेडमी के लोगों में नासिर सकलेनी तनवीर सकलेनी कौसर सकलेनी नावेद सकलेनी आदि लोग मौजूद रहेंगे।

## जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने ब्लॉक चुनाव का किया ऐलान

**रामपुर।** सोमवार को जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश त्यागी के आदेश पर जिलाध्यक्ष ने जनपद के सभी ब्लाकों के त्रिवार्षिक चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। जिसमें सबसे पहले स्वार ब्लॉक में 13 नवंबर को उच्च प्राथमिक विद्यालय बादली में चुनाव होंगे। जबकि मिलक में 18 नवंबर को उच्च प्राथमिक विद्यालय मिलक, चमरौआ में 26 नवंबर को होंगे। जबकि शाहाबाद में 4 दिसंबर को उच्च प्राथमिक विद्यालय भीतरगांव में होंगे। वहीं बिलासपुर 16 दिसंबर को प्राथमिक विद्यालय खौदलपुर में होंगे। इसके साथ ही सैदनगर ब्लॉक में 22 को संघ ने चुनाव कराने का निर्णय लिया है। यह चुनाव स्कूल समय उपरांत ही कराए जाने हैं।

जिला अध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि चुनाव के दिन ही अध्यापकों की सदस्यता शुल्क सूची प्रकाशित की जाएगी। नामांकन दोपहर 3 बजे होगा। जबकि 3.15 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 3.15 से 3.30 बजे तक नाम वापसी की जा सकेगी। इसके साथ ही 3.30 बजे मतदान होगा। दोपहर चुनाव के तुरंत मतों की गणना की जाएगी। इस दौरान जिला महामंत्री अंजुम स्नेही सक्सैना भी मौजूद रहे।

## नाजायज तमन्चे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**स्वार।** थाना स्वार पुलिस द्वारा अजीम पुत्र अब्दुल रहीम निवासी लाडपुर सेमरा थाना स्वार जनपद रामपुर को मुखबिर की सूचना पर मंसूरपुर मोड के पास झाड़ियों में खण्डर के पास से 01 अदद नाजायज तमन्चा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना स्वार पर मु0अ0सं0- 454/2025 धारा- 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**मिलक।** वादी की तहरीरी सूचना बावत अभियुक्तगण द्वारा वादी की पुत्री का छेडछाड की नियत से पीछा करने एवं छेडछाड करने के संबंध में थाना मिलक पर मु0अ0सं0 441/25 धारा 76/78(2)/127(2) /137(2)/351(3) बीएनएस व धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट बनाम उमेश पुत्र छोटेलाल कश्यप निवासी ग्राम सिंधौली थाना मीरगंज रामपुर आदि 04 नफर पंजीकृत किया गया था ।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**मिलक।** वादिनी का तहरीरी सूचना वादिनी के पति द्वारा अपनी पहली पत्नी व अन्य अभियुक्तगण द्वारा वादिनी के साथ मारपीट कर वादिनी को गम्भीर रुप से घायल कर देने, जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना मिलक पर मु0अ0सं0 452/25 धारा 115(2)/351(3)/117 (2)/109(1) बीएनएस बनाम मोहज्जम अली पुत्र अब्दुल हमीद निवासी ग्राम पैगूपुरा थाना मिलक आदि 04 नफर पंजीकृत किया गया था ।

## 02 नफर वांरटी गिरफ्तार



**भोट।** थाना भोट पुलिस द्वारा 02 नफर वांरटी 1. प्रेमसिंह उर्फ ब्रहमपाल पुत्र दीपचन्द्र नि0 ग्राम मझरा किशनपुर थाना भोट जनपद रामपुर सम्बन्धित दाण्डिक प्रकीर्ण (भरण पोषण वसूली) वाद सं0 535/2024 अन्तर्गत धारा 125(3) सीआरपीसी, 2. मंगलसैन पुत्र श्यामलाल निवासी खेरूल्लापुर थाना भोट जनपद रामपुर सम्बन्धित केस नं0 556/19 अ0सं0 11/19 धारा 60 आबकारी अधिनियम को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## चोरी के बैटरा/ माल के साथ गिरफ्तार

**टाण्डा।** वादी के घर के बाहर खड़े वादी के टैक्ट्रर की बैट्री चोरी करते हुए 02 व्यक्ति 1. इरफान पुत्र मौ0 याकूब निवासी चक स्वार थाना स्वार जिला रामपुर 2.मौ0 आलिम पुत्र मौ0 अहमद निवासी मौ0 अगलगा कस्बा व थाना स्वार जिला रामपुर को वादी द्वारा चोरी के बैट्री सहित पकडकर थाने लाया गया तथा तहरीर उपलब्ध करायी गयी, प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना टांडा पर मु0अ0सं0- 496/25 धारा 303(2)/317(2) BNS बनाम इरफान व मौ0 आलिम उपरोक्त पंजीकृत किया गया । अभियुक्तगण उपरोक्त को पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

## बैट्री चोरी करते दो युवकों को जेल भेजा




**दढ़ियाल।** चौकी क्षेत्र के ग्राम अकबराबाद में काशीपुर मुख्य मार्ग पर मजार के समीप खड़े जुबैर खां के ट्रैक्टर की बैट्री चोरी करने के मामले में कोतवाली टांडा पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए सोमवार को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। ट्रैक्टर स्वामी जुबैर निवासी ग्राम अकबराबाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मेरा अर्जुन कम्पनी का ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़ा था कि आरोपी इरफान निवासी मोहल्ला चक स्वार थाना स्वार व आलिम निवासी मोहल्ला अगलगा स्वार थाना स्वार को बैट्री चोरी करते पकड़ लिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों की तलाशी के बाद बरामद हुए बैट्री के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नगर में बढ़ती चोरियों से नगरवासियों में पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है। क्षेत्र में चर्चा है कि दिनदहाड़े चोरी की घटनाएं आम हो गई हैं और चोरों के हौसले बुलंद हैं। गौरतलब है कि बीते 17 अक्टूबर को भी नगर के मुख्य तिराहे पर एक पेंट स्टोर से 3500 रुपये की चोरी करते एक युवक को रंगे हाथों पकड़ा गया था। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पुलिस का खौफ कम होता जा रहा है, जिससे ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं।

## पालिका टीम ने चलाया अभियान,मचा हड़कंप



**बिलासपुर।**नगर में जगह जगह फैले अवैध अतिक्रमण को लेकर पालिका टीम ने विशेष अभियान चलाया।अभियान के दौरान कब्जाधारियों का टीम ने सामान जब्त कर उसे पालिका भिजवा दिया।अभियान से मचा रहा हड़कंप।नगर में हाईवे से लेकर अंतरिम मार्गो तक,जगह जगह अतिक्रमण व्याप्त है।अतिक्रमण की वजह से आए दिन हाईवे पर जाम लग जाता है और अंतरिम मार्ग भी जाम की चपेट में आ जाते हैं। अंतरिम मार्गो की स्थिति भी अतिक्रमण को लेकर काफी खराब है।

P-10:28 paga09_jhn.qxd 10/27/2025 7:25 PM Page 1



## संक्षिप्त समाचार

### उत्तरी अफगानिस्तान में दो हथियारबंद लुटेरे मारे गए, चार एके-47 जब्त

**काबुल, एजेंसी।** अफगान पुलिस ने उत्तरी बल्ख प्रांत में एक मुठभेड़ के दौरान दो हथियारबंद लुटेरों को मार गिराया और चार एके-47 राइफलें जब्त कीं। प्रांतीय पुलिस कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। यह घटना गुरुवार देर रात चाहि जिले में हुई, जहां लुटेरों ने एक यात्री वाहन पर घात लगाकर हमला किया और उसमें सवार यात्रियों का सारा सामान लूट लिया। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार पीड़ितों ने तुरंत अपराध की सूचना दी, जिससे पुलिस को तुरंत कार्रवाई करने में मदद मिली। जब पुलिस ने संदिग्धों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया तो लुटेरों ने विरोध किया, जिसके बाद दोनों तरफ से गोलीबारी हुई, जिसमें दोनों हमलावर मारे गए। उनके सामान की तलाशी में चार कलाश्निकोव असॉल्ट राइफलें मिलीं, जिनमें से दो लुटेरों की थीं और दो पहले सुरक्षा बलों से चुराई गई थीं। इसी से जुड़ी एक घटना में पुलिस ने बुधवार को पड़ोसी सारी पुल प्रांत में हुई मुठभेड़ में एक और हथियारबंद लुटेरे को मार गिराया। किसी और के हताहत होने की खबर नहीं है और जांच जारी है। 6 अक्टूबर को प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता मुल्ला एजातुल्लाह हक्कानी ने कहा कि पुलिस ने पिछले पांच महीनों में दक्षिणी अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में कई अभियानों के दौरान लगभग 400 फायर आर्म्स और सैन्य उपकरण बरामद किए और जब्त किए। अधिकारी ने बताया कि प्रांतीय राजधानी लश्कर गाह और आसपास के जिलों से जब्त किए गए हथियारों में 41 कलाश्निकोव राइफलें, 188 पिस्तौलें, एक आरपीजी-7 राइफल, दो एम16 राइफलें, 170 से ज्यादा अन्य प्रकार के हथियार और हजारों गोलियां व प्रोजेक्टाइल शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने अवैध रूप से हथियार रखने और ले जाने के आरोप में 75 लोगों को हिरासत में भी लिया है। अफगानिस्तान में व्यावहारिक शांति सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत, अफगान सरकार के सुरक्षा अंगों ने चार साल से भी ज्यादा समय पहले सत्ता संभालने के बाद से युद्धक टैंकों सहित हजारों हथियार और गोला-बारूद इकट्ठा किए हैं।

### नेपाल के करनाली प्रांत में खाई में गिरी जीप, आठ की मौत, 10 घायल

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के करनाली प्रांत में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां रुकुम पश्चिम जिले के झरमारे इलाके में जीप के खाई में गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई। वहीं, 10 अन्य लोग घायल बताए गए हैं। बताया गया है कि 18 लोगों को ले जा रही जीप पहाड़ी इलाके में सड़क से नीचे 700 फीट गहरी खाई में गिर गई। यह हादसा काठमांडू से 500 किलोमीटर दूर, झरमारे में तब हुआ जब जीप मुसीकोट के खलांगा से अथबिस्कोट के स्यालीड़ी जा रही थी। शुरुआती जांच में सामने आया कि सात लोगों की हादसे के बाद मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की मौत स्थानीय अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। पीड़ितों की उम्र 15 से 30 वर्ष के बीच थी। बाकी 10 घायलों का इलाज रुकुम जिले के अस्पताल में कराया जा रहा है।

### चुनाव की तारीखों का जल्द हो सकता है एलान, निर्वासित बीएनपी नेता तारिक रहमान जल्द लौटेंगे स्वदेश

**ढाका, एजेंसी।** निर्वासित और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के शीर्ष नेता तारिक रहमान जल्द ही बांग्लादेश लौट सकते हैं। बीएनपी के शीर्ष नेता डॉ. खांडेकर मोशर्रफ हुसैन ने यह दावा किया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद चुनाव आयोग ने शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग पार्टी का रजिस्ट्रेशन भी रद्द कर दिया है, जिसके बाद माना जा रहा है कि अवामी लीग आगामी चुनाव में हिस्सा नहीं ले पाएगी। बीएनपी की स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य और पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. खांडेकर मोशर्रफ हुसैन ने कहा कि %हां, हमने सुना है कि वे (तारिक रहमान) जल्द लौटेंगे और ये उन्होंने खुद कहा है। चुनाव की तैयारियां चल रही हैं। हम सभी चुनाव का शेड्यूल घोषित होने का इंतजार कर रहे हैं ताकि वे आएं और चुनाव में हिस्सा लें। हम उम्मीद कर रहे हैं कि तारिक रहमान जल्द ही बांग्लादेश लौटेंगे। हालांकि जब उनसे पूछा गया कि क्या तारिक रहमान चुनाव तारीखों का एलान होने के बाद बांग्लादेश लौटेंगे या उससे पहले? तो डॉ. खांडेकर ने कहा कि %वे जल्द ही बांग्लादेश लौट सकते हैं, लेकिन मैं उनके लौटने का सही समय नहीं बता सकता। बांग्लादेश के मौजूदा हालात में बीएनपी देश की सबसे बड़ी पार्टी है और अगर सब कुछ सही रहा तो आगामी आम चुनाव में बीएनपी की जीत की संभावना सबसे ज्यादा है। बीएनपी के नेता होने के नाते तारिक रहमान बांग्लादेश के अगले प्रधानमंत्री बन सकते हैं। बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति जिया-उर-रहमान और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान, शेख हसीना की सरकार के समय कई मामलों में आरोपी थे और बांग्लादेश से बाहर निर्वासित जीवन जी रहे थे। जैसे ही शेख हसीना की सरकार सत्ता से बाहर हुई, वैसे ही तारिक रहमान को उनके खिलाफ दर्ज मामलों में राहत मिल गई।

# वेनेजुएला पर हमला कर सकता है अमेरिका : ड्रग ठिकानों को निशाना बनाना चाहते हैं ट्रम्प, जहाजी बेड़ा रवाना किया

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका जल्द ही वेनेजुएला पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति ट्रम्प वेनेजुएला के भीतर ड्रग ठिकानों और उनके तस्करी रूट्स पर हमला करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि अभी इस पर आखिरी फैसला नहीं लिया गया। यह जानकारी अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन ने व्हाइट हाउस के 3 अधिकारियों के हवाले से दी है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई कर सकता है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, ट्रम्प ने हाल ही में वेनेजुएला में संभावित हमले के लिए जगहों को लेकर बातचीत बढ़ाई है। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने अमेरिकी नौसेना के सबसे उन्नत एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप जेराल्ड आर फोर्ड को यूरोप से कैरिबियाई क्षेत्र में भेजने का आदेश दिया है। इसके अलावा, ट्रम्प ने सीआईए को वेनेजुएला में गुप्त ऑपरेशन्स करने की अनुमति भी दी है। हालांकि, ट्रम्प ने यह भी कहा है कि वेनेजुएला के साथ कूटनीतिक बातचीत का विकल्प भी खुला है ताकि अमेरिका में ड्रग्स की आवाजाही को रोका जा सके। वेनेजुएला ने भी 5000 मिसाइल तैनात की वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने बुधवार को एक टीवी प्रोग्राम में कहा कि उनके देश ने अमेरिकी खतरे से निपटने के लिए रूस से मिली 5,000 इग्ला-एस मिसाइलें तैनात की हैं। मादुरो ने कहा- हमारे पास 5,000 मिसाइलें हैं, जो देश की शांति और आजादी की रक्षा करेंगी। ये



मिसाइलें हवा में कम दूरी के हमलों को रोकने के लिए तैनात की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ये हथियार किसी भी साम्राज्यवादी खतरे का जवाब देने के लिए हैं और वेनेजुएला की सेना अपनी मातृभूमि की एक-एक इंच जमीन की रक्षा के लिए तैयार है।

**अमेरिका ने कई बार वेनेजुएला की बोट्स पर हमला किया :** अमेरिकी सेना लगातार इंटरनेशनल वॉटर्स में ड्रग्स ले जा रहे जहाजों पर हमले कर रही है। हाल ही में कैरिबियाई क्षेत्र में एक ड्रग तस्करी जहाज पर हमला किया गया, जिसमें छह लोगों की मौत हुई। पिछले महीने से अब तक ऐसे हमलों में कुल 43 लोग मारे जा चुके हैं। अमेरिका लंबे समय से मादुरो के खिलाफ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वेनेजुएला के समुद्री तट के पास कुछ नौसैनिक जहाज भेजे हैं, जिन्हें अमेरिका ने ड्रग्स के खिलाफ ऑपरेशन बताया है। अमेरिका ने पिछले कुछ वक्त में वेनेजुएला की कुछ नावों को तबाह भी कर दिया है। उसका आरोप है कि ये नावें ड्रग्स ले जा रही थीं। हालांकि वेनेजुएला ने इन आरोपों को गलत बताया है।

**मादुरो पर 420 करोड़ रुपए का इनाम :** अमेरिका ने मादुरो पर 7 अगस्त को 50 मिलियन डॉलर, यानी करीब 420 करोड़ रुपए का इनाम रखा था। इसके अलावा उनसे जुड़े 700 मिलियन डॉलर से अधिक की संपत्ति भी जब्त की गई है। इसमें दो प्राइवेट जेट भी शामिल हैं। ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि मादुरो ड्रग तस्कर हैं और ड्रग कार्टेल के साथ मिलकर अमेरिका में फेंटानाइल मिला कोकीन भेज रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि मादुरो के पास 7 टन कोकीन है, जिसे वे अमेरिका भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

**मदुरो पर 2020 में नार्को टेररिज्म के आरोप लगे थे :** मदुरो पर 2020 में मैनहैटन की संघीय अदालत में नार्को-टेररिज्म और कोकीन तस्करी की साजिश के आरोप तय किए गए थे। उस समय ट्रम्प प्रशासन ने उनकी गिरफ्तारी पर 1.5 करोड़ डॉलर का इनाम रखा था। इसे बाद में बाइडेन प्रशासन ने बढ़ाकर 2.5 करोड़ डॉलर कर दिया। इतना इनाम अमेरिका ने 9/11 हमलों के बाद ओसामा बिन लादेन की गिरफ्तारी पर रखा था। मदुरो 2013 से वेनेजुएला की सत्ता में बने हुए हैं। अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और लैटिन अमेरिकी देश उन पर चुनावों में धोखाधड़ी का आरोप लगाते रहे हैं। 2024 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में इन देशों ने मदुरो पर धांधली का आरोप लगाया था।

**अमेरिका ने वेनेजुएला पर कई प्रतिबंध लगाए हैं :** वेनेजुएला और अमेरिका के बीच कई दशकों से राजनीतिक मतभेद रहे हैं। वेनेजुएला, अमेरिकी की पूंजीवादी और विदेश नीतियों को लेकर आलोचना करता है, तो वहीं अमेरिका, वेनेजुएला में मानवाधिकार के उल्लंघन पर नाराजगी जताता रहा है। लगभग 100 साल पहले वेनेजुएला में तेल भंडारों की खोज हुई थी। तेल की खोज होने के 20 साल बाद ही वेनेजुएला दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातक देशों में से एक बन गया। उसे लैटिन अमेरिका का सऊदी अरब कहा जाने लगा। 1950 के दशक में वेनेजुएला दुनिया का चौथा सबसे धनी देश था, लेकिन आज इस देश की हालत खराब हो चुकी है। देश की 75 फीसदी आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रही है। [illegible] के मुताबिक पिछले 7 साल में करीब 75 लाख लोग देश छोड़कर चले गए हैं। दरअसल, वेनेजुएला लगभग पूरी तरह से तेल पर निर्भर था।

## तुम्हारे दादा भी तो भारत से अमेरिका आए थे, ट्रंप का समर्थन कर फंसे निक्की हेली के बेटे





**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की रिपब्लिकन नेता निक्की हेली के बेटे नलिन हेली और ब्रिटिश-अमेरिकन पत्रकार मेहदी हसन के बीच माइग्रेशन को लेकर बहस छिड़ गई। नलिन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करके डोनाल्ड ट्रंप की माइग्रेशन और वीजा नियमों को लेकर सख्ती का समर्थन किया था और कहा था कि अमेरिका में ही पर्याप्त लोग हैं। वहीं एआई की वजह से भी जॉब मार्केट तंग चल रहा है। ऐसे में कोई किसी भी देश का रहने वाला हो, उसे अमेरिका आने की जरूरत नहीं है। इसपर पत्रकार मेहदी हसन ने कहा कि 1969 में तुम्हारे दादा भी भारत के पंजाब से ही अमेरिका आए थे। नलिन कोहली ने कहा कि विदेशियों को एच-1बी वीजा देना ही नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन को विदेशियों की नौकरी को लेकर और सख्त नियम बनाने चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे फर्क नहीं पड़ता की तुम किस देश के रहने वाले हो। चाहे कनाडा के ही नागरिक हो। हमें माइग्रेशन पर विराम लगाना है। हमारे पास बहुत सारे लोग है। कंपनियां पहले से ही हायरिंग नहीं कर रही हैं और इस तंग मार्केट में विदेशी अमेरिकियों की नौकरी ले लेते हैं। बता दें कि निक्की हेली इस समय साउथ कैरोलिना की गवर्नर हैं और नलिन उनके छोटे बेटे हैं। मीडिया कंपनी के संस्थापक हसन ने कहा कि नलिन के दादा अजित सिंह रंधावा 1969 में भारत से अमेरिका आए। उन्होंने बायॉलजी में मास्टर्सि का और फिर ब्रिटिश कोलंबिया कनाडा से पीएचडी की। 1969 में वह साउथ कैरोलिना चले गए और वहीं पढ़ाने लगे। वहीं मेहदी हसन का भी ताल्लुक भारत से ही है। उनके मां-बाप हैदराबाद से यूके गए थे। मेहदी हसन को जवाब देते हुए नलिन ने कहा, यह 1969 नहीं है। तुम लोगों को अमेरिका से बस शिकायतें ही रहती हैं। सोशल मीडिया पर लोग नलिन की आलोचना कर रहे हैं। एक यूजर ने कहा, जिन लोगों ने तुम्हारे दादा को परेशान किया आज तुम उनके ही साथ खड़े हो। तुम्हें कभी स्वीकार नहीं किया जाएगा एक अन्य यूजर ने कहा, अगर यही नीति पहले ही लागू होती तो तुम्हारा परिवार जीवित ही नहीं रहता बच्चे। बता दें कि नलिन हेली निक्की हेली और उनके पति माइकल हेली के छोटे बेटे हैं।

## वैज्ञानिकों ने खोला नया रहस्य, आर्गेनिक और प्राकृतिक आहार 25 फीसदी तक बढ़ाते हैं गर्भधारण की संभावना

**हार्वर्ड , एजेंसी।** मानव विकास की कहानी केवल बुद्धि और तकनीक की नहीं बल्कि ऊर्जा, ताकत और प्राकृतिक सामंजस्य की भी है। खासकर तब, जब बात प्रजनन की आती है। नवीनतम मानवविज्ञान और जैविक अनुसंधान यह संकेत दे रहे हैं कि शिकारी मैदानों (हंटर फील्ड्स) में मनुष्य की शारीरिक क्षमता, ऊर्जा व्यय और ताकत, गर्भधारण की संभावना व चयन के मनोवैज्ञानिक तंत्र को गहराई से प्रभावित करती रही है। अब आधुनिक अनुसंधान यह भी जोड़ता है कि शरीर सौष्ठव, ऑर्गेनिक और प्राकृतिक भोजन पद्धति उसी जैविक लय की आधुनिक अभिव्यक्ति है। यानी जब शरीर अपनी ऊर्जा को कृत्रिम रसायनों से मुक्त रखता है, तब प्रजनन संकेत और हार्मोनल संतुलन अधिक स्वाभाविक रूप से सक्रिय होते हैं। यह भी पाया गया कि जिन महिलाओं ने आर्गेनिक और प्राकृतिक भोजन लिया उनमें गर्भधारण की संभावना 18 से 25 फीसदी बढ़ गई। अमेरिका के हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के ह्यूमन इवोल्यूशनरी बायोलॉजी डिपार्टमेंट और यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज के रीप्रोडक्टिव इकोलॉजी सेंटर द्वारा प्रकाशित संयुक्त अध्ययन नेचर हुमन बिहेवियर 2025 के अनुसार मानव समाज के आरंभिक हंटर-गैदरर युग में ऊर्जा व्यय और शारीरिक शक्ति का सीधा संबंध गर्भधारण की दर से पाया गया है। शोध में यह पाया गया कि जिन महिलाओं का शरीर ऊर्जा-संतुलन में था यानी न तो अत्यधिक वसा, न अत्यधिक परिश्रम उनमें अंडोत्सर्जन (ओव्यूलेशन) की संभावना अधिक थी। वहीं पुरुषों में उच्च सहनशक्ति, मजबूत हड्डी घनत्व और लंबे शिकार अभियानों से लौटने के बाद हार्मोनल स्तर में वृद्धि गर्भधारण के अवसर बढ़ाती थी। ऑर्गेनिक और प्राकृतिक भोजन लेने वाली माताओं से जन्मे बच्चों में इम्यून सिस्टम (प्रतिरोधक क्षमता) सामान्य तौर पर बेहद मजबूत पाया गया है। स्वीडन के कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट और यूएस नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के संयुक्त अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया कि ऐसी माताओं के बच्चों में जन्म के बाद संक्रमण, एलर्जी और अस्थमा जैसी स्थितियां औसतन 40 से 45 प्रतिशत कम देखी गईं। हार्वर्ड टीएच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के अध्ययन में पाया गया।

# एक साल में 158000 घट गई पोलैंड की आबादी, आने वाला है बहुत बड़ा संकट?

**वारसॉ, एजेंसी।** कल्पना कीजिए, एक ऐसा देश जहां हर साल लाखों लोग कम हो रहे हों। जहां बच्चे पैदा होने की संख्या मौतों से कहीं कम हो। जहां युवा नौकरी और बेहतर जिंदगी की तलाश में दूसरे देश चले जाते हों। यही हकीकत है यूरोपीय देश पोलैंड की। हाल ही में पोलैंड के सरकारी सांख्यिकी कार्यालय (त्रस) ने एक चौंकाने वाला आंकड़ा जारी किया है। इसके मुताबिक, पिछले एक साल में देश की आबादी 1,58,000 लोगों से घटकर अब लगभग 37.38 मिलियन रह गई है। यह गिरावट न सिर्फ आंकड़ों की बात है, बल्कि एक पूरे समाज की चिंता का विषय है।

**घटती आबादी का मतलब क्या है :** सबसे पहले, आबादी घटने का मतलब समझिए। जनसंख्या को मापने का सीधा फॉर्मूला है। आबादी = जन्म + अप्रवासन (नए लोग आना) - मौतें - प्रवासन (लोगों का जाना)। पोलैंड में जन्म कम हो रहे हैं, मौतें ज्यादा, युवा बाहर जा रहे हैं, और नए लोग उतने नहीं आ रहे जितने चाहिए। त्रस की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, देश की जनसंख्या में पिछले एक साल में 1,58,000 की कमी आई है, जो एक गहराते डेमोग्राफिक संकट की ओर इशारा करती है। सितंबर 2025 के अंत तक पोलैंड की जनसंख्या 37.38 मिलियन थी, जो पिछले साल की तुलना में 1,58,000 और 2024 के अंत की तुलना में लगभग 1,13,000 कम है। आंकड़ों से पता चलता है कि 2025 की पहली तीन तिमाहियों में जनसंख्या में 0.30% की कमी आई, यानी हर 10,000 निवासियों पर देश ने 30 लोगों को खोया, जो पिछले साल के 27 प्रति 10,000 की तुलना में अधिक है। यह गिरावट कम जन्म दर और अन्य कारकों के कारण लंबे समय से चली आ रही जनसंख्या घटने की प्रवृत्ति को दर्शाती है।

**जन्म दर में कमी, ऐतिहासिक निचले स्तर पर :** रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी से सितंबर 2025 के बीच लगभग 1,81,000 बच्चों के जन्म दर्ज किए गए, जो 2024 की समान अवधि की तुलना में लगभग 11,000 कम है। इस दौरान जन्म दर 6.5% तक गिर गई, जो पिछले साल की तुलना में 0.3 प्रतिशत अंक कम है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह आंकड़ा पोलैंड के इतिहास में जन्म दर के सबसे निचले स्तरों में से एक है।

**कम प्रजनन दर, यूरोप में सबसे निचला स्तर :** पिछले साल पोलैंड की कुल प्रजनन दर, यानी एक महिला द्वारा अपने जीवनकाल में औसतन जन्म दिए गए बच्चों की संख्या, 1.11 तक गिर गई, जो यूरोपीय संघ में सबसे कम और विकसित देशों में भी सबसे निचले स्तरों में से एक है। पोलैंड में महिलाएं औसतन 1.11 बच्चे पैदा कर रही हैं। जबकि जनसंख्या स्थिर रखने के लिए कम से कम 2.1 बच्चे चाहिए। क्यों? क्योंकि युवा लोग शादी टाल रहे हैं, बच्चे पैदा करने से डर रहे हैं। महंगाई, नौकरी की असुरक्षा, और महामारी ने सबको सोचने पर मजबूर कर दिया। 2024 में पहली बार मां बनने की औसत उम्र 29.1 साल हो गई जो 1990 में यह 22.7 थी। बच्चे पैदा करने लायक उम्र की महिलाएं खुद कम हो रही हैं, क्योंकि 30 साल पहले जन्म कम हुए थे। यह आंकड़ा पोलैंड के सामने खड़े जनसांख्यिकीय संकट की गंभीरता को रेखांकित करता है।

## पाकिस्तान ने अमेरिका को सौंप दिए थे परमाणु हथियार: खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अफसर बोले- हमने मुशर्रफ को खरीद लिया था

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने अपने देश के परमाणु हथियारों का नियंत्रण अमेरिका को सौंप दिया था। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अफसर जॉन किरियाकू ने शुक्रवार को यह दावा किया है। किरियाकू ने कहा कि अमेरिका ने मुशर्रफ को लाखों डॉलर की मदद के जरिए खरीद लिया था। उनके शासनकाल में अमेरिका को पाकिस्तान की सुरक्षा और सैन्य गतिविधियों तक लगभग पूरी पहुंच थी। उन्होंने कहा, हमने लाखों डॉलर की सैन्य और आर्थिक मदद दी। बदले में मुशर्रफ ने हमें सब कुछ करने दिया।

किरियाकू ने यह बयान न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में दिया। उन्होंने यह भी कहा कि मुशर्रफ ने दोहरे खेल खेले। उन्होंने एक तरफ अमेरिका के साथ दिखावा किया और दूसरी ओर पाकिस्तान की सेना और चरमपंथियों को भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियां जारी रखने दिया।

**2002 में भारत-पाकिस्तान युद्ध होने वाला था :** किरियाकू ने बताया कि 2002 में भारत और पाकिस्तान युद्ध के कगार पर थे। उन्होंने कहा, इस्लामाबाद से अमेरिकी अधिकारियों के परिवारों को निकाल लिया गया था। हमें लगा कि भारत और पाकिस्तान युद्ध में उतर सकते हैं। उन्होंने 2001 में संसद हमले के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन पराक्रम का जिक्र किया। किरियाकू ने दावा किया कि अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने दिल्ली और इस्लामाबाद का दौरा कर दोनों देशों के बीच समझौता करवाया। 2008 मुंबई हमलों पर बात करते हुए किरियाकू ने कहा कि मुझे नहीं लगता था कि यह अल-कायदा है। मुझे हमेशा लगता रहा कि ये पाकिस्तान समर्थित आतंकी समूह थे। और ऐसा ही साबित हुआ। असली कहानी यह थी कि पाकिस्तान भारत में आतंकवाद फैला रहा था और किसी ने कुछ नहीं किया।

**PAK परमाणु वैज्ञानिक को सऊदी ने बचाया :** पूर्व सीआईए अधिकारी ने यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर खान को अमेरिकी कार्रवाई से बचाने में सऊदी अरब का अहम रोल था। सऊदी ने अमेरिका को कहा कि खान को न छेड़ा जाए, जिससे अमेरिका ने अपने प्लान को छोड़ दिया। किरियाकू ने अमेरिकी विदेश नीति पर भी सवाल उठाया और कहा कि अमेरिका लोकतंत्र का ढोंग करता है, लेकिन वास्तव में अपने स्वार्थ के अनुसार काम करता है। उन्होंने यह भी बताया कि सऊदी और अमेरिका का रिश्ता पूरी तरह लेन-देन पर आधारित है, अमेरिका तेल खरीदता है और सऊदी हथियार। किरियाकू ने कहा कि वैश्विक ताकतों का संतुलन बदल रहा है और सऊदी अरब, चीन और भारत अपनी रणनीतिक भूमिका को नया आकार दे रहे हैं।

## यूक्रेन युद्ध का अंत नजदीक? जल्द हो सकता है रूस के साथ समझौता, पुतिन के करीबी ने दिए संकेत



**वाशिंगटन, एजेंसी।** निवेश और आर्थिक सहयोग मामलों के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विशेष दूत किरिल दिमित्रियेव ने शुक्रवार को कहा कि रूस, अमेरिका और यूक्रेन अब युद्ध समाप्त करने के कूटनीतिक समाधान के काफी करीब हैं। अमेरिकी राजधानी वॉशिंगटन में अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए पहुंचने के बाद सीएनएन से बातचीत में दिमित्रियेव ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन के बीच प्रस्तावित बैठक रद्द नहीं हुई है, बल्कि उचित समय पर बाद में आयोजित की जाएगी।

**ट्रंप-पुतिन बैठक स्थगित :** इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रंप ने कहा था कि हंगरी में पुतिन के साथ उनकी बैठक रद्द की गई है, क्योंकि रूस तत्काल युद्धविराम पर सहमत नहीं हुआ और वार्ता में प्रगति की कमी दिखी। ट्रंप ने कहा था कि यह बैठक अभी उपयुक्त समय पर नहीं है। हालांकि, दिमित्रियेव ने शुक्रवार को दावा किया, मुझे लगता है कि रूस, अमेरिका और यूक्रेन वास्तव में कूटनीतिक समाधान के काफी करीब हैं। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि संभावित समझौते में क्या प्रावधान होंगे।

**यूरोपीय देशों का नया युद्धविराम प्रस्ताव :** रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय देश यूक्रेन के साथ मिलकर वर्तमान युद्धरेखाओं के आधार पर युद्धविराम प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं। यह प्रस्ताव पहले से जारी वार्ताओं के बिंदुओं को ही आगे बढ़ाता है, जबकि अमेरिका को वार्ता में केंद्रीय भूमिका बनाए रखने पर जोर दिया जा रहा है। दिमित्रियेव ने कहा, यह राष्ट्रपति जेलेंस्की का बड़ा कदम है कि अब उन्होंने मौजूदा युद्धरेखाओं पर बातचीत की बात स्वीकार की है। पहले वे कहते थे कि रूस को पूरी तरह पीछे हटना चाहिए। इसलिए मुझे लगता है कि अब हम कूटनीतिक समाधान के काफी करीब हैं।

**रूस का रुख :** रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर व्यापक पैमाने पर आक्रमण शुरू किया था। पिछले सप्ताह ट्रंप ने घोषणा की थी कि वह और पुतिन जल्द ही हंगरी में मुलाकात कर युद्ध समाप्ति पर चर्चा करेंगे, लेकिन पुतिन की ओर से अब तक किसी रियायत के संकेत नहीं मिले हैं। रूस लगातार यह मांग करता रहा है।

# संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद से की अपील- युद्ध के बजाय शांति पर खर्च करें संसाधन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र में सुधार को लेकर लंबे समय से मांग चल रही है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद से अपील की है कि विकास और शांति के लिए संसाधनों का उपयोग किया जाए। महासचिव गुटेरेस ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र के भविष्य पर सुरक्षा परिषद की एक खुली बहस में यह अपील की। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, हनोई से एक वीडियो लिंक के माध्यम से महासचिव ने अपने भाषण की शुरुआत की। यूएन महासचिव गुटेरेस ने इस दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक किस्से का जिक्र करते हुए कहा कि 1946 में, मतदान से पहले सुरक्षा परिषद की पहली मतपेटी निरीक्षण के लिए खोली गई थी। जब पेटी खुली तो सभी को आश्चर्य हुआ कि उसमें पहले से ही एक कागज का टुकड़ा था। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने बताया कि यह संदेश उस मतपेटी के निर्माता, न्यूयॉर्क के एक स्थानीय मैकेनिक पॉल एंटोनियो का था। उन्होंने कहा था कि वह पूरी दुनिया में स्थायी शांति की कामना करते हैं। गुटेरेस ने कहा, यह संदेश हमें याद दिलाता है कि सुरक्षा परिषद क्यों अस्तित्व में है: यह उन लोगों के लिए है, जो ईमानदार हैं और जिन्होंने पिछले आठ दशकों से युद्ध के संकट से खुद को बचाने के लिए इस संस्था पर भरोसा रखा है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने आगे कहा, इस मंच पर बैठने का सौभाग्य, सबसे बढ़कर, उन लोगों की आस्था का सम्मान करने का कर्तव्य है। और युद्ध पर अक्सर खर्च होने वाले संसाधनों को विकास और शांति के कार्यों में लगाना है। कई महत्वपूर्ण अवसरों पर, सुरक्षा परिषद ने यह काम पूरा किया है और पिछले आठ दशकों में महाशक्तियों के बीच युद्ध की अराजकता को रोका गया। गुटेरेस ने आगे कहा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अच्छे काम करने के लिए जरूरी और ताकतवर है,



लेकिन इसकी वैधता कमजोर है। हमने अक्सर संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों को चार्टर के सिद्धांतों के विरुद्ध काम करते देखा है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा, जब ऐसा होता है, तो न केवल तत्काल कार्रवाई रुक जाती है, बल्कि इससे संयुक्त राष्ट्र की पूरी परियोजना में विश्वास भी कम होता है। यह हम सभी को बड़े खतरे में भी डाल देता है। जब एक देश नियमों का उल्लंघन करता है, तो दूसरे देश सोचते हैं कि उन्हें भी ऐसा करने की छूट है और इतिहास हमें स्पष्ट रूप से बताता है कि यह रास्ता किस ओर ले जाता है। गुटेरेस ने यह भी कहा कि वैश्विक व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सुरक्षा परिषद में सुधार बहुत जरूरी है और लंबे समय से इसका इंतजार भी हो रहा है। सुरक्षा परिषद में सुधार के तहत सदस्यता का विस्तार भी होना है। सदस्यता के विस्तार को लेकर यूएन महासचिव ने कहा कि अफ्रीका में संयुक्त राष्ट्र के लगभग आधे शांति अभियानों के साथ-साथ कई विशेष राजनीतिक मिशन भी चलाए जाते हैं, फिर भी परिषद में अफ्रीका की कोई स्थायी आवाज नहीं है। उन्होंने कहा, सुरक्षा परिषद चेंबर के दरवाजे खोलने और प्रकाश को अंदर आने देने का समय आ गया है। उद्देश्यपूर्ण सुरक्षा परिषद के बिना, दुनिया गंभीर खतरे में है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम एक ऐसी संस्था का निर्माण करें जो अगले 80 वर्षों की चुनौतियों का सामना कर सके, एक ऐसी संस्था का निर्माण करें जो सभी के लिए न्याय और सुरक्षा प्रदान करे।

### यूक्रेनी राष्ट्रपति की मांग- रूस के तेल पर प्रतिबंध और बढ़ाए अमेरिका; लंबी दूरी की मिसाइलें भी मांगीं

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को अमेरिका से अपील की कि वह रूस की दो तेल कंपनियों पर लगाए गए प्रतिबंधों को बढ़ाकर पूरे रूसी तेल क्षेत्र के लिए लागू करे। उन्होंने साथ ही अमेरिका से लंबी दूरी की मिसाइलों की भी मांग की, ताकि यूक्रेन की तरफ से रूस के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की जा सके।

यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने यह बयान ब्रिटेन के लंदन में दिया। वे यहां यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक में शामिल हुए। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही यूरोपीय नेताओं ने यूक्रेन को आश्वासन दिया कि अगर रूस के साथ उसका संघर्ष विराम लागू हो जाता है तो यूरोपीय देश भविष्य में रूसी हमलों से यूक्रेन की रक्षा के लिए सैन्य सहायता मुहैया कराएंगे।

P-11:28 paga09_jhn.qxd 10/27/2025 9:26 PM Page 1



# स्वदेशी वस्तुओं को अपना कर देश को मजबूत बनाओ, युवा पीढ़ी से अपील

● खस्ता हाल सड़कों की मरम्मत का दिया आश्वासन, राज्य मंत्री बृजेश सिंह

**उत्तम भारत संवाददाता, ठाकुरद्वारा ।** सोमवार को लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह ठाकुरद्वारा पहुंचने पर कोचिंग संचालकों में भाजपा कार्यकताओं ने फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया ।

सोमवार को राज्य मंत्री निर्माण विभाग बृजेश सिंह भाजपा के जिला अध्यक्ष आकाश पाल व भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह के साथ स्थित नगलिया स्थित अपर्णा औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र राम सिंह सेंटर पर पहुंच कर



आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान युवा सम्मेलन के दौरान युवा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम कहां की अपने देश में बनी स्वदेशी वस्तुओं को अपनाते हुए देश को मजबूत बनाएं । उन्होंने खासतौर से युवाओं को नशे से दूर रहने की नसीहत थी अच्छी पढ़ाई अच्छी शिक्षा ग्रहण कर उच्च पदों पर आसीन हो । इससे माता-पिता के साथ-साथ क्षेत्र प्रदेश विदेश मैं अपना नाम रोशन करें । कोई भी अनैतिक कार्य न करें जिससे अपने माता-पिता पर परिजनों को ठेस पहुंचे । साथ ही उन्होंने जीएसटी परिषद के फैसले में 28 फीसदी और 12 फीसदी टैक्स स्लैब समाप्त करने का स्वागत किया । इसका सभी आम जनों को लाभ मिलेगा । अपर्णा औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्रराम सिंह सेंटर के डायरेक्टर अनिरुद्ध चौहान ने राज्य मंत्री को अलग-अलग शील्डदेकर उनका भव्य स्वागत किया । बाद में काफिले के साथ राज्य लोक निर्माण मंत्री बृजेश सिंह भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह के आवास पर पहुंचे, जहां पर भाजपा कार्यकताओं व ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों में फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया, इस दौरान क्षेत्र के किसानों व ग्रामीणों ने क्षेत्र की खस्ता हाल सड़कों को दुरुस्त कराए जाने की मांग की जिस पर उन्होंने जल्द ही सड़कों को ठीक कराए जाने का आश्वासन दिया । इस दौरान ठाकुर अजय प्रताप सिंह व राकेश चौहान, ब्लॉक प्रमुख ब्लॉक प्रमुख पति दो वीर सिंह सैनी ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया । कार्यक्रम में दिनेश प्रजापति, पवन पुष्पद, कमलेश कुमार, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मास्टर सत्यपाल सिंह अब अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## श्रमिक अपने श्रम पंजीयन कार्ड का 15 नवंबर तक कराएं नवीनीकरण

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड लखनऊ के अन्तर्गत श्रम विभाग मुरादाबाद में निर्माण श्रमिकों द्वारा अपना पंजीकरण कराया गया है। श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ विभिन्न योजनायें संचालित की जाती हैं। उप श्रमायुक्त दीप्तिमान भट्ट ने बताया कि इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को सर्वप्रथम अपना पंजीयन कार्ड का नवीनीकरण अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र (सीएससी) के माध्यम से कराना होता है । इसके अतिरिक्त श्रम विभाग मुरादाबाद द्वारा समय समय पर तहसील दिवस, लेबर अड्डों एवं अन्य स्थानों पर कैम्प लगाकर पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को उनके श्रमिक पंजीयन कार्ड का नवीनीकरण कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है। श्रमिक कार्ड का नवीनीकरण न होने के कारण श्रमिक बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहें हैं। सचिव, बोर्ड द्वारा निर्माण श्रमिकों को अपने पंजीयन कार्ड का नवीनीकरण कराये जाने हेतु अन्तिम तिथि 15 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गयी थी, जिसे निर्माण श्रमिकों के हित में विस्तारित कर अन्तिम तिथि 15 नवंबर 2025 निश्चित की गयी है। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद मण्डल के समस्त पंजीकृत निर्माण श्रमिक बोर्ड द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का हितलाभ प्राप्त करने हेतु अपने श्रमिक पंजीयन कार्ड का नवीनीकरण दिनांक 15 नवंबर 2025 तक कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जिन निर्माण श्रमिकों ने अपने श्रमिक पंजीयन कार्ड का नवीनीकरण विगत 04 वर्षों से नही कराया है, वह 15 नवंबर 2025 तक अवश्य करा लें, अन्यथा उनके श्रमिक पंजीयन कार्ड को पोर्टल पर निष्क्रिय कर दिया जायेगा।

## बालिकाओं को किया उनके अधिकारों के प्रति जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत थाना क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में महिला सुरक्षा टीम द्वारा बालिकाओं की गोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। सोमवार को मिशन शक्ति अभियान फेज द 5.0 के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बालिकाओं के साथ गोष्ठी की गई मिशन शक्ति केंद्र मिशन शक्ति साइबर हेल्प डेस्क को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृध्दावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से अवगत कराते हुए एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- वूमेन पावर लाइन-1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181, पुलिस आपातकालीन सेवा -112, स्वास्थ्य सेवा- 102, 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076, चाइल्ड लाइन 1098, साइबर क्राइम 1930 आदि के बारे में जागरूक किया। इस दौरान साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरण किए गए। इस दौरान महिला उपनिरीक्षक प्रीति एवं बार्डन नीतू सिंह, सारिका सिंह, फोजिया खानम ज्योति आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## बोन मैरो ट्रांसप्लांट क्या है और किन्हें इसकी आवश्यकता होती है

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** हमारे शरीर का खून रेड ब्लड सेल्स (जो ऑक्सीजन ले जाती हैं), वाइट ब्लड सेल्स (जो संक्रमण से लड़ती हैं) और प्लेटलेट्स (जो खून का बहाव रोकने में मदद करती हैं) से बना होता है। ये सभी सेल्स हमारी हड्डियों के अंदर मौजूद मुलायम टिशूस, यानी बोन मैरो में बनती हैं। कई बार बीमारी या कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी जैसी उपचार प्रक्रियाओं के दुष्प्रभाव से बोन मैरो ठीक से काम करना बंद कर देता है। ऐसे मामलों में डॉक्टर बोन मैरो ट्रांसप्लांट या हीमेटोपोएटिक स्टेम सेल ट्रांसप्लांट की सलाह देते हैं। यह एक चिकित्सा प्रक्रिया है जिसमें शरीर के अस्वस्थ बोन मैरो को स्वस्थ रक्त बनाने वाली कोशिकाओं (स्टेम सेल्स) से बदल दिया जाता है। नई स्टेम सेल्स शरीर में जाकर फिर से सामान्य ब्लड सेल्स बनाना शुरू करती हैं, जिससे रोगी का शरीर स्वस्थ खून का उत्पादन करने लगता है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज के हीमेटो-ऑन्कोलॉजी एंड बोन मैरो ट्रांसप्लांट, पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. सत्येन्द्र कटेवा ने बताया कि बोन मैरो ट्रांसप्लांट मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं द ऑटोलॉगस ट्रांसप्लांट, जिसमें मरीज के अपने ही स्टेम सेल्स को लेकर इलाज



किया जाता है, और ऑलोजेनिक ट्रांसप्लांट, जिसमें किसी स्वस्थ डोनर से स्टेम सेल्स ली जाती हैं। पहले प्रकार का उपयोग तब किया जाता है जब बोन मैरो स्वस्थ हो और उपचार का उद्देश्य कीमोथेरेपी या रेडिएशन के बाद रिकवरी को तेज करना हो, जबकि दूसरे प्रकार का उपयोग तब किया जाता है जब मरीज का बोन मैरो पूरी तरह बीमार या क्षतिग्रस्त हो जाता है। दोनों ही प्रक्रियाएं कई गंभीर बीमारियों जैसे ल्यूकेमिया, लिम्फोमा, थैलेसीमिया, मल्टीपल मायलोमा और अप्लास्टिक एनीमिया जैसी स्थितियों में जीवनरक्षक साबित होती हैं। डॉक्टर आमतौर पर बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सलाह उन मरीजों को देते हैं जो गंभीर रक्त या बोन मैरो संबंधी बीमारियों से जूझ रहे होते हैं। इसमें ब्लड कैंसर जैसे ल्यूकेमिया, लिम्फोमा और मल्टीपल मायलोमा, बोन मैरो फेल्योर जैसे अप्लास्टिक एनीमिया और मायलोडिसप्लास्टिक सिंड्रोम, जेनेटिक ब्लड डिसऑर्डर जैसे थैलेसीमिया मेजर और सिकल सेल डिजीज शामिल हैं। इसके अलावा, ऐसे बच्चों में भी यह ट्रांसप्लांट आवश्यक होता है जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली जन्म से कमजोर होती है, ताकि उन्हें सामान्य और स्वस्थ जीवन जीने का अवसर मिल सके। डॉ. सत्येन्द्र ने आगे बताया कि बोन मैरो ट्रांसप्लांट कई गंभीर रक्त संबंधी बीमारियों में जीवन देने वाला उपचार है। यह उन रोगों को ठीक करने में सक्षम है जिन्हें केवल दवाओं से नियंत्रित नहीं किया जा सकता। हालांकि यह एक जटिल प्रक्रिया है और इसके साथ कुछ जोखिम भी जुड़े होते हैं, जैसे कृ संक्रमण (क्योंकि ट्रांसप्लांट के बाद रोगी की इम्यूनिटी कमजोर होती है), ब्लीडिंग, अंगों पर असर, और ग्राफ्ट-वर्सस-होस्ट डिजीज , जिसमें डोनर की कोशिकाएं मरीज के शरीर पर हमला कर सकती हैं। डॉक्टर प्रत्येक मरीज की स्थिति का गहन मूल्यांकन करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इलाज के लाभ उसके जोखिमों से अधिक हों। बोन मैरो ट्रांसप्लांट उन मरीजों के लिए एक नया जीवन प्रदान करने वाला विकल्प है, जो गंभीर रक्त विकारों से जूझ रहे हैं। चाहे यह मरीज के अपने स्टेम सेल्स से हो या किसी डोनर से, यह उपचार लंबे और स्वस्थ जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होता है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खाद्यान्न आपूर्ति को लेकर जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक संपन्न

● मॉडल शॉप निर्माण के लिए शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य पूर्ण करने के लिए सक्रियता बरतने के निर्देश
● राशन वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी हो, अनियमितता बरतने वालों पर हो सख्त कार्रवाई



**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में उ. प्र. खाद्य सुरक्षा नियमावली 2015 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने पारदर्शी राशन वितरण प्रक्रिया, मॉडल शॉप निर्माण की स्थिति, ई-केवाईसी एवं राशन कार्डों के सत्यापन कार्य की प्रगति सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की। जनपद में अंत्योदय योजना के अंतर्गत 30090 और पात्र गृहस्थी के अंतर्गत 520646 कार्ड धारक हैं। इस प्रकार अंत्योदय और पात्र गृहस्थी के अंतर्गत कुल 550736 राशन कार्डों के अंतर्गत 2248723 यूनिट सम्मिलित हैं। जिले में 1225 उचित दर की दुकानें हैं, जिनमें नगरीय क्षेत्र में 265 और ग्रामीण क्षेत्र में 960 उचित दर दुकानें संचालित हैं। इन सभी दुकानों पर ई-पॉस के माध्यम से कार्ड के अनुरूप अनुमन्य राशन वितरण सुनिश्चित कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक उचित दर दुकान की यह जिम्मेदारी है कि वह निश्चित मात्रा में प्रत्येक कार्ड धारक को खाद्यान्न उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता और लापरवाही की दशा में कठोर कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र और परिषदीय विद्यालयों में उपलब्ध कराए जा रहे खाद्यान्न की स्थिति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि खाद्यान्न आपूर्ति में किसी भी प्रकार का अवरोध नहीं होना चाहिए साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र एवं परिषदीय विद्यालयों में निर्धारित मानकों के अनुरूप बच्चों को भोजन की उपलब्धता के लिए भी विभागीय निर्देशों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। राशन कार्डों के सत्यापन की स्थिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही यूनिट जोड़े जाएं और नवीन राशन कार्ड जारी हों। मॉडल शॉप निर्माण की स्थिति के बारे में जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025-26 में 150 मॉडल उचित दर दुकानों के सापेक्ष 95 उचित दर दुकानों के लिए भूमि चिन्हांकन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिसमें से 81 उचित दर दुकानों के संबंध में कार्य योजना शासन को प्रेषित की जा चुकी है। ई-केवाईसी के संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में 91.22 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने शत प्रतिशत ई-केवाईसी कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था, जीरो पॉवर्टी एवं प्रवर्तन कार्य सहित अन्य विभागीय कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक समीक्षा की।

## पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने मूंढापांडे पहुंचे अन्नदाता किसान युनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुर्मित सिंह

**उत्तम भारत संवाददाता/मुंढापांडे ।** जनपद मुरादाबाद के थाना मूंढापांडे क्षेत्र के दलपतपुर अड्डे पर सोमवार को अन्नदाता भारतीय किसान युनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अपने कार्यकर्ता व पद अधिकारियों के साथ पहुंचे और मूंढापांडे की पुलिस को जमकर निशाना बनाया। उन्होंने मीडिया कर्मियों से बात करते हुए कहा कि, हमारे संगठन की महिला मोर्चा की जिलाधेक्ष मुजरेमीन व उनके पति कलुआ डीलर व उनकी नाबालिग बेटियों के साथ दबंग बिलाल और उसके भाई फहीम व कादिर ने मारपीट व गलत हरकतें कीं जिसके चलते पुलिस ने उल्टा



उन्हीं के परिवार पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया और एक तरफा कार्यवाही की पुलिस जमानत के बाद भी उन को टाऊचर कर रही है। जिसको अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीड़ित परिवार कोर्ट में भी न्याय की गुहार लगा चुका है और कोर्ट भी आरोपियों को गिरफ्तार करने के आदेश दे चुकी मगर थाने व चौकी करनपुर की पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है संगठन ने एक जुट होकर बताया कि, अगर आरोपी बिलाल व उसके परिवार पर कार्रवाई नहीं हुई तो हम धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर हो जाएंगें।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका , हंगामा

**उत्तम भारत संवाददाता/मूंढापांडे ।** मुंढापांडे थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई ,सूचना पर पहुंचे परिजनों ने सैकड़ों ग्रामीणों के साथ हत्या का आरोप लगाया, शव मिलने की सूचना ग्रामीणों ने क्षेत्रीय पुलिस को दी, सूचना मिलते ही क्षेत्र अधिकारी हाइवे राजेश कुमार, थाना प्रभारी मोहित चौधरी भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाकर शांत किया। जिसके बाद फॉरेंसिक टीम भी मौके पहुंची, मूंढापांडे क्षेत्र के गांव सकटूनगला निवासी जुम्मा पुत्र अहमद जान उम्र 22 वर्ष रविवार की शाम से लपाता था, परिजनों के अनुसार मृतक जुम्मा की दिमागी स्थिति ठीक नहीं थी, परिजनों द्वारा काफी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया, सोमवार की सुबह खेत पर गए किसानों ने देखा कि एक युवक मृत अवस्था में पड़ा है,इसके बाद



किसान ने क्षेत्रीय लोगों को इस बारे में जानकारी दी सूचना मिलते ही आसपास के सभी लोग मौके पर पहुंच गए, मदनापुर के ग्रामीणों ने मृतक युवक की पहचान जुम्मा अहमद जान निवासी सक्टूनगला के रूप में की, इसके बाद लोगों द्वारा मृतक जुम्मा के परिजनों को सूचना दी सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण गांव के पास में ही बने तालाब पर पहुंचे और जुम्मा को मृत अवस्था में देखकर परिजनों के होश उड़ गए, मृतक जुम्मा की मौत होने से परिजनों और गांव में मातम छा गया, मृतक जुम्मा के परिजनों ने बताया कि रविवार की शाम समय लगभग 6.30 से हमारा बेटा जुम्मा लापता था जिसकी आज सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई,जिसके बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया, मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक जुम्मा के शव कों कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष मोहित चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर अग्रमी कार्रवाई की जाएगी।

# महिला समेत चार टप्पेबाज को आरोपी किया गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** थाना सदर कोतवाली पुलिस ने दिल्ली निवासी एक महिला समेत चार टप्पेबाज आरोपितों को सोमवार को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों ने बीती 15 अक्टूबर को सदर कोतवाली क्षेत्र के कोठीवाल नगर निवासी महिला को झांसा देकर सोने की चूड़ी व अंगूठी ठग लेना बदले में नकली सोने की चूड़ी व रूपयों के गड्डी बताकर पत्थर का टुकड़ा कपड़े में बांधकर थमा दिया था। पुलिस अधीक्षक यातायात व अपराध सुभाष चंद्र गंगवार और कोतवाली सर्किल की क्षेत्राधिकारी सुनीता दहिया ने पुलिस लाइंस सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बीती 15 अक्टूबर को सदर कोतवाली क्षेत्र के कोठीवाल नगर निवासी अमनदीप सिंह पुत्र



कुलदीप सिंह ने दर्ज कराए केस में बताया था कि तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उनकी माता अमरजीत कौर को झांसा देकर सोने की चूड़ी व अंगूठी ठग लेना बदले में नकली सोने की चूठी व रूपयों के गड्डी बताकर पत्थर का टुकड़ा कपडे में बांधकर दे दिए थे एसपी ट्रैफिक व सीओ कोतवाली ने बताया कि थाना सदर कोतवाली पुलिस टीम ने मामले में पूर्वी दिल्ली के थाना राजौरी गार्डन के 830 ख्याला, रघुवीर नगर आरजी-128 टंकी वाली झुग्गी निवासी मोहन पुत्र शिवलाल निवासी, अमित रामलाल सौलंकी पुत्र रामलाल सोलंकी, राहुल पुत्र जीवा व मीनू पत्नी मोहन को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपितों के कब्जे से 1,50, 500६-रुपए व पीली धातु की दो अदद नकली अंगूठी व एक अदद पीली धातु की नकली चेन बरामद की गयी पूछताछ में सभी आरोपितों ने बताया कि चारों एक ही परिवार व रिश्तेदार हैं, अभियुक्त मोहन व उसकी पत्नी मीनू, उसका साला अमित व साली का लड़का राहुल घटना में साथ शामिल रहते हैं। अपने जीवन यापन करने के भोले-भाले लोगो के साथ ठगी करते है, इनके द्वारा पहले भी कई बार लोगों के साथ ठगी की जा चुकी है।

## समाचार

### पुलिस ने वांछित आरोपी को पकड़ा

**उत्तम भारत संवाददाता, भोजपुर।** सोमवार को उप निरीक्षक विपिन कुमार ने गांव लालूवाला मिलक निवासी पशु चोर रिजवान पुत्र मेहंदी हसन उर्फ भूरे को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने 21अक्टूवर को गांव सरदार नगर निवासी किसान भूरा के घर के आंगन में बंधी भैंस चोरी करने की बात कबूली है। पुलिस आरोपी का चिकित्सीय परीक्षण कराकर चालान कर दिया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया।



### 10 दिन पूर्व फरार हुई नाबालिक लड़की स्वेच्छा से पहुंची थाने

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** 10 दिन पूर्व फरार हुई नाबालिक लड़की स्वेच्छा से थाने पहुंच गई। पुलिस बालिका का मैडिकल परीक्षण कराने के उपरांत न्यायालय में उसके बयान दर्ज कराएगी। थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासी एक 16 वर्षीय नाबालिक बालिका के घर पर थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम चंगेरी राकेश का आना जाना ग्राम रसूलपुर में अपने रिश्तेदार के यहां लगा रहता था। जिसकी निगाह इस गांव के एक परिवार की नाबालिक बालिका पर थी। युवक ने नाबालिक बालिका के घर आना जाना शुरू कर दिया। और बालिका को बहला फुसलाकर अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। आरोप है कि 16 अक्टूबर को प्रातः 11.00 बजे बालिका अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। बालिका के पीड़ित पिता जानकारी मिलने पर आरोपी के घर पहुंचे, तब राकेश व उसके भाई सोनू ने बालिका के संबंध में बताने से मना करते हुए गाली गलौंज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी की दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी थी। सोमवार को बालिका अचानक कांठ थाने पहुंच गई। उसने महिला पुलिस को आप बीती समस्त घटना बताई। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह ने बताया कि बालिका का मैडिकल कराने के उपरांत न्यायालय में बयान दर्ज करा कर उसे परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### एक दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम 29 अक्टूबर को एमआईटी मुरादाबाद में

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी श्री भगवान दास ने बताया कि जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार जनपद स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन 29 अक्टूबर 2025 को एमआईटी मुरादाबाद में कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में सामूहिक लोकगीत, सामूहिक लोकनृत्य, कविता लेखन, कहानी, लेखन, पेन्टिंग एवं डिक्लेमेशन प्रतियोगिता एवं साइंस मेला के अन्तर्गत इनोवेशन प्रोजेक्टों को प्रदर्शित किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है।

### चार के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/ भोजपुर।** सोमवार को पुलिस ने गांव गजरौला सैद निवासी मुजफ़्फ़र पुत्र छोटे की तहरीर पर युनूस उसके दो बेटों इमरान व मोनिश और फईम के खिलाफ वादी, वादी की बुआ और बेटे मौहम्मद रफी के साथ गाली गलौज करने,लाठी डंडों से मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। झगड़े की वजह खानदानी विवाद बताया जा रहा है।

### बिजली विभाग की लापरवाही से किसान के गन्ने के खेत में लगी आग

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** तहसील बिलारी क्षेत्र के गांव मनकुला में बिजली विभाग की लापरवाही के कारण ढीले तारों के आपस में टकराए जानें के कारण गन्ने के खेत में आग लग गई जिसमें लगभग पांच बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गई । गांव में बस्ती के लोगों द्वारा एवं अग्निशमन विभाग के सहयोग से बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया वरना बहुत बड़ा नुकसान हो सकता था 40 बीघा खेत में लगभग 5 बीघा गन्ने की फसल का नुकसान बताया जाता है। जानकारी के अनुसार पैपटपुरा निवासी विपिन सिंह उर्फ पाण्डेय का गांव मनकुला तहसील बिलारी में करीब 40 बीघा का खेत है । खेत में गन्ने की फसल खड़ी है । विद्युत विभाग ने खेत के बीच पोल लगा रखा है। पोल से वीर सिंह,धीर सिंह और रिषीपाल के ट्यूबवैलों को तारों की नंगी लाइन लगा रखी है। लाईन के बहुत ही ढीले और नीचे हैं। गांव के लोगों ने बताया कि विद्युत विभाग के कर्मचारियों को सारी जानकारी होते हुए भी अनदेखी करते रहे। यदि ग्रामवासी और अग्निशमन विभाग के लोग नहीं पहुंचते तो बहुत बड़ा नुकसान गन्ने के आसपास खेतों में हो सकता था।

### थाने पहुंचे फरियादियों को पुलिस ने दी साइबर ठगी से बचाव की जानकारी

**उत्तम भारत संवाददाता/भगतपुर।** लगातार बढ़ रही साइबर ठगी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस लगातार ग्रामीणों को जागरूक करने में लगी है। सोमवार को थाने पहुंचे फरियादियों को भी पुलिस ने साइबर ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी दी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रभात सिरोही ने उपस्थित लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ा है। ठग फोन कॉल, मैसेज या सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से बैंक से जुड़ी गोपनीय जानकारी लेकर खाते से रुपए उड़ा लेते हैं। ठगी की घटनाओं को रोकने के लिए सभी को साइबर ठगी संबंधित जानकारी होनी बहुत जरूरी है, जैसे कि अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें अगर कोई आपसे अनजान नंबर से मैसेज या कॉल कर बैंक की जानकारी एटीएम कार्ड, पिन या ओटीपी की जानकारी मांगता है तो उसे बिल्कुल भी ना बताएं। ठगी हो जाने पर तुरंत 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराये और नजदीकी थाने पहुंचकर ठगी करने वाले नंबर की जानकारी दे। वरिष्ठ उपनिरीक्षक ने फरियादियों से अपील कि की आसपास के लोगों को भी साइबर ठगी से संबंधित जानकारी साझा करें और खुद भी साइबर ठगों से सतर्क रहें।

### क्षेत्रीय विधायक के पिता के निधन से क्षेत्र में शोक

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री के पिता का लंबी बीमारी के उपरांत इंतकाल हो गया। कांठ विधानसभा से सैकड़ों की संख्या में सपा नेता एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उनकी अंतिम शवयात्रा में पहुंचकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। क्षेत्रीय सपा विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर के पिता नसीरुद्दीन लगभग 91 वर्ष काफी समय से बीमार थे। जिनका दिल्ली हॉस्पिटल में उपचार चल रहा था। सोमवार को उनका लंबी बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल से क्षेत्र में शोक की लहर है। भारी संख्या में सपा नेता एवं गणमान्य व्यक्ति उनके आवास स्थान पर उझारी पहुंचे। मरहूम नसीरुद्दीन अनेक बार नगर पंचायत के अध्यक्ष रहे, एवं इससे पूर्व प्रधान आदि महत्वपूर्ण पदों पर रहकर समाज सेवा में लगे रहे। उनके जनाजे में हजारों की तादाद में पहुंचकर क्षेत्रीय लोगों ने अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए अपने इष्ट देव से जन्नत में आला मुकाम अता फरमाए जाने के लिए दुआ की।

P-12:28 paga09_jhn.qxd 10/27/2025 7:21 PM Page 1



# 'हिटमैन' के संन्यास को लेकर बचपन के कोच ने किया बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सिडनी में खेले गए भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे मैच में टीम इंडिया के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने अपने बल्ले से कमाल कर दिया। रोहित ने 125 गेंदों पर नाबाद 121 रन बनाए, जिसमें 13 चौके और 3 छक्के शामिल थे। यह उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का 50वां शतक भी साबित हुआ। रोहित शर्मा ने इस मैच में विराट कोहली के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए नाबाद 168 रनों की साझेदारी की। इस शानदार पार्टनरशिप के दम पर भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराकर मैच जीत लिया।

### रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन

38 साल की उम्र में 'हिटमैन' रोहित शर्मा पहले से ज्यादा फिट और रनों के भूखे नजर आए। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की पूरी कोशिश के बावजूद रोहित ने अपनी टाइमिंग और शॉट सेलेक्शन से विपक्षी गेंदबाजों को परेशानी में डाल दिया। रोहित ने इस सीरीज में कुल 202 रन बनाए, औसत 101 के साथ, जो किसी अन्य खिलाड़ी के लिए सबसे ज्यादा थी। इस प्रदर्शन के चलते उन्हें 'Player of the Series' चुना गया।

### रोहित शर्मा की रिटायरमेंट को लेकर बचपन के कोच ने तोड़ी चुप्पी

रोहित शर्मा के बचपन के कोच दिनेश लाड ने मैच के बाद बताया कि रोहित ने अपनी भविष्य की योजना पहले ही तय कर ली है। लाड ने कहा, 'आज रोहित की बल्लेबाजी और टीम को जीत दिलाने का अंदाज देखकर बहुत अच्छा लगा। उसने पहले ही तय कर लिया है कि वह 2027 का वनडे वर्ल्ड कप खेलेगा और उसके बाद रिटायरमेंट लेगा।' रोहित का सपना भारत के लिए वनडे वर्ल्ड कप जीतना है। वर्ल्ड कप 2011 में रोहित भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थे, जबकि वर्ल्ड कप 2023 में उनकी कप्तानी में भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल हार गया था।

### दिनेश लाड ने विराट की भी की तारीफ

विराट कोहली ने भी इस मैच में जबरदस्त बल्लेबाजी की। लगातार दो मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद कोहली ने इस मैच में नाबाद 74 रन बनाए। दिनेश लाड ने कहा, 'विराट किसी भी परिस्थिति में सफल हो सकते हैं। जिस तरह वह खेले, देखकर




बहुत अच्छा लगा।' लाड ने यह भी याद दिलाया कि सचिन तेंदुलकर ने भविष्यवाणी की थी कि रोहित शर्मा और विराट कोहली मास्टर ब्लास्टर के रिकॉर्ड्स को तोड़ेंगे। इस मैच और रोहित-कोहली के करियर को देखकर अब यह भविष्यवाणी सच होती नजर आ रही है।

# एशिया जूनियर बैडमिंटन में भारत का ऐतिहासिक प्रदर्शन, शायना और दीक्षा ने जीता गोल्ड



**चेंगदू (चीन) (एजेंसी)।** भारत ने बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप 2025 में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। रविवार को भारतीय खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स फाइनल में शायना मणिमुथु ने जापान की चिहारू तोमिता को 21-14, 22-20 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं अंडर-17 गर्ल्स सिंगल्स फाइनल में दीक्षा सुधाकर ने अपनी हमवतन लक्ष्या राजेश को 21-16, 21-9 से मात दी।

दीक्षा इस उपलब्धि के साथ जूनियर एशियन चैंपियनशिप के इतिहास में अंडर-17 खिताब जीतने वाली पहली भारतीय सिंगल्स खिलाड़ी बन गईं। इससे पहले 2013 में भारत ने दो गोल्ड जीते थे – जब सिरिल वर्मा ने अंडर-15 बॉयज़ सिंगल्स और चिराग शेट्टी-एमआर अर्जुन की जोड़ी ने अंडर-17 बॉयज़ डबल्स में जीत दर्ज की थी।

शायना ने जहां मैच की शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा, वहीं दीक्षा ने 27 मिनट में ऑल-इंडियन फाइनल अपने नाम किया। इससे पहले शनिवार को जगशेर सिंह खंगुरा ने बॉयज़ सिंगल्स में और जंगजीत सिंह काजला-जनानिका रमेश की जोड़ी ने मिक्स्ड डबल्स में कांस्य पदक हासिल किए।

### भारत के पदक विजेता

दीक्षा सुधाकर -अंडर17 गर्ल्स सिंगल्स गोल्ड

शायना मणिमुथु -अंडर15 गर्ल्स सिंगल्स गोल्ड

लक्ष्या राजेश -अंडर17 गर्ल्स सिंगल्स सिल्वर

जगशेर सिंह खंगुरा -अंडर17 बॉयज़ सिंगल्स ब्रॉन्ज

जंगजीत सिंह काजला और जनानिका रमेश -अंडर17 मिक्स्ड डबल्स ब्रॉन्ज।

# शुभमन गिल ने दिया बड़ा संकेत, इस बॉलिंग ऑलराउंडर की 2027 वर्ल्ड कप में होगी जरूरत




**सिडनी (एजेंसी)।** सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की 9 विकेट से शानदार जीत के बाद कप्तान शुभमन गिल ने गेंदबाज हर्षित राणा की जमकर तारीफ की। गिल ने इशारों में संकेत दिया कि आने वाले 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत को राणा जैसे बॉलिंग ऑलराउंडर की जरूरत होगी।

गिल ने कहा कि अगर हर्षित लगातार 20-25 रन का योगदान बल्ले से भी दे सकते हैं, तो वह टीम के लिए नंबर 8 स्थान पर बेहतरीन विकल्प साबित हो सकते हैं।

गिल ने मैच के बाद कहा, 'हमें भरोसा है कि हर्षित ये कर सकते हैं, और यह पोज़िशन टीम के लिए बहुत अहम है।'

हर्षित राणा ने तीसरे वनडे में 4 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ों की कमर तोड़ दी थी। वहीं दूसरी ओर, गिल ने माना कि दक्षिण अफ्रीका जैसी तेज पिचों पर ऊंचे और 140+ की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले तेज गेंदबाजों की अहमियत और बढ़ जाती है। 'ऐसे तेज गेंदबाज बहुत कम हैं जो ऊंचे भी हैं और लगातार स्पीड से गेंदबाजी कर सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका की पिचों पर ऐसे गेंदबाज बेहद जरूरी हैं,' गिल ने कहा।

भारत की जीत में हर्षित के अलावा स्पिनरों की भूमिका की भी गिल ने सराहना की, जिन्होंने शुरुआती ओवरों में दबाव बनाया, जिसका फायदा राणा ने उठाया। रोहित शर्मा (121*) और विराट कोहली (74) ने शानदार बल्लेबाजी कर लक्ष्य को आसानी से हासिल किया।

# हां मैंने आलोचना की थी, लेकिन हार्षित राणा का प्रदर्शन शानदार रहा: क्रिस श्रीकांत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज हार्षित राणा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे ODI में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने आलोचकों को चुप करा दिया। 23 साल के राणा ने अपनी ODI करियर की बेस्ट 4/39 गेंदबाज़ी के साथ भारत को 9 विकेट की जीत दिलाई और पूर्व चयनकर्ता व 1983 विश्व कप विजेता सदस्य क्रिस श्रीकांत भी फैन बन गए।


कुछ हफ्ते पहले श्रीकांत ने राणा को गौतम गंभीर का 'Yes Man' कहकर आलोचना की थी। हालांकि अब उन्होंने कहा: 'हार्षित राणा ने शानदार गेंदबाज़ी की। चार विकेट लेना एक बड़ी उपलब्धि है। मेरा पसंदीदा विकेट ओवेन का था। उसने बेहतरीन लाइन और लेंथ में गेंदबाज़ी की। पिछले मैच में उसे मार गिराया गया था,



लेकिन इस मैच में उसने डैथ ओवर में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। आज हार्षित को सारी तारीफ मिलनी चाहिए।' राणा ने एडेलेड में भी 18 गेंद में नाबाद 24 रन बनाकर अपनी बल्लेबाज़ी क्षमता दिखाई थी। कप्तान शुभमन गिल ने भी उनकी तारीफ की और कहा कि राणा 2027 ODI वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका की बाउंसी पिचों पर तीसरे तेज़ गेंदबाज़ और No.8 पर बल्लेबाज़ के रूप में टीम के लिए अहम साबित हो सकते हैं। पूर्व कप्तान और वर्तमान कोच गौतम गंभीर ने भी राणा के बचपन के आलोचकों को लताड़ लगाई और कहा कि किसी 23 वर्षीय खिलाड़ी पर व्यक्तिगत हमला करना गलत है। 'उसका प्रदर्शन ही मापदंड होना चाहिए। किसी को सोशल मीडिया पर निशाना बनाना उसके मनोबल पर असर डालता है। राणा ने अपनी मेहनत और काबिलियत से टीम में जगह बनाई है और आगे भी बनाए रखेगा।' गौर है कि तीसरे वनडे में भारत की ओर से रोहित शर्मा (121) और विराट कोहली (74) की बेहतरीन पारियों की बदौलत टीम ने 237 रन का लक्ष्य 69 गेंदें शेष रहते हासिल कर लिया।

# मेसी का भारत दौरा टला

कोच्चि ।अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी का अगले माह होने वाला भारत दौरा टल गया है।दौरे के प्रायोजक ने कहा कि कुछ कारणों से ये दौरा टाल दिया गया है।वहीं इससे पहले इस प्रस्तावित फुटबॉल मैच के प्रायोजक एंटो ऑगस्टीन ने केरल के खेल विभाग के साथ मिलकर घोषणा की थी कि मेसी के नेतृत्व वाली अर्जेंटीना की टीम 17 नवंबर को कोच्चि में एक मैत्री मैच खेलेगी।वहीं ऑगस्टीन ने अब सोशल मीडिया में घोषणा की कि यह मैच अगले महीने नहीं होगा।साथ ही कहा कि दौरे की नई तारीखों की जानकारी बाद में दी जाएगी। गौरतलब है कि विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था ( फीफा) की अनुमति मिलने में देरी के कारण ही अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) के साथ बातचीत के बाद इस मैच को नवंबर की विंडो से स्थगित किये जाने का फैसला किया गया। उन्होंने कहा कि केरल में यह मैच अगले अंतरराष्ट्रीय सत्र के दौरान आयोजित किया जाएगा और नई तारीख की घोषणा शीघ्र होगी।इससे पहले एएफए के प्रतिनिधियों ने सुविधाओं का जायजा लेने के लिए कोच्चि स्थित जवाहरलाल नेहरू अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का दौरा किया थ।वहीं केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहमान के कार्यालय के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें मैच स्थगित किए जाने के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है।एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में संबंधित अधिकारियों से बात की जाएगी और उसके बाद ही कार्यक्रम में बदलाव की घोषणा होगी।




# रोहित एकदिवसीय में 100 कैच लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों के क्लब में शामिल



सिडनी ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गये तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में शतकीय पारी खेलने के साथ ही एकदिवसीय में 100 कैच लेने का भी रिकार्ड बनाया है।रोहित ने तीसरे एकदिवसीय में दो कैच पकड़कर अपने 100 कैच पूरे किये।रोहित ने नाथन एलिस का कैच लेकर अपने करियर का 100वां कैच लपका।इसी के साथ ही एकदिवसीय क्रिकेट में 100 कैच लेने वाले वह सातवें भारतीय खिलाड़ी बन गए।रोहित ने ये उपलब्धि अपने 276वें मैच में हासिल की। रोहित से पहले विराट कोहली ने 305 मैच में 164 कैच, मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 334 मैच में 156 कैच, सचिन तेंदुलकर ने 456 मैच में 140 कैच, राहुल द्रविड़ ने 344 मैच में 124 कैच, सुरेश रैना ने 226 मैच में 102 कैच, और सौरव गांगुली ने 311 मैच में 100 कैच लिए थे।रोहित ने तीसरे एकदिवसीयम में अपनी अपनी 121 रनों की पारी में 3 छक्के और 13 चौके लगाये थे।इस प्रकार रोहित ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में तीनों प्रारुपों को मिलाकर 50 शतक लगाया।वह ये उपलब्धि हासिल करने वाले भारत के तीसरे और अब तक के 10वें बल्लेबाज हैं।रोहित की शतकीय पारी की सहायता से भारतीय टीम ने 237 के लक्ष्य को 38.3 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर हासिल करते हुए अपनी टीम को जीत दिलायी थी।

# हर्षित को गंभीर ने दी थी चेतावनी, प्रदर्शन करो या बहार होने के लिए तैयार रहो



सिडनी। भारतीय टीम के युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम में शामिल किये जाने के बाद से ही निशाने पर थे।पहले दो मैच में खराब गेंदबाजों के बाद उनके आलोचक और मुखर हो गये थे और उनका कहना था कि हर्षित अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाज नहीं है पर अंतिम एकदिवसीय में इस युवा ने चार विकेट लेकर अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया है।हर्षित ने 8.4 ओवर में 39 रन देकर चार विकेट लिए।इस युवा ने गेंदबाजी के साथ ही अच्छी बल्लेबाजी भी की। दूसरे एकदिवसीय में भी उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की थी।इसके बाद भी कई लोगों का मानना है कि उन्हें एकदिवसीय टीम में जगह नहीं मिलनी चाहिए।वहीं ये भी कहा जा रहा है कि हर्षित के अच्छे प्रदर्शन के पीछे कोच गौतम गंभीर की उन्हें दी गयह चेतावनी थी।गंभीर ने उनसे प्रदर्शन करने या बाहर बैठने के लिए तैयार रहने को कहा था।

हर्षित के बचपन के कोच श्रवण कुमार ने बताया कि उसके एकदिवसीय टीम में चयन पर सवाल उठाए गए थे।सिडनी मैच में हर्षित को अर्शदीप सिंह के ऊपर चुना गया, जिससे कई लोग हैरान रह गए।इसी दौरान गंभीर ने उसने प्रदर्शन करने या बाहर होने के लिए तैयार रहने कहा था।

श्रवण ने कहा, फ़उसने मुझे फोन किया और बताया कि वह अपने प्रदर्शन से बाहरी लोगों की बातों और आलोचनाओं को शांत करना चाहता है।तब मैंने बस कहा, 'खुद पर विश्वास रखो.' मुझे पता है कि कुछ क्रिकेटर कहते हैं कि वह गंभीर के करीब है इसलिए टीम में है पर ये सही नहीं है .लेकिन गंभीर को प्रतिभा की पहचान करना आता है।इसलिए. वह उनका समर्थन करते हैं उन्होंने पहले भी कई क्रिकेटरों का समर्थन किया है

# बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटरों से हुई छेड़छाड़ के मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की

### –पुलिस ने जांच तेज की

**इंदौर (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटरों से हुई छेड़छाड़ के मामले की कड़ी आलोचना की है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि इस घटना की जितनी निंदा की जाये वह कम है। वहीं इस घटना पर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड (सीए) ने भी चिंता जताई और भारतीय अधिकारियों से खिलाड़ियों की सुरक्षा पक्की करने की मांग की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच तेज कर दी है। वह इस मामले में गिरफ्तार आरोपी अकील खान से पूछताछ कर रही है। यह घटना उस समय हुई, जब खिलाड़ी होटल से निकलकर एक कैफे जा रही थीं।




इस घटना से ऑस्ट्रेलियाई टीम की सुरक्षा में लापरवाही की पोल जरुर खुल गयी है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि अब सुरक्षा बढ़ा दी गयी है और आगे किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। पुलिस ने इस घटना के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच तेज कर दी है। फुटेज में साफ तौर पर दिख रहा है कि कैसे आरोपी ने खिलाड़ियों के साथ बदसलूकी की। पुलिस ने हालांकि इस मामले में आरोपी को तत्कल पकड़ लिया था।

यह इलाका व्यस्त रहता है, फिर भी अपराधी ने जिस प्रकार घटना को अंजाम दिया उससे साफ है कि अपराधियों के हौंसले कितने बुलंद हैं। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने बताया कि सर्विस रोड पर अक्सर भीड़ रहती है पर सुरक्षा के लिए कोई विशेष इंतजाम नहीं किए गए थे। अतिरिक्त सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयानों के आधार पर मामले की तह तक जाने की कोशिश की जा रही है। इस बीच, स्थानीय प्रशासन ने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की बात कही है, जिसमें अतिरिक्त पुलिस गश्त और सीसीटीवी निगरानी बढ़ाना शामिल है। यह घटना से केवल सुरक्षा व्यवस्था ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के दौरान विदेशी मेहमानों की सुरक्षा को लेकर भारत की छवि को भी झटका लगा है।

# क्लच शतरंज चैंपियंस में गुकेश के सामने बड़ी चुनौती



सेंट लुई।विश्व चैंपियन डी. गुकेश को 412,000 डॉलर इनामी क्लच शतरंज चैंपियंस में अब तक की सबसे कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।यूरोपियन क्लब कप में अपनी टीम सुपर चेस को जीत दिलाने के बाद अमेरिका पहुंचे गुकेश को खिताब जीतने के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ खेल तकनीक दिखानी होगी।इस प्रतियोगिता में विश्व रैंकिंग के टॉप तीन खिलाड़ियों – मैग्नस कार्लसन, हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारूआना – का भी जोरदार मुकाबला होगा।हाल ही में पिता बने कार्लसन ने अपना ब्रेक खत्म किया है और वह खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं।क्लच शतरंज का यह टूर्नामेंट 18 गेम तक चलेगा और एक पखवाड़े में संपन्न होगा।विजेता को 120,000 अमेरिकी डॉलर, दूसरे स्थान पर 90,000 अमेरिकी डॉलर, तीसरे और चौथे स्थान पर क्रमश: 70,000 और 60,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे।इसके अलावा, प्रत्येक राउंड में जीत पर अतिरिक्त 72,000 डॉलर की राशि भी पुरस्कार के रूप में मिलेगी।

# टीम प्रबंधन को उम्मीद प्रतीका सेमीफ़ाइनल में भी करेगी अच्छा प्रदर्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वर्ल्ड कप 2025 में अब भारत की असली परीक्षा शुरू होने जा रही है। सेमीफ़ाइनल में टीम इंडिया का सामना होगा उस ऑस्ट्रेलियाई टीम से, जिसने वर्षों से महिला विश्व क्रिकेट पर अपना दबदबा बनाए रखा है। ग्रुप मैच में जब दोनों टीमों का आमना-सामना हुआ था, तब स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल ने शानदार शुरुआत दी थी, लेकिन टीम उस लय को अंत तक कायम नहीं रख सकी थी। इस बार दांव पहले से कहीं अधिक बड़ा है, क्योंकि जीत भारत को फाइनल में पहुंचा सकती है और हार से पूरा अभियान थम सकता है।

भारतीय बल्लेबाज़ स्मृति मंधाना इस वर्ल्ड कप की सबसे निरंतर और प्रभावशाली खिलाड़ी रही हैं। उनके साथ प्रतीका रावल का प्रदर्शन भी अब पूरे टूर्नामेंट की चर्चा का विषय बन गया है। न्यूज़ीलैंड के खिलाफ शतक लगाकर उन्होंने यह साबित कर दिया कि दबाव के क्षणों में वह टीम की रीढ़ बन सकती हैं। अब सभी निगाहें उन पर होंगी, क्योंकि यही वह मैच है जो खिलाड़ियों को नायक से दंतकथा में बदल देता है और महिला क्रिकेट के इतिहास में नए अध्याय लिखता है।

टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि प्रतीका एक बार फिर अपनी दमदार पारी से विपक्ष को चौंकाएंगी। नॉकआउट मैचों में परिस्थितियाँ पलभर में बदल सकती हैं जैसा कि 2017 के डर्बी सेमीफ़ाइनल में हरमनप्रीत कौर ने अपने ऐतिहासिक शतक से दिखाया था। अगर इस बार स्मृति और प्रतीका मिलकर वही करिश्मा दोहराती हैं, तो भारत न सिर्फ फाइनल में जगह बना सकता है बल्कि ऑस्ट्रेलिया के लंबे समय से चले आ रहे वर्चस्व को भी तोड़ सकता है।

इस मैच में भारत को धैर्य, संयम और आत्मविश्वास से खेलना होगा। टीम को खुद पर उतना ही विश्वास रखना होगा जितना प्रतीका ने मुश्किल वक्त में अपने खेल पर रखा था। अगर




इस बार भी उन्होंने बल्ले से वही जवाब दिया जो न्यूज़ीलैंड के खिलाफ़ दिया था, तो ऑस्ट्रेलिया को भारत के सामने झुकना पड़ सकता है और प्रतीका रावल का नाम भारतीय क्रिकेट इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो जाएगा।

# शास्त्री ने एकदिवसीय क्रिकेट के पांच भारतीय दिग्गजों की सूची में विराट को शीर्ष पर रखा

मुम्बई।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट के पांच दिग्गज क्रिकेटरों का चयन किया है।हैरानी की बात ये है कि शास्त्री ने इसमें विराट कोहली का नाम सचिन तेंदुलकर से पहले लिया है। शास्त्री का कहना है कि विराट ने एकदिवसीय में सचिन के कई रिकॉर्ड तोड़े हैं, इसी लिए उन्हें पहले रखा है।साथ ही कहा कि विराट इस प्रारुप में दुनिया में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं, हालांकि वह अब भी एकदिवसीय में सचिन तेंदुलकर के सबसे ज्यादा रनों के रिकॉर्ड से काफी पीछे हैं। शास्त्री ने इस सूची में पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी, रोहित शर्मा और कपिल देव को भी रखा है।वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इस सूची में शामिल नहीं किये जाने को लेकर कहा कि अभी उनके पास खेलने के लिए समय है। उन्होंने इस सूची में पूर्व खिलाड़ियों के साथ ही उन खिलाड़ियों को शामिल किया है जो करियर के अंत की ओर हैं।शास्त्री ने विराट को शीर्ष पर रखने क लि एक दशक से भी ज़्यादा समय से उनके शानदार प्रदर्शन और मैच विजेता होने का कारण बताया है। शास्त्री ने तीन विश्व कप विजेता खिलाड़ियों – धोनी, तेंदुलकर और कपिल को भी अपनी इस सूची में रखा है। शास्त्री ने कहा, मैं कोहली, तेंदुलकर, कपिल, धोनी और रोहित को चुनूंगा।साथ ही कहा कि अगर आप क्रिकेट इतिहास को देखें तो कई और अच्छे खिलाड़ी रहे हैं पर मेरे लिए ये खिलाड़ी सबसे अलग रहे हैं।इसलिए उन्हें जगह दी है।इस सूची में केवल दो ही सक्रिय खिलाड़ी विराट और रोहित है हालांकि ये भी अपने अंतिम दौर में हैं1



# रोहित और कोहली होंगे 2027 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के बड़े हथियार: भारतीय पूर्व चयनकर्ता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने दिग्गज बल्लेबाज़ रोहित शर्मा और विराट कोहली की टीम इंडिया के लिए 2027 वनडे वर्ल्ड कप में अहम भूमिका निभाने की पुष्टि की है। प्रसाद ने कहा कि यह अनुभवी जोड़ी टीम के लिए बड़े संपत्ति साबित होगी।

तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, रोहित और विराट ने शानदार बल्लेबाज़ी का प्रदर्शन किया और भारत को 9 विकेट से जीत दिलाकर सीरीज में वाइटवॉश से बचाया। रोहित ने 121* रन बनाकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और ODI में अपना 33वां शतक जड़ा। विराट कोहली ने पिछली दो पारियों में लगातार डक के बाद वापसी करते हुए 74 रन* बनाए और कुमार संगकारा को पीछे छोड़ते हुए पुरुषों के ODI में दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए।

प्रसाद ने कहा, 'मैं बेहद खुश हूं। पिछले दो मैचों में उनके प्रदर्शन का इंतजार था। यह वर्ल्ड कप की तैयारी में बहुत अहम है। विराट और रोहित जैसे खिलाड़ी टीम के लिए बड़े संसाधन हैं।'

उन्होंने कहा कि दोनों बल्लेबाज़ों के पिछले रिकॉर्ड और फिटनेस को देखते हुए उन्हें केवल वर्तमान फॉर्म से आंका नहीं जा सकता। प्रसाद ने यह भी सराहा कि रोहित, विराट और रवींद्र जडेजा ने सही समय पर अगली पीढ़ी को जिम्मेदारी संभालने का मौका दिया।

'टीम में इतनी प्रतिभा है कि श्रेस्अयर इयेर जैसी खिलाड़ी भी टी20 टीम में जगह नहीं पा रहे हैं। यह दर्शाता है कि टीम के पास बहुत गहराई है और युवा खिलाड़ी अब मजबूती से अपनी पहचान बना रहे हैं।'

प्रसाद ने टी20 फॉर्मेट में टीम की मजबूती और प्रतिभा के पूल की भी तारीफ की, यह बताते हुए कि भारत के पास आने वाले समय के लिए मजबूत टीम है।

